3 | राजधानी
सीएम ने संभाली निगम उपचुनाव की कमान

6 | अभिमत
भारत-चीन सीमा पर मौजूदा स्थिति

11 | विदेश
पाकिस्तान में रही है अफगान तालिबान की पनाहगाह

12 | विविध
रोजगार परकता में लैंगिक अंतर सुधरा

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 110
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 25 फरवरी, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

पटेल के स्पिन जाल में फंसा इंग्लैंड
स्पोर्ट्स-10

60 पार के लोगों को 1 मार्च से लगेगा टीका

कोविड टीकाकरण

- अन्य बीमारियों से ग्रस्त 45 साल से अधिक उम्र के लोगों को भी दी जाएगी खुराक
- 10 हजार सरकारी चिकित्सा केंद्रों पर मुफ्त व 20 हजार निजी अस्पतालों में शुल्क देकर लगवा सकते हैं वैक्सीन

मुंबई में फ्रंट लाइन वर्कर को कोरोना का टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देशभर में 60 साल से ऊपर के लोगों को एक मार्च से कोविड टीका लगना शुरू हो जाएगा। इसी के साथ 45 साल से अधिक उम्र के उन लोगों को भी वैक्सीन दी जाएगी, जिन्हें कई बीमारियों ने घेर रखा है।

इस टीकाकरण अभियान में सरकार निजी अस्पतालों की मदद भी लेगी। पूरे देश में 10,000 सरकारी अस्पतालों में मुफ्त टीका लगाया जाएगा, जबकि 20,000 से अधिक निजी अस्पतालों में निर्धारित षुल्क देकर लोग कोविड वैक्सीन लगवा सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि टीके की कीमत अगले तीन-चार दिनों के भीतर तय कर दी जाएगी। इस विषय पर वैक्सीन निर्माताओं और अस्पतालों के साथ चर्चा चल रही है। सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया है। जावड़ेकर ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान का दूसरा चरण आगामी सोमवार से शुरू होगा। इसमें 60 साल से ऊपर का कोई भी व्यक्ति वैक्सीन लगवा सकता है। यह संख्या देश में 10 करोड़ से कम नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि 45 साल से अधिक उम्र के रुग्णता वाले लोग भी इस चरण के टीकाकरण में कवर किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री जावड़ेकर ने कहा कि जो कोई भी व्यक्ति सरकारी केंद्र में जाएगा, उसे टीका मुफ्त लगाया जाएगा। भारत सरकार उसके लिए भुगतान करेगी। सरकार आवश्यक खुराक खरीदेगी और सभी राज्यों को भेज देगी। उन्होंने कहा कि जो लोग निजी अस्पतालों से टीका लगवाना चाहते हैं, उन्हें इसके लिए भुगतान करना होगा, लेकिन टीके की कीमत स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा अगले तीन-चार दिनों के भीतर तय कर ली जाएगी, क्योंकि मंत्रालय दवा निर्माताओं और निजी अस्पतालों के साथ इस संबंध में बातचीत कर रहा है। यह पूछे जाने पर कि क्या लोगों के पास यह विकल्प होगा कि कौन सी वैक्सीन लें- कोविशील्ड या कोवैक्सीन, इस बारे में जावड़ेकर ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि भारत के पास दो वैक्सीन हैं और दोनों ही (शेष पेज 9)

मामले बढ़ने से चिंतित केंद्र ने कई राज्यों में भेजी टीम

- दल केस बढ़ने के कारणों का पता लगाएगा और प्रशासन से मिलकर करेगा काम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केन्द्र ने महाराष्ट्र, केरल, गुजरात, पंजाब, कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर स्थिति से निपटने में मदद के लिए अपने उच्च स्तरीय दल भेजे हैं।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि तीन सदस्यीय बहु-विशेषज्ञता वाले दलों का नेतृत्व स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी कर रहे हैं। मंत्रालय ने कहा, 'ये दल राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों में हाल ही में बढ़े कोविड-19 के मामलों के कारण का पता लगाने के लिए प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे। उसने कहा कि ये कोरोना वायरस संक्रमण फैलने की श्रृंखला को तोड़ने के लिए कदम उठाने के वास्ते राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे।' केन्द्र के दलों को महाराष्ट्र, केरल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब, कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर भेजा गया है। मंत्रालय ने कहा कि राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों को जिले के अधिकारियों के साथ मिलकर उभरती स्थिति की नियमित समीक्षा करने की सलाह दी गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोविड-19 प्रबंध के जरिए अब तक हासिल हुई प्रगति को कोई खतरा ना हो।

केन्द्र ने महाराष्ट्र, केरल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और जम्मू-कश्मीर को पत्र लिखा है, जहां कोविड-19 के मामले बढ़ रहे हैं और आरटी-पीसीआर जांच के अनुपात में कमी आई है। पत्र में, केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव ने महाराष्ट्र, केरल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और जम्मू-कश्मीर को संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने के लिए कड़े उपायों उठाने पर ध्यान देने और आरटी-पीसीआर परीक्षण बढ़ाकर संक्रमित लोगों की पहचान करने को कहा है।

अगर किसान केंद्र की पेशकश पर विचार करें तो सरकार बातचीत को तैयार: तोमर

प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि योजना की दूसरी वर्षगांठ पर नई दिल्ली आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और राज्यमंत्री कैलाश चौधरी (बाएं)

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बुधवार को कहा कि अगर किसान कृषि कानूनों को डेढ़ साल तक स्थगित रखने और इस दौरान संयुक्त समिति के माध्यम से मतभेद सुलझाने की केन्द्र की पेशकश पर विचार करने को तैयार हों तो सरकार आंदोलनरत किसानों के साथ बातचीत को तैयार है।

सरकार और किसानों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठनों के बीच अभी तक 11 दौर की बातचीत हो चुकी है और अंतिम बातचीत 22 जनवरी को हुई थी। 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के दिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में किसानों की ट्रैक्टर परेड में (शेष पेज 9)

राजनाथ करें बात तो हो सकता है फैसला: टिकैत

पायनियर समाचार सेवा। बाराबंकी

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कहा कि सरकार अगर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों से बातचीत करने की आजादी दे तो सम्मानजक फैसला हो जाएगा। टिकैत ने हैदरगढ़ रोड स्थित हरख ब्लॉक चौराहे पर किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सरकार ने पिंजरे का (शेष पेज 9)

कार पर पलटा टैंकर, बच्चों समेत सात लोगों की मौत

- जान गंवाने वाले सभी हरियाणा के थे निवासी

यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा

टैंकर पलटने से बुरीतरह से क्षतिग्रस्त कार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आगरा-दिल्ली यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार की देर रात एक दर्दनाक हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। हादसा मथुरा-अलीगढ़ बॉर्डर पर स्थित थाना नौहझील क्षेत्र के माइल स्टोन 68 के पास हुई।

बीती रात एक तेज रफ्तार टैंकर अनियंत्रित होकर इनोवा कार पर पलट गया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस, एक्सप्रेसवे कर्मी और बचाव दल मौके पर पहुंच गया। दुर्घटना में मरने वाले लोग जींद, हरियाणा के रहने वाले थे। दरअसल बीती रात डीजल भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ता हुआ दूसरी तरफ खड़ी इनोवा कार के ऊपर पलट गया। इनोवा में सवार लोग नोएडा की तरफ जा रहे थे। कार सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार के परखचे उड़ गए। हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी नवनीत चहल और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर मौके पर पहुंच गए। टैंकर के दबाव से कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त मनोज 45 वर्ष, बबिता 40 वर्ष, अभय 18 वर्ष, हेमंत 16वर्ष, अनु 11 वर्ष, हिमाद्री और चालक राकेश 39 वर्ष के रूप में की है। सभी लोग हरियाणा के जींद जिले के सफीदों के रहने वाले थे।

निजीकरण को प्रतिबद्ध है केंद्र: मोदी

- प्रधानमंत्री ने कहा, व्यवसाय करना सरकार का काम नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गैर-रणनीतिक सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण का जोरदार तरीके से समर्थन करते हुए बुधवार को कहा कि व्यवसाय करना सरकार का काम नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार रणनीतिक क्षेत्रों में कुछ सार्वजनिक उपक्रमों को छोड़कर बाकी क्षेत्रों में सरकारी इकाइयों का निजीकरण करने को प्रतिबद्ध है।

मोदी ने कहा कि घाटे वाले उपक्रमों को करदाताओं के पैसे के जरिए चलाने से संसाधन बेकार होते हैं। इन संसाधनों का इस्तेमाल जन कल्याण योजनाओं पर किया जा सकता है। मोदी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों पर आयोजित वेबिनार में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों की कम इस्तेमाल या बिना इस्तेमाल वाली संपत्तियों का मौद्रिकरण किया जाएगा। इनमें तेल एवं गैस और बिजली क्षेत्र की संपत्तियां हैं। इनके मौद्रिकरण से 2.5 लाख करोड़ रुपए के निवेश के अवसर पैदा होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, उपक्रमों और कंपनियों को समर्थन देना सरकार का कर्तव्य है। लेकिन यह जरूरी नहीं है कि सरकार इन कंपनियों का स्वामित्व रखे और इन्हें चलाए। मोदी ने कहा कि निजी क्षेत्र अपने साथ निवेश, वैश्विक सर्वश्रेष्ठ व्यवहार, बेहतरीन प्रबंधक, प्रबंधन में बदलाव और आधुनिकीकरण लाता है।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उपक्रमों की हिस्सेदारी बिक्री से जो पैसा आएगा उसका इस्तेमाल जन कल्याण योजनाओं मसलन जल और साफ-सफाई, शिक्षा और स्वास्थ्य पर किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार चार रणनीतिक क्षेत्रों ...परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष एवं रक्षा, परिवहन एवं दूरसंचारअ बिजली, (शेष पेज 9)

ममता बनर्जी का मोदी पर तीखा हमला

- दो दिन पहले प्रधानमंत्री ने जहां किया था रैली को संबोधित, वहीं से भाजपा पर बरसीं मुख्यमंत्री

सौगर सेनगुप्ता। हुगली

विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में तीखापन बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हुगली में असली पोरिबर्तन का नारा देने के 48 घंटे बाद ही पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तगड़ा हमला बोला है। ममता ने बुधवार को एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी को दंगाबाज, दैत्य और दानब तक कह डाला। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि वह पश्चिम बंगाल चुनाव में उन्हें हराकर दिखाएं।

सीबीआई अधिकारियों द्वारा अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा नरूला बनर्जी से पूछताछ किए जाने के एक दिन बाद ममता बनर्जी के बोल कड़वे हो गए। अभिषेक ममता के भतीजे हैं। करोड़ों रुपये के कोयला घोटाले की जांच कर रही सीबीआई ने रुजिरा से थाईलैंड में उनके बैंक लेनदेन को लेकर सवाल-जवाब किए। सीबीआई को लेकर प्रधानमंत्री पर हमला बोलते हुए ममता ने कहा कि पहले वे विपक्षी नेताओं को धमकी देते थे, लेकिन अब वे हमारे घरों में घुस रहे हैं और युवा बहुओं को भी नहीं बख्श रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मेरे घर की एक बहू को परेशान करने के लिए सीबीआई को भेजा।

वे हमें कोयला चोर कह रहे हैं, लेकिन वह पूछती हैं कि चोर कौन हैं। ये लोग दुर्गापुर में कोयला माफिया द्वारा निर्मित होटलों में ठहरते हैं, उनके नेता उन रुइया के घर में रुकते हैं जिन्होंने डनलप कंपनी को बर्बाद कर दिया है। वे बीएसएनएल, रेल, एलआईसी, सेल, बैंक आदि को बेच रहे हैं और हमें कोयला चोर कहते हैं। क्या बंगाल की बहुएं कोयला चोर हैं? ममता ने कहा कि वह गोलकीपर की भूमिका निभाएंगी और देखते हैं कि वे कितने गोल कर पाते हैं। निजी हमले की शुरुआत करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि वे बड़े तोलाबाज हैं। वास्तव (शेष पेज 9)

टीएमसी में शामिल हुए क्रिकेटर मनोज तिवारी

कोलकाता। क्रिकेटर मनोज तिवारी बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मौजूदगी में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए। 12 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच तथा तीन टी20 खेल चुके तिवारी के साथ कई बंगाली फिल्मी हस्तियां भी हुगली में आयोजित रैली के दौरान पार्टी से जुड़ीं।

करीब एक माह पहले उनकी टीम के पूर्व साथी लक्ष्मी रतन शुक्ला ने निजी कारणों का हवाला देते हुए पार्टी और राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। तिवारी ने ट्वीट किया कि आज से एक नई यात्रा शुरू हो रही है। आपके स्नेह और समर्थन (शेष पेज 9)

बाजार

सेंसेक्स	50,781	1030	
निफ्टी	14,982	274	
सोना	46,307	148	/10g
चांदी	68,676	886	/kg

क्विक न्यूज

सिविल सेवा परीक्षा में अतिरिक्त अवसर देने की याचिका खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कोरोना वायरस महामारी के बीच 2020 में संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में अपना आखिरी मौका गंवा चुके अभ्यर्थियों को एक और अतिरिक्त अवसर देने का अनुरोध करने वाली याचिका बुधवार को खारिज कर दी। शीर्ष न्यायालय के इस फैसले से यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा के 10,000 से अधिक अभ्यर्थियों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर, न्यायमूर्ति इंदू मल्होत्रा और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की पीठ ने सिविल सेवा परीक्षा के अभ्यर्थियों द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी। पीठ ने स्पष्ट किया कि उसका यह फैसला केंद्र सरकार को न्यायालय के समक्ष उल्लेख की गई समस्याओं से भविष्य में निपटने में अपने विवेकाधिकार का इस्तेमाल करने से नहीं रोकता है।

दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 8वीं तक परीक्षा नहीं

- प्रोजेक्ट और असाइमेंट के आधार पर होगा परिणाम घोषित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने आठवीं कक्षा तक के छात्रों के आकलन के लिए बुधवार को सभी सरकारी स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी कर सामान्य परीक्षाएं लेने से मना कर दिया और उनके 'प्रोजेक्ट' और 'असाइमेंट' के आधार पर परिणाम घोषित करने को कहा है। शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी दिशा-निर्देश सरकारी और सरकार से सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षण सत्र 2020-21 के लिए प्रभावी होगा।

इस शिक्षण सत्र में कोविड-19 के कारण स्कूल लंबे समय तक बंद रहे और सारा पठन-पाठन ऑनलाइन हुआ। दिल्ली में शिक्षा विभाग की अवर निदेशक रीता शर्मा ने बताया, 'चूंकि प्राथमिक और मिडिल स्तर पर कक्षाओं में कोई पठन-पाठन नहीं हुआ है, ऐसे में सामान्य परीक्षाओं की जगह विषयवार प्रोजेक्ट और असाइनमेंट के माध्यम से तीसरी से आठवीं कक्षा तक के छात्रों का मूल्यांकन किया जाए।' दिशा-निर्देश के अनुसार, तीसरी से पांचवीं कक्षा तक वर्कशीट पर 30 अंक, सर्दियों की छुट्टियों में दिए गए असाइनमेंट पर 30 अंक और एक से 15 मार्च के बीच दिए जाने वाले प्रोजेक्ट और असाइनमेंट पर 40 अंक दिए जाएंगे।

इसी तरह छठवीं से आठवीं कक्षा तक के लिए वर्कशीट पर 20 अंक, सर्दियों की छुट्टियों में दिए गए असाइनमेंट पर 30 अंक और एक से 15 मार्च के बीच दिए जाने वाले प्रोजेक्ट और असाइनमेंट पर 50 अंक दिए जाएंगे। शर्मा ने कहा कि अगर किसी छात्र (शेष पेज 9)

मोटेरा अब नरेंद्र मोदी स्टेडियम, राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन

- पहले इसका नाम सरदार पटेल स्टेडियम था, प्रधानमंत्री जीसीए के रह चुके हैं पूर्व अध्यक्ष

अहमदाबाद में बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली से संवाद करते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

पायनियर समाचार सेवा। अहमदाबाद

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को दुनिया के सबसे बड़े और अत्याधुनिक क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया जिसका नाम अब सरदार पटेल स्टेडियम की बजाय देश के प्रधानमंत्री के नाम पर नरेंद्र मोदी स्टेडियम होगा जिन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते इसकी संकल्पना की थी। इस स्टेडियम में एक लाख 32 हजार दर्शक बैठ सकते हैं।

यहां भारत और इंग्लैंड के बीच बुधवार से दिन रात का तीसरा और चार मार्च से चौथा टेस्ट खेला जाना है। राष्ट्रपति ने उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में कहा कि इस स्टेडियम की परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की थी जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। वह उस समय गुजरात क्रिकेट संघ के अध्यक्ष थे। उन्होंने कहा, यह स्टेडियम पर्यावरण के अनुकूल विकास का एक उदाहरण है। स्टेडियम के नामकरण की बात इसके उद्घाटन तक गुप्त रखी गई थी। कोविंद ने कहा, यह भारत की (शेष पेज 9)

परिसर पटेल के ही नाम पर रहेगा: सरकार

नई दिल्ली। गुजरात में एक स्टेडियम का नाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर रखे जाने का लेकर उठे विवाद के मद्देनजर केंद्र सरकार ने बुधवार को स्पष्ट किया कि सिर्फ मोटेरा स्टेडियम का नाम बदला गया है जबकि पूरे खेल परिसर का नाम सरदार पटेल पर ही रहेगा। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज अहमदाबाद स्थित विश्व के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया। इस स्टेडियम का नाम नरेन्द्र मोदी स्टेडियम रखा गया है जबकि पहले इसे मोटेरा स्टेडियम के नाम से जाना जाता है। इसके बाद सोशल मीडिया पर मोटेरा स्टेडियम का नाम बदले जाने को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आने लगी। कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के नेताओं (शेष पेज 9)

इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी में बनेंगे 3 देशों के कलस्टर

प्राधिकरण अधिकारी उद्यमियों को निवेश के लिए करेंगे प्रोत्साहित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर सात में बनने वाली इलेक्ट्रानिक्स सिटी में ताइवान, जापान व कोरिया तीन देशों के क्लस्टर बनाए जाएंगे ताकि यहां पर अधिक से अधिक निवेश आ सके। इन देशों में प्राधिकरण की टीमें जाएंगी और उद्यमियों को निवेश के लिए प्रोत्साहित करेंगी।

बता दें कि प्रदेश सरकार ने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में इलेक्ट्रानिक्स सिटी बनाने की घोषणा की है। प्राधिकरण पहले ही यहां पर यह योजना ला रहा था। इसके लिए सेक्टर तय किए थे, लेकिन अब इसमें बदलाव कर दिया है। प्राधिकरण सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि इस सेक्टर में तीन क्लस्टर बनाए जाएंगे। ताइवान, जापान व कोरिया की कंपनियों को इनमें लाया जाएगा। ये क्लस्टर 200-200 एकड़ के बनाए जाएंगे। इसके लिए 150 एकड़ में इलेक्ट्रानिक्स की सामान्य कंपनियां को जमीन आवंटित की जाएगी।

सीईओ ने बताया कि सरकार की मंशा है कि यहां पर 40 हजार करोड़ रुपये का निवेश हो। इसके लिए प्राधिकरण के अधिकारी तीनों देशों में जाएंगे। साथ ही दूतावासों में मिलेंगे। वहां के उद्यमियों से मिलकर निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। नई पॉलिसी के तहत यहां आने वाली कंपनियों को छूट दी जाएगी। इसमें लैंड सब्सिडी जमीन में छूट बिजली, स्टांप व एसजीएसटी में भी छूट आदि शामिल है।

सरकार की मंशा के अनुरूप यमुना प्राधिकरण सेक्टर-24 में भी इलेक्ट्रानिक्स कंपनियों को जमीन आवंटित करेंगे। इसके लिए जल्द योजना निकाली जाएगी ताकि सरकार के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

फिल्म सिटी की ड्रॉफ्ट रिपोर्ट शासन को भेजी

ग्रेटर नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने फिल्म सिटी की ड्राफ्ट रिपोर्ट प्रदेश सरकार को भेज दी। ड्राफ्ट रिपोर्ट में फिल्म सिटी को तीन चरणों में विकसित करने की बात कही गई है। फिल्म सिटी 2028 तक पूरी तरह विकसित होगी। ड्राफ्ट रिपोर्ट में हर कार्य के लिए जगह तय कर दी गई है। इसकी ड्राफ्ट रिपोर्ट सीबीआरई कंपनी ने बनाई है। यमुना प्राधिकरण ने ड्राफ्ट रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद मंगलवार को प्रदेश सरकार को भेज दिया। प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के बाद इस दिशा में आगे बढ़ा जाएगा। ड्राफ्ट रिपोर्ट बताती है कि फिल्म सिटी को तीन चरणों में विकसित किया जाएगा।

सवारी बैठाने के विवाद में चालक की आंख फोड़ी

नोएडा। बीटा टू कोतवाली क्षेत्र स्थित यथार्थ अस्पताल के समीप सवारी बैठाने के विवाद में ऑटो चालक की आंख फोड़ने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक साल पहले हुई घटना में घायल पीड़ित का अभी भी इलाज चल रहा है। एक साल तक जब पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया तो पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के लडपुरा गांव निवासी जितेंद्र ऑटो चलाता है। करीब एक साल पहले यथार्थ अस्पताल के सामने वह कुछ सवारियों को लेकर आया। सवारी ऑटो से उतरकर एटीएम से रुपये निकालने लगे, तभी सेलक, राजू व अजय उसके पास आए। तीनों ने जितेंद्र को जाति सूचक शब्द कहे और सवारी बैठाने का विरोध किया। पीड़ित ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई।

जेवर एयरपोर्ट की जद में आने वाले चार स्कूल हटाए जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर एयरपोर्ट परियोजना की जद में आए सरकारी स्कूलों को यमुना प्राधिकरण शिफ्ट करेगा। इन स्कूलों में आने वाले खर्च का आकलन प्राधिकरण करेगा। इसके बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। जल्द ही यह काम शुरू होगा। जेवर एयरपोर्ट परियोजना के प्रभावित परिवारों को जेवर बांगर में बसाया जाना है। यहां पर विकास कार्य चल रहे हैं।

इस परियोजना में चार स्कूल भी आ रहे हैं। इन स्कूलों को शिक्षा विभाग को बनवाना था। शासन ने आदेश दिया था कि इस परियोजना में आने वाले स्ट्रक्चर को संबंधित विभागों को हटाने का प्रावधान किया था लेकिन, अब शिक्षा विभाग इन स्कूलों को नहीं बनाएगा। यह काम अब प्राधिकरण कराएगा। यमुना प्राधिकरण इन स्कूलों का एस्टीमेट बनवाएगा, इसके बाद काम करेगा। इस परियोजना 4 प्राथमिक विद्यालय आ रहे हैं। इनकी जगह जेवर बांगर में दो बड़े विद्यालय बनाए जाएंगे। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि स्कूल शिफ्टिंग का काम प्राधिकरण करेगा।

पैसे के लिए तीनों प्राधिकरणों को भेजा पत्र

जेवर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए अधिग्रहीत की जाने वाली 1365 हेक्टेयर जमीन के लिए शासन ने 2 हजार करोड़ रुपये दे दिए हैं। अब तीनों प्राधिकरणों को अपनी हिस्सेदारी देनी है। इसके लिए करीब 5 हजार करोड़ रुपये की जरूरत पड़ेगी। इसमें नोएडा प्राधिकरण को 1875 करोड़ और ग्रेटर नोएडा-यमुना प्राधिकरण को 625-625 करोड़ रुपये देने होंगे।

फर्जी तरीके से महिला के नाम पर लिया होम लोन

नोएडा। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित डेल्टा एक सेक्टर में रहने वाली महिला के बेटे का भविष्य इन दिनों जालसाजों के कारण अधर में अटक गया है। ठगों ने महिला के नाम पर फर्जी कागज तैयार कर 16 लाख का होम लोन पास करा लिया। इस बात की जानकारी पीड़ित महिला को तब हुई जब उसने अपने बेटे की पढ़ाई के लिए एजुकेशन लोन के लिए आवेदन किया। मामले में लोन पास करने वाली कंपनी के खिलाफकोर्ट ने केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

पीड़ित वंदना राघव ने अपनी अर्जी में कहा है कि वह डेल्टा एक सेक्टर में रहती है। शहर के अल्फा एक सेक्टर कमर्शियल बेल्ट स्थित कैनफिन होम लोन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से सांठगांठ करके एक व्यक्ति द्वारा फर्जी कागज तैयार कर उसके नाम पर 16 लाख का होम लोन पास करा लिया गया है। आरोप है कि लोन देने वाली कंपनी की भी इसमें मिलीभगत है।

पूर्व जीएम, समेत 5 पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

करोड़ों रुपए का मुआवजा लेने और भूखंड हड़पने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पूर्व जीएम समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी कर करोड़ों रुपए का मुआवजा और भूखंड हड़पने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

थाना ईकोटेक -3 के प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार ने बताया, एक सामाजिक संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र भाटी की शिकायत पर ईकोटेक-3 थाना में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पूर्व महाप्रबंधक (जीएम) रविंद्र तोंगड़, मकोड़ा गांव के रहने वाले राजेंद्र सिंह, उनकी पुत्रवधू श्वेता सिंह, मधु सिंह और गीता सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी कर सरकारी जमीन हड़पने तथा करोड़ों

- आरोपियों ने साठगांठ कर दिया फर्जीवाड़े का अंजाम

रुपए का मुआवजा लेने के संबंध में मामला दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया कि तुस्याना गांव की 170 बीघा जमीन इससे पहले चकबंदी के दौरान ग्राम समाज के रूप में दर्ज की गई थी। वर्ष 1989 में सरकार ने टीपीए कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को इलेक्ट्रॉनिक सिटी बसाने के लिए जमीन खरीदने की अनुमति दी थी। लेकिन, शर्तें पूरी नहीं करने पर साल 2006 में अनुमति को निरस्त कर दिया गया था।आरोपियों ने साठगांठ कर उक्त जमीन को अपने और परिवार की तीन महिलाओं के नाम करा लिया। इसके बाद सरकारी अधिग्रहण में करोड़ों का मुआवजा, व्यावसायिक भूखंड और अन्य लाभ प्राप्त किया। इस संबंध में शिकायत दर्ज कराने वाले जितेंद्र भाटी ने बताया कि तुस्याना गांव में ग्राम समाज की करीब 200 बीघा जमीन है।

बेनामा के संबंध में जानकारी हासिल करने के लिए उन्होंने सूचना के अधिकार (आरटीआई) का इस्तेमाल किया जिससे उन्हें इस धोखाधड़ी का पता चला। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

बिना पंजीकरण के चल रहा था अस्पताल, विभाग ने किया सील

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- गर्भवती महिला की हो गई थी मौत

दादरी के नहर बाइपास स्थित एक निजी अस्पताल का पंजीकरण नहीं होने पर स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। अस्पताल को सील कर दिया गया है। इससे अन्य झोला छाप डॉक्टरों में हलचल मच गई है। एक महिला के इलाज में लापरवाही बरतने पर इसकी शिकायत सीएमओ से की गई थी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन के लोग पंजीकरण से संबंधित कागजात नहीं दिखा सके।

बता दें कि दादरी नगर के नहर बाइपास पर स्थित मैक्स केयर अस्पताल में बीते दिनों जारचा निवासी नाजिम की पत्नी का इलाज कराया गया था। इलाज में लापरवाही किए जाने की शिकायत नाजिम ने सीएमओ से की थी। पीड़ित के शिकायत करने पर स्वास्थ्य विभाग ने उक्त अस्पताल को तीन दिन पहले अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया गया था। उसके बाद भी अस्पताल प्रबंधन ने नोटिस का जवाब नहीं दिया। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम दादरी नगर स्थित मैक्स केयर अस्पताल पर पहुंची और अस्पताल का पंजीकरण व अन्य दस्तावेज मांगे। स्वास्थ्य विभाग की टीम का नेतृत्व डिप्टी सीएमओ डॉ चंदन सिंह कर रहे थे।

रोज गांव से यहां आएंगे, दूध-मट्ठा भी लाएंगे

गाजीपुर बॉर्डर यूपी गेट पर राकेश टिकैत से मिलने पहुंची महिलाएं

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कृषि बिल के विरोध में धरना दे रहे किसानों के बीच अब गांवों से महिलाओं के जत्थे भी पहुंचने शुरू हो चुके हैं। बुधवार को गाजीपुर बॉर्डर धरनास्थल पर पहुंची महिलाओं ने भारतीय किसान यूनियन प्रवक्ता राकेश टिकैत से मुलाकात की।

इस दौरान महिलाओं ने सरकार के प्रति रोष जताते हुए कहा कि जब तक नए कृषि कानून वापस नहीं होंगे,वह पीछे हटने वाली नहीं हैं। उन्होंने राकेश टिकैत को भरोसा दिलाया कि उनकी एक आवाज पर महिलाएं गाजीपुर बॉर्डर ही नहीं,जहां वे कहेंगे,वहां पहुंचेंगी।

महिलाओं का कहना था कि हम रोज अपने गांव से यहां आएंगे और आंदोलन कर रहे अपने भाइयों और चाचा, ताऊ के लिए दूध, घी और मट्ठा भी लाएंगे। यहीं हलवा भी बनेगा और खीर भी बनेगी। महिलाओं ने कहा कि हरियाणा में तो खट्टर सरकार अब ज्यादा दिन नहीं चलने वाली। इस सरकार ने किसानों की राह में गड्ढे खोदे

राकेश टिकैत को समर्थन देने पहुंची महिलाएं।

हैं, इस बात को हमारी कई पुश्तें भूलने वाली नहीं हैं। किसान आंदोलन तो होते रहे हैं, पर किसी भी सरकार ने किसानों के साथ ऐसा सलूक नहीं किया, जैसा वर्तमान सरकारें कर रही हैं।

निगम ने हटाए अवैध कब्जे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

भौपुरा में सर्विस रोड पर हुए अवैध कब्जे को हटवाते निगम अधिकारी।

वजीराबाद रोड भौपुरा स्थित सर्विस रोड पर अतिक्रमण और अवैध कब्जों को नगर निगम ने हटा दिया। इस सर्विस रोड पर दुकानदारों ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ था। मोहन नगर जोन प्रभारी शिव कुमार गौतम ने बताया कि लालगेट से लेकर भोपुरा चौक तक सर्विस रोड पर लकड़ी व्यापारियों ने अवैध निर्माण किया हुआ है।

इससे सर्विस रोड पर जाम रहता था और लोगों को परेशानियां होती थी। इस तरह की शिकायत कई बार मिल चुकी थी। शिकायत के चलते आज अवैध निर्माण को हटाया गया है। यहां सर्विस रोड पर ही एक सर्विस स्टेशन बना हुआ था,उसको भी ध्वस्त कर दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में किसी ने उन्हें अतिक्रमण किया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना लगाया जायेगा।

नोएडा में कोविड-19 के चार नए केस मिले

नोएडा। जनपद गौतमबुद्धनगर में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के चार नए मामले सामने आए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिला निगरानी अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे ने बताया कि बुधवार सुबह तक कोरोना वायरस से संक्रमित चार नए मरीज मिले हैं। यहां संक्रमितों की कुल संख्या 25,496 है।

उन्होंने बताया कि इस अवधि में दो मरीज संक्रमण मुक्त हुए और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई। उन्होंने बताया कि यहां के विभिन्न अस्पतालों में 59 मरीजों का उपचार चल रहा है। जिला निगरानी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अब तक 25,346 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक कोविड से 91 लोगों की मौत हुई है।

घटतौली और मिलावटखोरी के खिलाफ तहसील पर हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कादराबाद स्थित एक पेट्रोल पंप पर घटतोली व मिलावटखोरी का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए जांच की मांग की।

हिंदूवादी नेता प्रविंद्र कुमार के नेतृत्व में ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुंचे। ग्रामीणों का कहना था कादराबाद स्थित एक पेट्रोल पंप पर खुलेआम घटतौली व मिलावटखोरी की जा रही है। ग्राहकों की पेट्रोल पंप कर्मचारियों के साथ भी रोजाना कहासुनी हो रही है। घटतौली व मिलावटी डीजल के चलते किसान परेशान हैं। कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है। ग्रामीणों ने मांग रखी कि पेट्रोल पंप की आधुनिक मशीनों से जांच कराते हुए पेट्रोल पंप मालिक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों मे बाबा परमेन्द्र आर्य, राम नारायण आर्य, मनोज चौधरी, वेदपाल सिंह, सुरेश, कल्याण चौधरी आदि उपस्थित थे।

पुलिस ने कई बदमाशों को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिले में पुलिस ने बीती रात गश्त के दौरान कई कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से देसी तमंचा, चाकू तथा लूट में इस्तेमाल होने वाली मोटरसाइकिल जब्त की।

थाना फेज-2 की प्रभारी निरीक्षक अनीता चौहान ने बताया कि बीती रात सेक्टर-93 के पास से तीन कुख्यात लुटेरों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से दो देसी तमंचा, एक चाकू और लूट में इस्तेमाल की जाने वाली मोटरसाइकिल जब्त की गई। पूछताछ के दौरान इन गिरफ्तार आरोपियों ने चोरी की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है।

वहीं थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस ने बुधवार को एक सूचना के आधार पर उपेंद्र नामक वाहन चोर को गिरफ्तार किया। थाना एक्सप्रेसवे के थानाध्यक्ष यतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह वाहन चोरी की वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक चाकू और चोरी की गई मोटरसाइकिल जब्त की। बदमाश की गिरफ्तारी रायपुर गांव के पास से हुई है।

इसके अलावा थाना सेक्टर-39 की पुलिस ने बीती रात गश्त के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक आजाद सिंह तोमर ने बताया कि बीती रात गश्त पर निकली थाना पुलिस ने काशीराम चौराहे के पास से धर्मेंद्र नामक कथित बदमाश को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि धर्मेंद्र लूटपाट की वारदातों को अंजाम देता था।

झारखंड के पूर्व राज्यपाल का निजी ई-मेल हैक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- शिकायत के बाद पुलिस ने केस किया दर्ज

झारखंड के पू प्रभात कुमार का ई-मेल आईडी हैक होने का मामला सामने आया है।

पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) राजेश एस ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-39 में रहने वाले झारखंड के पूर्व राज्यपाल तथा पूर्व कैबिनेट सचिव प्रभात कुमार ने थाना सेक्टर-39 में ई-मेल आईडी हैक होने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने शिकायत में कहा कि अज्ञात साइबर हैकरों ने उनका निजी ई-मेल हैक कर लिया।

उपायुक्त ने बताया कि पूर्व राज्यपाल को इसकी जानकारी 22 फरवरी को उस समय हुई, जब वे अपना ई-मेल पासवर्ड डालकर खोलने की कोशिश कर रहे थे लेकिन वो ऐसा करने में नाकामयाब रहे। डीसीपी ने बताया कि पूर्व राज्यपाल को यह भी पता चला कि इस ई-मेल के जरिए संदेश भेजकर लोगों से पैसे मांगे जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पूर्व राज्यपाल ने आशंका जताई है कि साइबर हैकर उनकी आईडी से राष्ट्र विरोधी गतिविधियां कर सकते हैं।

प्रभात कुमार 1963 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वह 1998 से 2000 के बीच कैबिनेट सचिव पद पर रहे और बिहार से अलग झारखंड के गठन के बाद वह इस राज्य के पहले राज्यपाल बने।

मसूरी गंगनहर में कूदी युवती

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नेशनल हाईवे-24 से सटी मसूरी गंगनहर में बुधवार को एक युवती कूद गई। गोताखोरों द्वारा काफी प्रयास के बाद भी न मिलने पर एनडीआरएफ की टीम युवती की हरसंभव में तलाश कर रही है। युवती को दिमागी रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार रियाजुल हसन की 24 वर्षीय पुत्री कौसरजहां सुबह घर से करीब 5 बजे बाहर टहलने के लिए गई थी। इसी बीच किसी ने उसे नहर की तरफ जाते हुए देखा। चश्मदीदों की मानें तो करीब 6 बजे युवती नहर में कूद गई। आनन-फानन में यह सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस व स्थानीय गोताखोरों की सहायता से युवती की काफी देर तक तलाश की गयी। युवती के न मिलने पर पुलिस ने एनडीआरएफ को सूचित किया। जिसके बाद से एनडीआरएफ की टीम लगातार गंगनहर में सर्च ऑपरेशन चला रही है लेकिन समाचार लिखे जाने तक भी युवती का कोई अता पता नहीं चल पाया था।

बता दें कि मंगलवार को भी एक महिला ने पारिवारिक विवाद के चलते नहर में कूदकर अपनी जान देने का प्रयास किया था। लेकिन स्थानीय गोताखोरों ने नहर में कूदकर महिला को सकुशल बचा लिया था।

SALE NOTICE

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

CASE DETAILS	ASSET DETAILS
ICICI Bank Ltd vs INDERJEET KOHLI, Case No-CS (COMM) No 669/2019	Vehicle No-DL8CAN5893, Make and Model-HYUNDAI I 20 ELITE MAGNA, Manu Yr-2016
ICICI Bank Ltd vs RAM SEWAK, Case No-CS No.68/2020 (1934/19)	Vehicle No-UP14FT7944, Make and Model-CHEVROLET BEAT PS PETROL , Manu Yr-2016
ICICI Bank Ltd vs PUNIT ., Case No-CS 900/2019	Vehicle No-HR55AA9780, Make and Model-MAHINDRA KUV 100 K4 PLUS D, Manu Yr-2016
ICICI Bank Ltd vs SANJEEV KUMAR, Case No-CS (COMM)2338/19	Vehicle No-DL1ZB2383, Make and Model-CHEVROLET SAIL LS, Manu Yr-2017
ICICI Bank Ltd vs DALER SINGH, Case No-CS (COMM) No. 1450/2019	Vehicle No-DL8CAU9121, Make and Model-HYUNDAI I-20 SPORTZ DIESEL, Manu Yr-2018
ICICI Bank Ltd vs SUBODH KUMAR, Case No-Suit No 471/17 (ID no 3180 OF 17)	Vehicle No-UP14FT7914, Make and Model-MARUTI ECS VX, Manu Yr-2006
ICICI Bank Ltd vs SAKSHAM KATHURIA, Case No-CS NO 1791/2018	Vehicle No-UP16DT8933, Make and Model-HYUNDAI XCENT, Manu Yr-2016
ICICI Bank Ltd vs CHAND SAIFI, Case No-Case no- 6/18.	Vehicle No-UP16ET2968, Make and Model-NISSAN GO T, Manu Yr-2016
ICICI Bank Ltd vs SUMIT, Case No-CS no. 2143/2017	Vehicle No-DL1LV2002, Make and Model-TATA ACE, Manu Yr-2014, Reserve price of this vehicle is Rs 90,000 and EMD amount is Rs 9000, DD/PO is to be made in favour of ICICI Bank Limited payable at Delhi.
ICICI Bank Ltd vs CHAND MOHAMAD, Case No-CS no. 3687/2017	Vehicle No-DL1LV5880, Make and Model-AL DOST, Manu Yr-2015
ICICI Bank Ltd vs AJAY SINGH, Case No-Suit No 912/2017	Vehicle No-DL1LW2931, Make and Model-AL DOST LS, Manu Yr-2015
ICICI Bank Ltd vs NIRAJ KUMAR, Case No-CS (COMM) 1340/2019	Vehicle No-DL9CAM4737, Make and Model- HONDA CITY 1.5 VX MT PETROL, Manu Yr-2016
ICICI Bank Ltd vs NIDHI SHARMA , Case No-CS (Comm) No. 1397/2019	Vehicle No-UP14DU6650, Make and Model-DUSTER RXE DCI - 85 PS HSRAWE, Manu Yr-2018

Auction Date & Time : 05-March-2021, From 11:00 AM To 02:00PM
Venue: Godara Yard, Khewat No:166/1,
Near Atul Kataria Chock, Behind Gyan Devi School, Sec-17,
Sukhrali, Gurugram– 122022.
Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/Jitendra Kumar (7304914763)
And auction of below mentioned one vehicle will be conducted at Shriram Automall

CASE DETAILS	ASSET DETAILS
ICICI Bank Ltd vs KRISHAN PAL, Case No-CS (COMM) 68/20	Vehicle No-UP14HT9010, Make and Model-TATA ULTRA 1518, Manu Yr-2019

Auction Date & Time : 05-March-2021, From 11:00 AM To 02:00PM
Venue: Shriram Automall, Vill-Mamurpur, Pio Maniyari Road Narela, New Delhi, Narela, Delhi, 110040.
Contact Person– Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

Terms of Sale

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids.

Successfully approved bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT.

The intending bidders may visit at **ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot no-7, Rohini Sector-8, New Delhi-110085.** for details and inspection of the said hypothecated vehicle.

रेस्टोरेंट में अवैध शराब परोसने पर 4 गिरफ्तार

गाजियाबाद। आबकारी विभाग व गाजियाबाद पुलिस द्वारा अवैध रूप से नशीले पदार्थ की बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान बीती रात कौशांबी स्थित एंजेल मॉल में चल रहे एक रेस्टोरेंट में छापेमारी कर अवैध रूप से शराब परोसने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि कौशांबी स्थित एंजेल मॉल में ब्लिंग रेस्टोरेंट में अवैध रूप से हुक्का बार संचालन के साथ साथ अवैध रूप से शराब परोसी जा रही है। इसके बाद आबकारी विभाग व कौशांबी थाना पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की।

गाजियाबाद को सेफ सिटी का दर्जा दिलाने को लेकर मंथन

कार्य योजना तैयार करने के लिए नगर निगम और जीडीए को शासन ने सौंपी जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मंडलायुक्त अनीता सी मेश्राम जीडीए मुख्यालय पर अधिकारियों से मंत्रणा करते हुए।

गाजियाबाद जिले को सेफ सिटी का दर्जा दिलाने के लिए कार्य योजना पर मंथन शुरू हो गया है। सेफ सिटी का उद्देश्य बाहर से आने वाले निवेशकों को सुरक्षा का माहौल मुहैया कराना है ताकि ज्यादा से ज्यादा उद्यमी अपने उद्योगों को गाजियाबाद में स्थापित कर सके। इस कार्य योजना को तैयार करने की जिम्मेदारी गाजियाबाद नगर निगम व गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को उत्तर प्रदेश शासन ने सौंपी है।

इस योजना के तहत गाजियाबाद को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा ताकि कोई अपराधिक घटना शहर में घटित होती है तो उस पर तुरंत एक्शन लिया जा सके। इसके अलावा शहर की सड़कों को साफ-सुथरा और गड्ढा मुक्त बनाने की भी बड़े पैमाने पर योजना है। महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए शहर में जगह-जगह पिंक शौचालय और पिंक बूथ बनवाने की भी योजना शामिल है। इस कार्य योजना पर गाजियाबाद नगर निगम और जीडीए ने काम शुरू कर दिया है। माना जा रहा है बहुत जल्द इस पूरे प्रोजेक्ट की डीपीआर मंडलायुक्त को अगले पखवाड़े तक सौंप दी जाएगी। इस पूरी योजना पर मंडलायुक्त अनीता सी मेश्राम ने अपने 20 फरवरी को गाजियाबाद प्रवास के दौरान उन्होंने जीडीए और नगर निगम अधिकारियों के साथ मैराथन बातचीत की थी। खास बात यह है कि गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का प्रवेश द्वार है इसलिए उत्तर प्रदेश शासन की मंशा है कि बाहर से आने वाले निवेशकों को इस तरह का माहौल दिया जाए ताकि कोई भी उद्यमी जब गाजियाबाद पहुंचे तो उसे सुरक्षा का वातावरण महसूस हो। कारण जब कोई भी निवेशक किसी शहर में निवेश के लिए आता है तो वह सबसे पहले उस शहर की कानून व्यवस्था और सुरक्षित वातावरण की तलाश करता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

सीएम ने संभाली निगम उपचुनाव की कमान

केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं संग शालीमार बाग और शाहबाद दौलतपुर में किया रोड शो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शालीमार बाग में रोड शो करते केजरीवाल व साथ में आप नेता।

दिल्ली नगर निगम की पांच वार्डों में 28 फरवरी को उपचुनाव है। इस उपचुनाव में आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस पूरी ताकत प्रचार में झोंके हुए हैं। भाजपा और आप जहां अपने वर्चस्व को कायम करने की पुरजोर कोशिश में जुटी हुई है। वहीं कांग्रेस अपना वजूद बचाने की हरसंभव कोशिश में है। चुनाव प्रचार के अंतिम दौर आप के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कमान संभान ली है। उन्होंने बुधवार को उत्तरी दिल्ली नगर निगम 2 वार्डों शालीमार बाग और बवाना वार्ड में रोड शो कर इलाके के लोगों से आप प्रत्याशियों को भारी मतों से जीताने की अपील की।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने स्कूल, अस्पताल, पानी और बिजली ठीक किया और अब एमसीडी को ठीक करना है। भाजपा ने एमसीडी का बेड़ा गर्क कर रखा है। उन्होंने कहा कि बवाना में गंदगी से लोग जूझ रहे हैं। आप की सरकार यहां 100 करोड़ रुपये की लागत से सीवर लाइन डलवाएगी। पूरे देश और दुनिया में दिल्ली ही एकमात्र राज्य है, जहां 'आप' के राज में जनता के बिजली का बिल जीरो आता है।

केजरीवाल ने वार्ड रोहिणी सी 32एन से आप प्रत्याशी श्रीराम चंद्र के समर्थन में बवाना में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह पूरी दुनिया में एक चमत्कार है कि दिल्ली में 24 घंटे बिजली आ रही है और मुफ्त आ रही है।

देश में किसी भी राज्य में बिजली का बिल जीरो नहीं आता है। अपने पुराने दौरे का जिक्र करते हुए सीएम ने बता कि जब वह पिछली बार के चुनाव से पहले यहां आए थे। उस समय जबरदस्त बारिश हो रही थी। सारी सड़क टूटी पड़ी थी। उन्होंने वादा किया था कि आप लोग आम आदमी पार्टी को जीता दो और वह सड़क 6 महीने में बनवा देंगे। रविवार को एमसीडी के 5 वार्डों का

उपचुनाव है। वह यहां जब आए तो उन्हें बताया गया कि यहां पर गंदगी की बहुत बड़ी समस्या है। यहां पर सीवर लाइन पड़नी चाहिए। वह आज यहां से वादा करके जा रहे है कि वह यहां सीवर लाइन डलवा देंगे।

उन्होंने सीवर लाइन के लिए 100 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिया। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि वे 28 फरवरी को वोट देने जरूर आएं और आम आदमी पार्टी के चुनाव चिन्ह झाड़ू का बटन दबाकर पार्टी के उम्मीदवार को विजयी बनाएं। इससे पहले केजरीवाल ने शालीमार बाग में रोड शो किया। रोड शो के दौरान वार्ड शालीमार बाग- नॉर्थ 62एन से 'आप' प्रत्याशी सुनीता मिश्रा के समर्थन में प्रचार किया।

रोड शो में मौजूद स्थानीय लोगों से पूछा कि बिजली के बिल किस-किस के जीरो आते हैं। इस पर लोगों ने खुले मन से हाथ उठाते हुए कहा कि हम सभी के बिजली के बिल जीरो आते हैं। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता रोजाना पांचों वार्डों में पदयात्रा, बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन और डोर टू डोर अभियान कर रहे हैं।

'मिलकर गुजरात को संवारेंगे'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● कांग्रेस को नकार, मुख्य विपक्षी दल बनाने के लिए जताया सूरत का आभार

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि गुजरात के नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है। वहं गुजरात के लोगों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहते है।

उन्होंने खासकर पर सूरत के लोगों का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा है कि सूरत वालों ने सवा 100 साल पुरानी कांग्रेस पार्टी को हराकर एक नई पार्टी आम आदमी पार्टी को प्रमुख विपक्षी दल के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी का एक-एक उम्मीदवार अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी के साथ निभाएगा।

गुजरात ने एक नई राजनीति की शुरुआत की है, ईमानदार राजनीति, काम की राजनीति, अच्छे स्कूलों, अच्छे अस्पतालों, सस्ती और 24 घंटे बिजली की राजनीति। आम आदमी पार्टी वहां के लोगों के साथ मिलकर गुजरात को संवारेगी।

राज्य के लोगों का धन्यवाद देने के लिए 26 फरवरी को एक रोड शो करेंगे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपने डिजिटल संदेश में भाजपा के गढ़ गुजरात में आप की धमाकेदार इंट्री पर वहां की जनता को धन्यवाद दिया है। इस मौके पर अरविंद केजरीवाल ने यह भी कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से मिलकर लोगों का धन्यवाद करने के लिए सूरत आ रहे हैं।

पांच राज्यों से आने वालों लोगों को दिखानी होगी कोविड-19 की निगेटिव जांच रिपोर्ट

● शुक्रवार से लागू होगा आदेश, 15 मार्च तक रहेगा प्रभावी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महाराष्ट्र समेत कुछ राज्यों में हाल के दिनों में कोविड-19 के मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। इन राज्यों में कोरोना के नए स्ट्रेन की भी पुष्टि हुई है। चूंकि राष्ट्रीय राजधानी में हर दिन देशभर से लोग आते हैं इसलिए दिल्ली सरकार अब सर्तक हो गई है।

राज्य सरकार ने फैसला किया है कि इन 5 राज्यों से ट्रेन, बस औरर हवाई जहाज से दिल्ली आने वाले यात्रियों के लिए कोविड-19 की निगेटिव रिपोर्ट जरूरी होगी। लेकिन कार से आने वाले इस आदेश के दायरे में नहीं आएंगे। नेगेटिव रिपोर्ट दिखाने पर ही उन्हें प्रवेश की अनुमति मिल सकेगी। अगर रिपोर्ट नहीं हुई, तो उनका टेस्ट किया जाएगा। 72 घण्टे पुरानी रिपोर्ट भी मान्य होगी। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की गत दिनों हुई बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा की गई थी।

अधिकारियों ने कहा कि कोविड-19 निगेटिव जांच रिपोर्ट पेश करने की अनिवार्यता शुक्रवार रात से प्रभावी हो सकती है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार, महाराष्ट्र में कोरोना वायरस संक्रमण के रोजाना मामले बढ़ रहे हैं। केरल में पहले की तुलना में संक्रमण के मामले घट रहे हैं लेकिन अब भी संक्रमण के ज्यादा

मामले आ रहे हैं। पंजाब, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में संक्रमण के दैनिक मामलों में वृद्धि चिंता का विषय है। सरकार इससे जुड़ा औपचारिक आदेश आज जारी कर सकती है।

यह आदेश 26 फरवरी की आधी रात से लेकर 15 मार्च दोपहर 12 बजे तक प्रभावी होगा। यह आदेश फ्लाइट, ट्रेन और बस से दिल्ली आने वाले यात्रियों पर लागू होगा, लेकिन कार से दिल्ली आने वाले यात्री इस आदेश के दायरे में नहीं आएंगे।

ब्रिटेन से आए परिवार को होम आइसोलेशन में भेजा

● यात्रियों के पृथक्वास के बारे में विरोधाभासी अधिसूचनाओं में स्पष्टता नहीं थी : हाईकोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ब्रिटेन से लौटने के बाद कोविड-19 जांच में संक्रमण की पुष्टि नहीं होने के बाद भी सात दिन के संस्थागत पृथकवास में रह चुके एक परिवार के चार सदस्यों को उच्च न्यायालय ने बुधवार को सात दिन के होम आईसोलेशन में भेज दिया। साथ ही अदालत ने कहा कि केंद्र और दिल्ली सरकार के दिशा निर्देशों में विरोधाभास था।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने यह निर्देश जारी करते हुए कहा कि ब्रिटेन से आने वाले यात्रियों के पृथक-वास के बारे में विरोधाभासी अधिसूचनाओं में स्पष्टता नहीं थी। अदालत ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अपनी वेबसाइट पर मानक संचालन प्रक्रिया प्रदर्शित करे ताकि यात्रियों को असमंजस की स्थिति का सामना नहीं करना पड़े। दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों में विरोधाभास के मद्देनजर यह निर्देश जारी किया गया। केंद्र सरकार ने कहा कि दिशा निर्देशों के अनुसार, ब्रिटेन से आने वाले यात्रियों की जांच में यदि कोविड-19 की पुष्टि नहीं होती है तो उन्हें केवल 14 दिन के गृह पृथक-वास में रहना होगा और संस्थागत पृथक-वास जरूरी नहीं है। वहीं, दिल्ली सरकार ने कहा कि 29 जनवरी को केंद्र सरकार की ओर से जारी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, कोविड-19 के मरीज के पास बैठने वाले प्रत्येक यात्री को संस्थागत पृथक-वास में जाना होता है। अदालत ने कहा, यह सभी अधिसूचनाएँ विरोधाभासी हैं और स्पष्ट नहीं है। यह भी स्पष्ट नहीं यही कि केंद्र सरकार की ओर से 29 जनवरी को जारी मानक संचालन प्रक्रिया लागू है या नहीं। अदालत ने कहा, चूंकि मानक संचालन प्रकिया स्पष्ट नहीं है और याचिकाकर्ताओं (परिवार) में 10 वर्ष से कम उम्र के दो नाबालिग बच्चे हैं इसलिए वह संस्थागत पृथक-वास की बजाय गृह पृथक-वास में रहेंगे। उन्हें पृथक-वास के नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा। याचिका में कहा गया था कि ब्रिटेन में विमान में सवार होने से पहले परिवार ने कोविड-19 जांच कराई थी और उन्हें उड़ान के लिए फिट होने का प्रमाण पत्र दिया गया था। दिल्ली आने के बाद उनकी दोबारा जांच हुई जिसमें कोविड-19 की पुष्टि नहीं हुई। इसके बावजूद उन्हें उनके खर्च पर पांच सितारा होटल में संस्थागत पृथक-वास में रखा गया।

रिटायर्ड आईएफएस ने गोली मारकर की आत्महत्या

● बीमारी के कारण एक दिन पहले ही अस्पताल से लाटै थे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय विदेश सेवा के अवकाश प्राप्त 81 वर्षीय अधिकारी ने दक्षिणी दिल्ली के डिफेंस कालोनी स्थित अपने आवास में बुधवार सुबह कथित रूप से गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने बताया कि पूर्व अधिकारी रंजीत सेठी ने अपने सुसाइड नोट में लिखा है कि वह अब और जीना नहीं चाहते हैं। पुलिस को सुबह करीब साढे सात बजे सूचना मिली कि डिफेंस कालोनी में एक व्यक्ति ने खुद को गोली मार ली है। सेठी के घरेलू सहायक ने पीसीआर को कॉल करके बताया की सेठी जीवित हैं और उन्हें एक एम्बुलेंस की जरुरत है। पुलिस उपायुक्त, दक्षिण, अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि मौके पर पहुंच कर पुलिस ने देखा कि सेठी ने अपने कमरे में कथित रूप से खुद को गोली मार ली है। उन्हें तत्काल मूलचंद अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि कुछ बीमारी के कारण बीएल कपूर अस्पताल में भर्ती सेठी मंगलवार को ही घर लौटे थे। पुलिस ने बताया कि सुसाइड नोट मिला है और आगे की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि सेठी के परिवार में पत्नी, दो बच्चे हैं। पुलिस आत्महत्या में प्रयुक्त पिस्तौल की जांच कर रही है कि उसका लाइसेंस है या नहीं।

19 लोग गिरफ्तार, 25 एफआईआर दर्ज

गणतंत्र दिवस हिंसा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फाइल फोटो

केन्द्र सरकार ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि केन्द्र के कृषि कानूनों के विरोध में गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय राजधानी में किसानों के ट्रैक्टर परेड के दौरान हुई हिंसा के सिलसिले में 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जबकि 25 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं।

अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल चेतन शर्मा और केन्द्र सरकार के स्थाई अधिवक्ता अजय दिगपाल ने अदालत को बताया कि 50 लोगों को हिरासत में लिया गया और घटना की जांच की जा रही है।उन्होंने यह भी बताया कि लाल किले पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। सरकार से प्राप्त सूचनाओं पर संज्ञान लेते हुए मुख्य न्यायाधीश डी. एन. पटेल और न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की पीठ ने जानना चाहा कि क्या ऐसी ही कोई अर्जी उच्चतम न्यायालय में भी दी गई है, या उसपर सुनवाई लंबित है या न्यायालय ने उसका निपटारा किया है। अदालत ने दिल्ली निवासी धनंजय जैन की अर्जी को सूचीबद्ध करते हुए केन्द्र सरकार से कहा कि वह उच्चतम न्यायालय में अगर ऐसी कोई मामला है तो उसकी पूरी जानकारी उसे दे। अर्जी में अनुरोध किया गया है कि किसान आंदोलन के नाम पर धरना दे रहे लोगों को हटाया जाए और सभी सड़कों तथा सार्वजनिक स्थानों को खाली कराया जाए।

● केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट में साझा की जानकारी

संक्षिप्त समाचार

कॉलेज परिसर के बाहर धरने पर बैठक शिक्षक।

अंबेडकर कॉलेज के शिक्षकों ने दिया धरना

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के पूर्ण वित्त पोषित डॉ भीमराव अंबेडकर कॉलेज के शिक्षकों और कर्मचारियों ने कई महीनों से लंबित वेतन और ग्रांट जारी करने की मांग को लेकर परिसर में धरना दिया। कॉलेज के स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ रवि शंकर रवि ने बताया कि कॉलेज में 4 महीने के वेतन के लिए शिक्षक और कर्मचारी अभी भी इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे चुप नहीं रहेंगे। शिक्षक और कर्मचारी इस आंदोलन को और तेज करेंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद के सदस्य डॉ. वीएस नेगी ने कहा कि वे अंबेडकर कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारियों द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन का पूरी तरह से समर्थन करते हैं। उन्होंने सरकार से जल्द ग्रांट जारी करने की मांग की ताकि शिक्षक व कर्मचारियों वेतन मिल सके।

संपत्ति कर संग्रह के लिए लगा जनता दरबार

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के महापौर जय प्रकाश ने बुधवार को रोशनारा रोड क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा के लिए संपत्ति कर संग्रह के लिए जनता दरबार लगाया। निगम ने नागरिकों के लिए आम माफी योजना शुरू कि है। इस आम माफी योजना की शुरूआत 27.01.21 से कि गई थी जो 02.03.21 तक चालू रहेगी। उन्होंने नागरिकों से निवेदन किया की वो इस आम माफी योजना का लाभ उठाए और बिना ब्याज और जुर्मा ने के अपना बकाया संपत्ति कर जमा करवाए। महापौर ने बताया कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम नागरिकों की सुविधा हेतु विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 50 स्थानों पर संपत्ति कर शिविर लगाएगी जहा जाकर नागरिक अपना संपत्ति कर जमा करवा सकते है। महापौर ने कहा कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम अपने राजस्व को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है ताकि दिल्ली के नागरिकों को बेहतर से बेहतर सुविधा व निगम के कर्मचारियों को समय पर वेतन दिया जा सके।

ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए लगा मेला

नई दिल्ली। पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदूषण और रिन्यूएबल एनर्जी के महत्व पर स्कूली बच्चों के माध्यम से जागरूकता का

प्रसार करने के उद्देश्य से टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन (टीपीडीडीएल) ने अपना वार्षिक प्रमुख कार्यक्रम में ऊर्जा मेला आयोजित किया। समारोह में दिल्ली के 75 सरकारी और निजी स्कूल दोनों शामिल हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन कोविड- 19 दिशानिर्देशों का पालन करते हुए कंपनी के लर्निंग सेंटर, रोहिणी में किया गया। इस वर्ष 50 से अधिक पुरस्कार दिए गए। छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, सुरक्षा, वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के लाभों के बारे में रचनात्मक रूप से पोस्टर और व्यावहारिक विज्ञान मॉडल, नारे, चित्र आदि के माध्यम से साझा किया। समारोह में उपस्थित छात्र तुरंत रोशनी से जुड़े और पर्यावरण चैंपियन बनने की प्रतिज्ञा ली। बच्चों ने रोशनी बैज भी पहना और रोशनी के साथ एक फोटो सेशन भी किया।

उच्च न्यायालय में दो नए न्यायाधीशों ने ली शपथ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय के दो नए न्यायाधीशों ने बुधवार को पद की शपथ ली। इसके साथ ही उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 31 हो गई है। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल ने न्यायमूर्ति जसमीत सिंह और न्यायमूर्ति अमित बंसल को शपथ दिलाई। दोनों न्यायाधीशों को 22 फरवरी को दिल्ली उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था।

दो न्यायाधीशों की नियुक्ति के साथ ही उच्च न्यायालय में जजों की संख्या 31 हो गई है। उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 60 है। केंद्र सरकार के स्थाई अधिवक्ता रह चुके न्यायमूर्ति सिंह के पास 27 वर्षों का अनुभव है। वह दिल्ली उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों में अधिवक्ता रहे हैं।

अधिवक्ता के तौर पर वह संवैधानिक, सिविल, श्रम, सेवा और वैवाहिक मामलों के मुकदमे लड़ते रहे हैं। सेवा और सिविल कानून में उनकी विशेषज्ञता है। न्यायमूर्ति बंसल की शिक्षा कानून और सेवा कानून में विशेषज्ञता है। उन्होंने सीबीएसई, एनटीए सहित कई सरकारी विभागों के वरिष्ठ वकील के तौर पर सेवा दी है।

तिहाड़ जेल में विचाराधीन कैदी की हत्या पर कोर्ट हैरान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● पांच करोड़ के मुआवजा देने की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा- ऐसी चीजें सिर्फ फिक्शन में देखी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने तिहाड़ जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी की चाकू घोंपकर की गई हत्या पर आश्चर्य जताते हुए बुधवार को कहा कि ऐसी चीजें सिर्फ गल्पों (फिक्शन) में देखी गई थीं। बेटे की हिरासत में हुई मौत पर पांच करोड़ रुपए की मुआवजा राशि का अनुरोध करने वाले मृतक के पिता की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने कहा, मुझे नहीं पता कि ऐसा कैसे हो सकता है। यह आश्चर्यजनक है।

हम ऐसी चीजें सिर्फ फिक्शन में देखते हैं। अदालत ने जेल प्रशासन और पुलिस को निर्देश दिया कि वह स्थित रिपोर्ट दायर करके बताए कि मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई है या नहीं, अगर हुई है तो जांच कहां तक पहुंची है। जेल प्रशासन की ओर से दिल्ली सरकार के अवर स्थाई अधिवक्ता संजय घोष और वकील नमन जैन पेश हुए थे।

अदालत ने कहा कि रिपोर्ट में यह सूचना भी होनी चाहिए कि बंदी को जिस कोठरी में रखा गया था उसकी सीसीटीवी का फुटेज संरक्षित रखा गया है या नहीं, अगर रखा गया है तो किस स्वरूप में।

अदालत ने यह भी पूछा कि उसके मामले में अभी तक आरोपपत्र दाखिल हुआ है या नहीं, अगर हुआ है तो निचली अदालत में मुकदमा किस स्थिति में है। अदालत ने यह भी कहा कि मृतक बंदी के पिता अली शेर को जांच और मुकदमे की सुनवाई के प्रत्येक कदम से अवगत कराया जाए। इन निर्देशों के साथ ही अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए पांच मार्च की तारीख तय की है। सुनवाई के दौरान घोष ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि राजधानी में ऐसा कुछ हो सकता है।

वकीलों अनवर ए. खान और विशाल राज सहजपाल के माध्यम से दी गई याचिका में अली शेर ने कहा है कि उनका बेटा दिलशेर आजाद सितंबर, 2019 से तिहाड़ जेल में विचाराधीन बंदी था। 30 नवंबर, 2020 को उन्हें पुलिस का फोन आया कि उनके बेटे की मौत हो गई है, लेकिन जेल पहुंचने पर प्रशासन ने उनके साथ सहयोग नहीं किया।

सार्वजनिक शौचालयों में लगेगा स्मार्ट सिस्टम

इस्तेमाल करने वाले लोग दक्षिणी निगम को क्यू.आर कोड से दे सकेंगे फीडबैक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फाइल फोटो

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 रैंकिंग में सुधार के लिए लगातार नए-नए कदम उठा रहा है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए एसडीएमसी ने अपने इलाके सभी सार्वजनिक शौचालयों को स्मार्ट सिस्टम से लैस करेगा।

इस सिस्टम से इसका इस्तेमाल करने वाले लोग क्यू.आर. कोड के माध्यम से अपना फीडबैक दे सकेंगे। उपायुक्त डॉ. सोनल स्वरूप ने बुधवार को बताया कि इस प्रणाली के द्वारा वह अनूठे तरीके से लोगों का सही फीडबैक और अनुभव जानेगे और उसके अनुसार बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करेंगे। इस क्यू.आर. कोड को स्कैन करने के बाद 5 विकल्प आयेंगे- बहुत बुरा, बुरा, ठीक, अच्छा व बहुत अच्छा। आम लोगों को अपना फीडबैक देने के लिए इनमें से कोई एक विकल्प को चुनना होगा साथ ही कोड स्कैन करने पर सार्वजनिक शौचालय की लोकेशन, वार्ड व अन्य जानकारी

● स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 रैंकिंग में सुधार में उठाए जा रहे है कदम

उपलब्ध होगी।स्वरूप ने बताया कि दक्षिणी निगम के सभी सार्वजनिक शौचालयों में यह सिस्टम लगाया जा रहा है। उन्होंनें लोगों से अपील की है कि वे शौचालयों का उपयोग करने के बाद आवश्यक रूप से क्यू.आर. कोड के जरिए अपना फीडबैक दें ताकि एसडीएमसी को शौचालयों की साफ सफाई व अन्य सुविधाओं के बारे में सटीक जानकारी मिल सके।

भाजपा ने केजरीवाल सरकार से मांगा 26 हजार का हिसाब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● नेता प्रतिपक्ष रामबीर बिधूड़ी ने मेट्रो में सफर कर चलाया अभियान

दिल्ली जल बोर्ड में कथित 26 हजार करोड़ रुपये के घोटाले को लेकर भाजपा ने केजरीवाल को घेरा है। पार्टी नेता कहा है कि यह सबसे बड़ा घोटाला है और सीएम केजरीवाल को इसका जवाब देना ही होगा।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कथित घोटाले को उजागर करने के लिए किसान मोर्चा दिल्ली प्रदेश भाजपा के जन अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि यह जन अभियान अपने आप में अनूठा है क्योंकि यह मेट्रो ट्रेन के अंदर चलाया जा रहा है। इसकी शुरुआत नेताजी सुभाष प्लेस मेट्रो स्टेशन से की गई। किसान मोर्चा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेहरावत और मंत्री गौरव खारी के साथ बिधूड़ी ने मेट्रो में सफर किया। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी सरकार किस तरह लोगों को गुमराह करके भ्रष्टाचार कर रही है। दिल्ली सरकार से इस घोटाले का हिसाब मांगा गया है लेकिन सरकार अब तक खामोश है। इसीलिए अब भाजपा हिसाब मांगने के लिए जनता के बीच मेट्रो में आ गई हैं।

निर्माणाधीन बोम्बे हाइवे पर साइड मैनेजर की गोली मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हत्यारोपी युवक टी-20 कार से आया था

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

पुलिस गिरफ्त में आरोपी युवक।

रोहित शर्मा का फाइल फोटो।

मंगलवार देर रात निर्माणाधीन बोम्बे हाइवे के साइड मैनेजर की शराब के नशे में युवक ने रंगदारी न देने पर गोली मारकर हत्या कर दी। हत्यारोपी युवक टी-20 कार से आया था। सोहना सदर थाना पुलिस ने एपको इंफ्राटेक कंपनी के कर्मचारी की शिकायत पर अज्ञात हत्यारे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में बुधवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

मंगलवार देर रात करीब 12 बजे पलवल-सोहना मार्ग के गांव सांचौली के पास निर्माणाधीन बोम्बे हाइवे पर तैनात एपको कंपनी मैनेजर रोहित शर्मा अपने गाड़ी चालक शिवनदन के साथ निरीक्षण कर रहा था। उसी समय एक टी-20 कार वहां आकर रूकी। जिसमें से नौजवान युवक नीचे उतरा और रोहित शर्मा से रंगदारी देने को कहा। रोहित शर्मा द्वारा रंगदारी न देने पर उसकी साइड से सामान चोरी कराने की धमकी दी। इस दौरान रोहित शर्मा और आरोपी युवक से तू- तड़ाक हो गई। युवक ने रिवाल्वर निकालते हुए एक गोली सामने खड़े होकर रोहित शर्मा के सीने पर मार दी। गोली मारने के बाद युवक कार से फरार हो गया।

रोहित शर्मा को लहूलुहान हालत में गुरुग्राम के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रोहित शर्मा पंजाब जिला जालंधर के गांव तुलशासिंह नगर का निवासी था। सोहना सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने एपको इंफ्राटेक कंपनी के अधिकारी अजय विक्रम सिंह की शिकायत पर अज्ञात हत्यारोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अज्ञात बदमाश की पहचान व तलाश में जुट गई है।

हत्यारोपी गिरफ्तार

क्राइम एसीपी केके राव ने बताया कि रोहित शर्मा की हत्या करने वाला युवक जिला नूंह के गांव हिलालपुर निवासी भीम सिंह राघव पुत्र डूंगर सिंह है। हाल में वह सोहना की फ्रेंड्स कॉलोनी में रहता है। रोहित बोम्बे हाइवे पर तैनात कुछ गार्ड से मिलीभगत करके सामान चोरी करता रहा है। इसके खिलाफ पहले से कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम ने मात्र 12 घंटे में हत्यारोपी भीम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। भीमसिंह को गुरुवार दोपहर बाद अदालत में पेश किया जाएगा।

पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप हरियाणा के ट्रायल 28 को गुरुग्राम में : दीपा मलिक

व्हील चेयर कैटेगरी का ट्रायल होगा चार मार्च को

भारतीय पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष पदमश्री दीपा मलिक।

गुरुग्राम। हरियाणा पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए पैरालंपिक कमेटी द्वारा 28 फरवरी 2021 को गुरुग्राम में ट्रायल होगा। यह ट्रायल यहां सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में होगा। वहीं सभी व्हील चेयर कैटेगरी का ट्रायल 4 मार्च को एक्सेलर वर्ल्ड स्कूल में होगा। पैरालंपिक कमेटी ने कोविड19 के चलते खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर यह निर्णय लिया हैं। इसे 2 चरणों में पूरा किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की अध्यक्ष पदमश्री दीपा मलिक ने बताया कि इसके लिए एक ऑनलाइन फार्म भरना होगा। जिसका लिंक पैरालंपिक कमेटी की साइट ओर सभी पैरालंपिक कमेटी के ऑफिशियल फेसबुक पेज पर भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जो खिलाड़ी टोक्यो 2020 के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं या इंडियन कैंप में हैं। उन्हें भी यह फार्म भरना होगा। इसके बाद उसे सीधे राष्ट्रीय टीम के लिए चयन कर लिया जाएगा। ईमेल के जरिए यह चयन पत्र दे दिया जाएगा। उन्हें हरियाणा में ट्रायल देने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन उन्हें यह फार्म भरना अति आवश्यक है। अन्य खिलाड़ी जो पहले किसी भी नेशनल सत्र के टूर्नामेंट में भाग ले चुके हैं और क्वालिफाई कर चुके हैं, वही खिलाड़ी इस ट्रायल का हिस्सा बन सकते हैं। क्योंकि कोविड-19 के चलते नए खिलाड़ियों की क्लासिफिकेशन नहीं की जा सकती। इसलिए इसमें वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जो पहले नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप खेले हुए हों।

संक्षिप्त-समाचार

पहले दिन कम संख्या में स्कूल पहुंचे बच्चे

पलवल। कोरोना महामारी में बीते 11 महीनों से बंद पड़ी तीसरी से पांचवीं तक की कक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई। पहले दिन स्कूल आने वाले बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। हालांकि पहले दिन बच्चों की संख्या काफी कम रही। स्कूलों में बच्चों के हाथ सैनिटाइज कराकर और मास्क लगवाकर बैठाया गया। राजकीय उच्च विद्यालय जवाहर नगर कैंप की प्रधानाचार्य पूनम रावत और जेसीबी स्कूल के प्रबंधक एसके शर्मा ने बताया कि उन्हें तीसरे से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों को स्कूल बुलवाने की जो भी हिदायतें दी गई थी, उसका उन्होंने पालन किया है। जो बच्चे आज स्कूल नहीं पंहुचे उनके अभिभावकों से संपर्क किया जा रहा है ताकि सभी बच्चे स्कूल पहुंचें। सभी विद्यार्थियों को कक्षाओं में सोशल डिस्टेंस के साथ बैठाया गया है। आपको बता दें कि आज से हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार सभी निजी व सरकारी स्कूलों में तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों ने आना शुरू कर दिया है तथा आने वाले 2-4 दिनों में इन बच्चों की संख्या में भी इजाफा होने की संभावना है।

एटीएम कार्ड बदलकर छात्रा के खाते से निकाले 25 हजार

पलवल। धोखाधड़ी से एटीएम कार्ड बदल कर छात्रा के खाते से 25 हजार रुपये निकालने का मामला प्रकाश में आया है। कैंप थाना पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी यादराम ने बताया कि नया गांव निवासी नीतु ने दी अपनी शिकायत में कहा है कि वह एक्सिस बैंक के अलावलपुर चौक स्थित एटीएम से पैसे निकालने के लिए गई थी। उस समय एटीएम बूथ के पास एक अनजान व्यक्ति खड़ा था। पीड़िता पैसे निकालकर वापस आने लगी तभी वह व्यक्ति उससे टकरा गया। जिससे पीड़िता का एटीएम कार्ड जमीन पर गिर पड़ा तो अनजान व्यक्ति ने उठाकर दिया। जिसको लेकर पीड़िता अपने कॉलेज पहुंच गई, उसी समय मोबाइल पर मैसिज आया कि आपके एटीएम कार्ड से आपके खाते से 25 हजार रुपये निकाले गए हैं। उस समय पता चला कि उसका एटीएम कार्ड उस व्यक्ति ने बदल दिया है। पीड़िता ने अपने कार्ड को बैंक फोन कर तुरंत बंद करा दिया।

जेसीबी चालक को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

सोहना। भोंडसी थाना पुलिस ने जेसीबी चालक को गोली मारने वाले आरोपी को मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी और उसके भाई के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भोंडसी की डिफेंस कॉलोनी में मंगलवार को जेसीबी चालक सरजीत पुत्र प्रकाश चंद निवासी गांव कादरपुर सेक्टर-65 निवासी को स्थानीय निवासी मंजीत ने तीन राउंड गोली चलाते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने सरजीत की शिकायत पर मंजीत व उसके भाई के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मंजीत को मंगलवार देर रात उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया है। उसके भाई को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पंडित सुभाष चंद की पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन

होडल। घारम पट्टी स्थित श्री बालाजी मंदिर के संस्थापक पंडित सुभाष चंद की पुण्यतिथि के अवसर पर मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर के संस्थापक पंडित राजेश गुरू ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित सुभाष चंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर और हनुमान जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। भंडारे में आसपास की पट्टियों के साथ-साथ शहर के लोगों ने भी हिस्सा लेकर पंडित सुभाष चंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया। संस्थापक राजेश गुरु ने कहा कि बड़े-बुजुर्गों के सम्मान से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान श्याम सुन्दर मंगला, लाडली सैनी, शिवकुमार गर्ग, कुक्कन मंगला, मोनू गोयल, योगेश मंगला, दिलबाग आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

फर्रूखनगर में 2, सोहना में 2 नई पंचायतों के गठन को मंजूरी

फर्रूखनगर। हरियाणा सरकार ने पंचायतों के चुनावों से पूर्व 23 फरवरी को जारी नोटिफिकेशन में जिला गुरुग्राम के फर्रूखनगर ब्लॉक में 2 सोहना ब्लॉक में 2 सहित प्रदेश में 106 नई पंचायतों के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी है। जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह बना हुआ है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटटर का आभार प्रकट किया है। यह जानकारी पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने दी। लम्बे समय से ग्रामीण अलग पंचायतों के बनाने को लेकर सरकार से अपील करते आ रहे थे। सरकार ने ग्रामीणों की समस्याओं के निदान और आपसी भाईचारे को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से नई पंचायतों को अमलीजामा पहनाते हुए उन्हें अलग पंचायतों का दर्जा प्रदान कर दिया है। इससे ग्रामीण विकास को गति मिलेगी और बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराये जा सकेंगे। बताया कि नई पंचायतों के चुनाव भी पुरानी पंचायतों के साथ ही कराये जाएंगे। उन्होंने बताया कि फर्रूखनगर खंड के गांव गुगाना और राजूपुर दोनों में काफी फांसला था। वहीं वोट के हिसाब से भी अंतर था। जिसके कारण ग्रामीण अलग पंचायत की मांग कर रहे थे। सरकार ने फर्रूखनगर खंड में राजूपुर व सिवाड़ी की ढाणी तथा सोहना ब्लॉक में चमनपुरा व रानी का सिंगोला को नई पंचायत बनाया है।

वाटर बिल संबंधी कार्य बीसीआईटीएस प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा

गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में आने वाले सभी अधिकृत एवं अनाधिकृत कॉलोनियों, प्राइवेट बिल्डर एरिया और सेक्टरों में बीसीआईटीएस प्राईवेट लिमिटेड कंपनी को पानी के मीटर की रीडिंग लेने व रीडिंग अनुसार मौके पर बिल बनाकर व वितरित करने का कार्य नगर निगम गुरुग्राम द्वारा वर्ष 2024 तक सौंपा है। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने बुधवार को बताया कि पानी के बिल वितरण का कार्य मकान मालिकों के संपत्तिकर के डाटा के आधार पर किया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं के घर पर पानी की सप्लाई का मीटर नहीं है, उनको नियत दर के अनुसार बिल वितरित किया जाना है। ऐसे उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे न्यू कॉलोनी स्थित वाटर बिल ब्रांच कार्यलय में मनीष कुमार के मोबाइल नंबर- 8700059964 तथा रविन्द्र कुमार के मोबाइल नंबर -9268442415 पर संपर्क करें। नगर निगम द्वारा सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे अपने पानी से संबंधित बिल की अदायगी निर्धारित तिथि से पूर्व करवाएं। यदि किसी उपभोक्ता के बिल में कोई त्रुटि है, तो इसके समाधान के लिए हेल्पलाईन नंबर 1800-180-1817 पर संपर्क करें अथवा न्यू कॉलोनी स्थित वाटर बिल ब्रांच में संपर्क करें। सभी उपभोक्ता पानी के बिल का भुगतान सेक्टर-34, सिविल अस्पताल के सामने व सेक्टर-42 स्थित नगर निगम के कार्यालयों में स्थित नागरिक सुविधा केन्द्रों में करें।

हसला की नई कार्यकारिणी घोषित, बलबीर बने प्रधान

पलवल। हसला जिला पलवल की नवगठित कार्यकारिणी की बैठक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में पूर्व प्रधान अशोक बाल्यान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हसला के नवनियुक्त प्रधान बलबीर सिंह सभी कार्यकारिणी के सदस्यों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए बलबीर सिंह ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी साथियों ने दी है उनका पूरी निष्ठा से निर्वाह करेंगे और हसला को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य किया जाएगा। बैठक को मुख्य रूप से पलवल के अध्यक्ष अजय गौतम, होडल के प्रताप सिंह, हसनपुर के नंद किशोर, डॉ. अनुपम पाण्डेय, यशपाल पारासर, नरेश डागर, पीताम्बर तेवतिया, राकेश बघेल, राजेंद्र सिंह, हारुन खान, नादर सिंह, लाल सिंह व ओम प्रकाश ने संबोधित किया। बैठक में प्राध्यापकों से जुड़े विभिन्न मसलों जैसे पुरानी पेंशन योजना, प्रोमोशन, एलटीसी व एसीपी आदि पर भी चर्चा की और प्रस्ताव पास किया कि हसला कार्यकारिणी और हसला परिवार सभी प्राध्यापक एवं अध्यापक साथियों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्परता एवं मजबूती से संघर्ष करने के लिए तैयार हैं। बैठक में जिले के दर्जनों प्राध्यापक व अध्यापक मौजूद रहे।

सर्वे करने वाले कर्मचारी को किसी प्रकार का शुल्क न दें

गुरुग्राम व मानेसर निगम क्षेत्र में याशी कंसलटिंग एजेंसी कर रही है प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे का काम

गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम तथा नगर निगम मानेसर क्षेत्र में याशी कंसल्टिंग सर्विसिज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे करवाया जा रहा है। इसके तहत कंपनी के प्रतिनिधि घर-घर जाकर मौके पर ही संपत्ति की जानकारी ऑनलाईन फीड कर रहे हैं। बुधवार को नगर निगम गुरुग्राम के जोनल टैक्सेशन ऑफिसर (मुख्यालय) दिनेश कुमार ने जनता से कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे के लिए कार्य करने वाले कर्मचारियों को किसी भी तरह का शुल्क न दें।

उन्होंने बताया कि अधिकृत सर्वेयर को आप बिजली के बिल की कॉपी, पानी के बिल की कॉपी, फोटो आईडी प्रूफ एवं पूर्व में जमा करवाए गए संपत्तिकर बिल के नोटिस व रसीद की प्रति उपलब्ध कराएं। सर्वे कार्य के उपरान्त आपकी संपत्ति से संबंधित सूचनाओं का संकलन ऑनलाइन प्रणाली द्वारा किया जाएगा। इसके फलस्वरूप आपको अपने संपत्तिकर व केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को जानने, समझने के साथ-साथ योजनाओं का लाभ भी प्राप्त होगा। आपको आपकी संपत्ति का एक आईडी नंबर दिया जाएगा, जो कि भविष्य में आपके लिए काफी उपयोगी होगा। यदि आप द्वारा सूचना आधी-अधूरी दी जाती है, तो भविष्य में अपना संपत्तिकर जमा करवाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

तस्करी के लिए लाई जा रही गायों को कराया मुक्त

पलवल। गायों से भरी पिकअप गाड़ी को सदर थाना पुलिस ने गोरक्षकों की मदद से गांव पिंगौड़ के समीप काबू कर लिया। आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी विरेंद्र के अनुसार उन्हें मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि आरीफ निवासी उटावड़, तस्लीम, वसीम, अलताफ, सज्जा निवासी आलीमेव, सद्दाम निवासी जेवर यूपी व अजरुद्दीन निवासी मालूका एक पिकअप गाड़ी गायों को भरकर तस्करी के लिए मेवात की तरफ ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही नाकाबंदी की तो अपने आप को घिरता देख सभी व्यक्ति मौके पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। पिकअप गाड़ी से सात गायों को बरामद किया। सभी गायों को गोशाला में छुड़वा दिया।

4.5 एकड़ पंचायती जमीन पर दबंगों ने बोया गेहूं

जांच अधिकारी ने गेहूं फसल को बताया चारा ग्रामीणों ने लगाया मिलीभगत का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। फर्रूखनगर

फर्रूखनगर खंड के गांव अलीमुद्दीनपुर की पंचायती जमीन पर खड़ी गेहूं की फसल।

खण्ड फर्रूखनगर के गांव अलीमुद्दीन (अलमदी) की करीब साढ़े चार एकड़ पंचायती जमीन पर गांव के ही दबंगों द्वारा अवैध कब्जा करके गेहूं बोने और अवैध बोरवेल करने का मामला सामने आया है। गांव के सरपंच द्वारा इस मामले की शिकायत खण्ड विकास एवं पंचायत आधिकारी को दी। कब्जाधारियों ने सरपंच के परिवार को जान से मारने एवं अपहरण की धमकी दी।

सरपंच की शिकायत पर बीडीपीओ द्वारा थाने में कब्जाधारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश की गई है। पुलिस द्वारा इस मामले में नियुक्त जांच अधिकारी द्वारा मौके पर पुराना बोरवेल दर्शाया और गेहूं की फसल खड़ी की जगह चारा दर्शाया जो कि सरासर मिलीभगत को दर्शाता है। अब यह मामला जब ठण्डे बस्तों में डलता देख गांव के ही कुछ लोगों ने पंचायती भूमि से अवैध कब्जा हटवाने के लिए अदालत की शरण ली है। चूंकि सरपंच अनुसूचित जाति की महिला जो कि दबंग लोगों के खिलाफ खुलकर नहीं बोल पाती है। इसलिए दबंगों ने गांव की पंचायती भूमि बीडीपीओ कार्यालय और पुलिस जांच आधिकारी द्वारा मिलीभत करके पंचायत की जमीन कब्जा ली है।

बता दें कि गांव अलमदी में पंचायत के पास काफी जमीन है जो कृषि योग्य है, अधिकांश जमीन को ग्राम पंचायत द्वारा पट्टे पर दी हुई है। कुल जमीन का दस प्रतिशत हिस्सा पशु चारागाह के लिए छोड़ रखा है। जिसमें दबंगों ने कब्जा कर गेहूं बो दिए और अवैध बोरवैल कर दिया।

41 पीड़ित महिलाओं ने लिया वन स्टॉप सेंटर का लाभ

गुरुग्राम। सिविल लाइन्स में स्थापित वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर घरेलू हिंसा व दुष्कर्म की शिकार महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। पीड़ित महिलाओं की मदद करने के उद्देश्य से स्थापित किए गए इस सेंटर को लेकर महिलाओं में जागरुकता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, इस बात का अंदाजा यहां से लगाया जा सकता है कि जनवरी माह में 41 महिलाओं ने इस सेंटर में दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाया, जबकि फरवरी माह में यह आंकड़ा 42 तक पहुंच गया।

हाल ही में सामने आए मामले में केन्द्र द्वारा एक पीड़ित महिला की मदद की गई। महिला हैल्पलाइन नंबर पर प्राप्त हुई शिकायत उपरांत सेंटर में कार्यरत स्टॉफ द्वारा महिला से संपर्क किया गया। शिकायत में पीड़ित महिला ने बताया कि उसका पति बहुत शराब पीता है और उसके साथ मारपीट करता है।

महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने जुलूस निकाला

जुलूस के बाद एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

कैलाश मंगला। होडल

होडल में सरकार के विरोध में जुलूस निकालने के बाद कांग्रेसी नेता व दूसरी ओर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते।

मोदी सरकार में कृषि कानूनों, पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में की जा रही अप्रत्याशित वृद्धि के विरोध में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में विरोध जुलूस निकाला। विरोध प्रदर्शन का आयोजन कांग्रेस के पूर्व विधायक उदयभान ने किया। प्रभारी जगदेव मलिक, कांग्रेसी नेता इसराइल, महेंद्र सिंह चौहान, जयनारायण भारद्वाज, उदय सिंह सौरोत, युवा नेता देवेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। विरोध जुलूस के बाद कांग्रेसियों ने एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

बीजेपी सरकार के विरोध में बुधवार को कांग्रेस के पूर्व विधायक उदयभान की अध्यक्षता में निकाले गए विरोध जुलूस में पूर्व विधायक करण सिंह दलाल व उदयभान ने कहा कि बीजेपी सरकार में खासकर खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का नतीजा है। डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की कीमतों में आए दिन इजाफा हो रहा है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर देश स्वास्थ्य व आर्थिक महामारी से जूझ रहा है वहीं मोदी सरकार ने पेट्रोल, डीजल पर रसोई गैस के मूल्यों में वृद्धि कर जनता की कमर तोड़ने का काम किया है।

मोदी सरकार ने तीन कृषि कानून बनाकर किसान भाइयों के साथ बहुत बड़ा छलावा किया है। उन्होंने कहा कि तीनों कृषि कानूनों से साफ प्रतीत होता है कि मोदी सरकार कुछ पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए किसानों को पूरी तरह से बर्बाद करना चाहती है। पिछले 90 दिनों में हमारे देश के लगभग 250 किसान अपना बलिदान दे चुके हैं और सरकार है कि किसानों की मांगों की ओर देखती तक नहीं।

कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन अनाज मंडी से शुरू होकर जगजीवन राम चौक, चरण सिंह चौक, पुन्हाना मोड होता हुआ लघुसचिवालय में पहुंचा जहां कांग्रेसी विधायकों और कार्यकर्ताओं ने एसडीएम संदीप अग्रवाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। मौके पर पूर्व सरपंच राजू गुप्ता, अनिल सिंगला, सुनील मित्तल, हेतराम पहलवान, जिला पार्षद महेंद्र बंचारी, होशियार सिंह, हुसैन खान, टेकचंद, बबलू पहलवान के अलावा पार्टी के अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

मजदूर की 18 फीट ऊंचाई से गिरने पर मौत

सोहना। सोहना के वार्ड-21 में हिल टोन सोसायटी में 19 वर्षीय मजदूर की 18 फीट की ऊंचाई से गिरने पर मौत हो गई। मजदूर के चाचा ने सोसायटी अधिकारियों पर सुरक्षा के प्रबंध न करने का आरोप लगाया है। सिटी थाना पुलिस ने सोसायटी के खिलाफ मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। जिला पलवल के गांव हथीन निवासी साहीर पुत्र सत्तार ने पुलिस को बताया कि वह बिजली फिटिंग का काम करता है। उसके साथ उसका भतीजा 19 वर्षीय जहीर पुत्र मुबीन भी करता है। वह 20 दिन पहले सोहना के वार्ड-21 में स्थित हिलटोन सोसायटी में काम करने के लिए आए थे। 17 फरवरी को काम करने के दौरान उसका भतीजा जहीर सुरक्षा के प्रबंध न होने के कारण करीब 18 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया था। जहीर को दिल्ली के सफदरजग अस्पताल में दाखिल कराया था।

बिजली कर्मचारियों से मारपीट के विरोध में प्रदर्शन

पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से कर्मचारियों में आक्रोश

पायनियर समाचार सेवा। होडल

बिजली कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट के विरोध में प्रदर्शन करते कर्मचारी।

बिजली चोरी पकड़ने गई टीम के साथ हुई मारपीट मामले में कोई कार्रवाई नहीं होने से गुस्साए बिजली कर्मचारियों ने ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन व हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में बिजली कार्यालय पर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता संयुक्त रूप से सब यूनिट प्रधान विनोद कुमार और लख्मी चंद रावत ने की और मंच संचालन पूर्व ब्लॉक प्रधान लक्ष्मण सिंह ने किया।

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के प्रधान नरेंद्र सौरौत व हरियाणा कर्मचारी महासंघ जिला सचिव सत्यनारायण ने बताया कि 20 फरवरी शनिवार को कनिष्ठ अभियंता दीपचंद के नेतृत्व में आला अधिकारियों के आदेश पर एक टीम बिजली चोरी पकड़ने के लिए गई थी। बिजली टीम ने गौडोता चौक के निकट स्थित नीटू ढाबे के बराबर में शराब के ठेके पर बिजली चोरी की चेकिंग की और पाया कि वहां बिजली चोरी हो रही है, परंतु तभी वहां मौजूद ठेका कर्मियों ने बिजली की टीम पर हमला कर दिया और बिजली कर्मचारियों को बंधक बना लिया।

मौके पर पुलिस टीम ने पहुंचकर बिजली कर्मियों को मुक्त कराया। पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं होने से बिजली कर्मियों में रोष बढ़ गया और उन्होंने आज बिजली निगम का कार्य बंद कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। मामले की सूचना मिलते ही होडल थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह राठी व होडल डीएसपी दिनेश कुमार मौके पर पहुंच गए और उन्होंने बताया कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अगले एक-दो दिन में कार्रवाई करने का भरोसा यूनियन पदाधिकारियों को दिया। विरोध प्रदर्शन को प्रधान सुरेश रावत, भगवान सिंह, मुरलीधर, धीरेंद्र, कुंज बिहारी, प्रदीप सैनी, महिपाल, हरिसिंह, नरेश, पवन कुमार, राजवीर रावत, मनी रावत, भूपेंद्र आदि ने भी संबोधित किया।

कनिष्ट अभियंता सहित कर्मचारियों से मारपीट मामले में तीन नामजद

होडल। मुंडकटी थाना पुलिस ने बिजली निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दीघोट फीडर में तैनात कनिष्ट अभियंता रवींद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह निगम के कनिष्ट अभियंता संजय बंसल और टीम के अन्य सदस्यों के साथ गांव सीहा में बिजली चोरी पकड़ने गए थे। उन्होंने बताया कि जब वह एक मकान में बिजली चोरी की वीडियो फोन से बनाने का प्रयास किया तो कुछ युवकों ने उनसे मारपीट शुरू की। बताया कि युवकों ने वह फोन भी उनसे लूट लिया जिससे वीडियोग्राफी कर रहे थे। कनिष्ट अभियंता ने पुलिस को बताया कि वह सभी युवक हथियारों से लैस थे। किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाई। युवकों के द्वारा किए गए इस हमले में कनिष्ट अभियंता व कर्मचारियों को गंभीर चोटें आई है। पुलिस ने कन्ष्टि अभियंता की शिकायत पर गांव सीहा निवासी अशोक, मन्नू व सारदा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

वन विभाग अधिकारी ने फार्म हाउस मालिक पर दर्ज कराया मुकदमा

सोहना। रायासीना से लगती से अरावली पहाड़ी के अंसल क्षेत्र में फार्म हाउस की पैमाइश करने गई वन विभाग की टीम के साथ कर्मचारियों ने धक्का-मुक्की करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली। वन विभाग की टीम ने फार्म हाउस में अवैध खनन कार्य होने का खुलासा किया है। फार्म हाउस मालिक समेत अन्य कर्मचारियों के खिलाफ भोंडसी थाने में मामला दर्ज किया गया है।

एनजीटी के आदेश पर वन विभाग की टीम रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी क्षेत्र में बने फार्म हाउस ए-338 में पैमाइश करने के लिए गई थी। वन विभाग के खंड अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि उसकी टीम पैमाइश करने के लिए फार्म हाउस के गेट पर पहुंची। फार्म हाउस मालिक सुधीर अग्रवाल निवासी निरवाना कंट्री सेक्टर-50, साउथ सिटी-2, इशलामपुर (97) गुरुग्राम ने अपने अन्य साथियों के साथ टीम को अंदर जाने से रोका। कहासुनी के बाद उनकी टीम फार्म हाउस में अंदर घुस गई। अंदर घुसने के दौरान सुधीर अग्रवाल के कर्मचारियों ने उनकी टीम में मौजूद वन रक्षक लक्ष्मण और वन खंड अधिकारी राशीद अहमद समेत अन्य के साथ धक्का मुक्की की। रेंज अधिकारी ने बताया कि जब उनकी टीम फार्म हाउस के अंदर पहुंची तो वहां पर अवैध खनन कार्य करने का खुलासा हुआ। उनकी टीम ने जैसे-तैसे फार्म हाउस की पैमाइश करते हुए अपना कार्य पूरा किया।

फार्म हाउस मालिक समेत अन्य पर केस : भोंडसी थाना पुलिस ने वन विभाग के रेंज अधिकारी अनिल कुमार की शिकायत पर फार्म हाउस मालिक व उसके कर्मचारियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किया है।

अस्पताल में स्ट्रीट डॉग हैं, लेकिन एंटी रेबीज के इंजेक्शन नहीं

कविता। फरीदाबाद

शहर के सबसे बड़े बीके सिविल अस्पताल में आवारा कुत्तों और अन्य पशुओं को कहीं भी विचरते आम देखा जा सकता है। यहां मौजूद आवारा पशु यदि किसी को काट लें तो उनके काटने पर होने वाले इंफेक्शन से बचाने के लिए इंजेक्शन ही नहीं हैं। ऐसे में मरीज को स्वयं ही अपनी जान बचाने के लिए इंजेक्शन बाहर से खरीद कर लाना होगा। पिछले ढाई महीने से यहां आने वाले मरीजों को इंजेक्शन न होने की बात कह कर लौटाया जा रहा है।

दिसंबर से समाप्त इंजेक्शन

शहरभर में आवारा पशुओं का बढ़ रहा आतंक

शहरभर में आवारा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है, लेकिन इनके काटने से बचाव के लिए एंटी रेबीज के इंजेक्शन जिले के सिविल अस्पतालों में नहीं है। शहर के सबसे बड़े बीके सिविल अस्पताल की बात करें तो यहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगवाने के लिए आते हैं, लेकिन उन्हें इंजेक्शन न होने की बात कहकर लौटाया जा रहा है। अस्पताल में कुत्तों को तो घूमते देखा जा सकता है, लेकिन यदि यह काट लें, तो

इंफेक्शन से बचाव के लिए लगाए जाने वाला इंजेक्शन लोगों को स्वयं ही बाजार से खरीद कर लाना होगा। अस्पताल में इंजेक्शन 12 दिसंबर से समाप्त हैं। जिसके कारण यहां आने वाले मरीजों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है या फिर उन्हें बाहर से महंगे दामों में इंजेक्शन खरीद कर लगवाने पड़ रहे हैं। ऐसे में मरीजों को परेशानियों का सामना करने को मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल में आए मरीजों ने बताया कि इंजेक्शन समाप्त होने के कारण उन्हें बाहर से मेडिकल स्टोर से इंजेक्शन खरीदना पड़ रहा है। मरीजों की मानें तो एंटी रेबीज के एक इंजेक्शन के लिए उन्हें सवा तीन सौ से साढ़े तीन सौ रुपये तक देने पड़ रहे हैं।

हर जगह आवारा पशु

बीके अस्पताल परिसर में कुत्तों द्वारा एक बच्चे का हाथ कहीं से लाकर फेंकने का मामला सामने आया था। इसके बाद से यहां आवारा पशुओं को घुसने पर रोक लगा दी थी, लेकिन आज भी अस्पताल परिसर के हर हिस्से में कुत्ते, सुअर, गधे, गाय, बकरी आदि पशुओं को घूमते हुए देखा जा सकता है, लेकिन इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। गत दिवस अस्पताल के अपातकालीन कक्ष के बाहर गेट पर कुत्ता बैठे हुए देखा गया।

जेडीयू ने बिजली बिलों को लेकर सौंपा ज्ञापन

फरीदाबाद। जनता दल यूनाइटेड द्वारा बिजली बिलों को दो माह में देने की बजाए एक माह में देने के ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन जेडीयू के राष्ट्रीय सचिव सचिन तंवर की उपस्थिति में अतिरिक्त जिला उपायुक्त सतवीर मान मार्फत प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय सचिव सचिन तंवर ने बताया कि ज्ञापन में मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर से मांग की गई है कि प्रदेश में जहां बिजली का बिल 2 महीने में भेजा जाता है, सरकार उसे 1 महीने में भेजे। दो महीने में ज्यादा यूनिट इकट्ठे हो जाती हैं और बिजली बिल का स्लैब भी बदल जाता है। इससे उपभोक्ता को ज्यादा राशि का बिल अदा करना पड़ता है।

संक्षिप्त समाचार

एक मार्च से जाएंगे पहली व दूसरी कक्षा के बच्चे स्कूल

फरीदाबाद। जहां एक तरफ तीसरी से पांचवीं कक्षा के स्कूल खुल गए। वहीं अब पहली व दूसरी क्लास में भी विद्यार्थी स्कूल जा सकेंगे। शिक्षा निदेशालय ने पहली व दूसरी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए एक मार्च से स्कूल खोलने के निर्देश दिए हैं। निदेशालय के निर्देश पर बुधवार से कक्षा तीसरी से पांचवीं कक्षा तक स्कूल खुल भी गए। स्कूलों में बच्चों का स्वागत भव्य तरिके से किया गया। राजकीय प्राथमिक पाठशाला ऐतमादपुर फरीदाबाद में स्कूल खुलने पर बच्चों का फूलमालाओं से स्वागत किया। कुछ स्कूलों में हवन किया गया। बुधवार शाम को निदेशालय ने पहली व दूसरी कक्षाओं के लिए भी स्कूल एक मार्च से खोलने के निर्देश दिए हैं। स्कूल सुबह 10 बजे से डेढ़ बजे तक खोले जाएंगे। जो विद्यार्थी ऑनलाइन पढ़ना चाहता है तो उन्हें ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा। उनका स्कूल से नहीं काटा जाएगा। विद्यार्थी स्कूल आने से पहले अपने माता-पिता द्वारा लिखित अनुमति लेकर आएगा। क्लास रूम को सैनिटाइज करने के निर्देश दिए गए हैं।

गुजरात के सूरत में जीत की खुशी में आप ने लड्डू बांटे

फरीदाबाद। गुजरात के सूरत में हुए नगर निगम चुनावों में 27 सीट हासिल करने पर गदगद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पार्टी के जिला कार्यालय पर लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाया। सूरत में हुए नगर निगम चुनावों में 27 सीट हासिल करने और मुख्य विपक्षी दल बनकर उभरी आम आदमी पार्टी के पार्टी संयोजक अरविन्द केजरीवाल 26 फरवरी को सूरत में रोड शो निकालेंगे। पार्टी की जीत से गदगद आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धरमवीर भड़ाना के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को जीत की बधाई दी। जिलाध्यक्ष धरमवीर भड़ाना ने कहा कि गुजरात के सूरत में हुए नगर निगम चुनावों में 27 सीट हासिल करना यह साबित करता है कि लोगों का मोह कांग्रेस पार्टी से भंग हो चुका है। देशभर में पार्टी को मुख्य विपक्षी दल के रूप में देखा जा रहा है और अरविंद केजरीवाल को लोग देश के प्रधानमंत्री के रूप में देख रहे हैं। मौके पर आम आदमी पार्टी के तेजवंत सिंह बिट्टू, हरेंद्र भाटी, विनोद भाटी, संतोष यादव, राहुल बैंसला, ब्रजेश नागर, वीना वशिष्ठ, हरिदत्त शर्मा, इंदिरा सिंह, नितिन राजपूत, जोगिंदर चावला, डी एस चावला, मनोहर विरमानी, पंकज शुक्ला, विजय गोदारा, लोकेश अग्रवाल एवं राजकुमार आदि ने पार्टी की जीत पर बधाई दी।

कोविड-19 के चुनौतीपूर्ण समय में मदद को आगे आए

फरीदाबाद। कोविड 19 महामारी कई लोगों के जीवन में अशांति लाया है, कुछ ने अपनी जान गंवा दी और लॉकडाउन के चलते कई व्यक्तियों ने अपनी नौकरी खो दी। इससे कई अभिभावकों को अपने बच्चों की उच्च शिक्षा जारी रखने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। चुनौतीपूर्ण समय में दीक्षा मुस्कान फाउंडेशन ने आगे आकर डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फरीदाबाद के कुछ छात्रों के अभिभावकों का समर्थन किया। दीक्षा स्माइल फाउंडेशन की ओर से संस्थापक अध्यक्ष एनके भल्ला और जगमोहन शर्मा ने 23 फरवरी 2021 को 51000 रुपये का चेक देकर जरूरतमंद बच्चों की फीस को प्रायोजित किया। मान वेंचर्स से राजदीप मान, जो भारत के प्रमुख प्रसंस्कृत खाद्य निर्माता हैं, प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय निगमों को विनिर्माण और पैकिंग सेवाओं की पेशकश करते हैं, ने 24 फरवरी, 2021 को 100000 रुपये का चेक देकर उन बच्चों की शिक्षा भी प्रायोजित की जिनके माता-पिता को इस महामारी के दौरान नौकरी गंवानी पड़ी और वे अपने बच्चों की फीस का भुगतान नहीं कर सके। इस अवसर पर प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. संजीव शर्मा, वाइस प्रिंसिपल डॉ रितु गांधी अरोड़ा, और अन्य सीनियर स्टाफ मेंबर्स मौजूद रहे और उन्होंने समाज की निस्वार्थ सेवा के लिए दीक्षा स्माइल फाउंडेशन और मान वेंचर्स के परोपकारी भाव के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

एथलेटिक्स कोच जितेंद्र और कुलदीप को मिली बाइक

फरीदाबाद। एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के अनुसार 11वीं हरियाणा राज्य सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन नवदीप खेल परिसर नरवाना जींद में जिला एथलेटिक्स संघ ने किया था। अपने समय के बेहतरीन एथलीट खिलाड़ी रहे जितेंद्र बांगर कोच और कुलदीप अहलावत डीपीई का जींद जिले में पहुंचने पर एथलीट खिलाड़ियों ने 350 सीसी रायल इनफील्ड मॉडल की बुलेट बाइक देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों ने बताया कि जींद जिले में कोच जितेंद्र बांगर एथलेटिक्स खेल के क्षेत्र में द्रोणाचार्य के नाम से जाने जाते हैं। जितेंद्र बांगर और कुलदीप अहलावत ने जींद जिले में अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनेक खिलाड़ी तैयार किए हैं और विश्व पटल पर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। जितेंद्र बांगर और कुलदीप अहलावत द्वारा तैयार एथलीट खिलाड़ी वर्तमान में भारत सरकार के प्रत्येक विभाग में कार्यरत हैं। जिले के सभी एथलीट खिलाड़ियों ने सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। सम्मान करने वाले खिलाड़ियों के नाम सोनू, सतीश, प्रदीप, बलींदर मलिक, नवीन, जोगा दलाल और मंदीप आदि रहे।

जिले के बच्चे बने राज्य स्तरीय टैलेंट सर्च और रंगोत्सव में विजेता



फरीदाबाद। हरियाणा राज्य स्तरीय टैलेंट सर्च प्रतियोगिता और रंगोत्सव प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन एच तीन फरीदाबाद का प्रदर्शन बहुत ही प्रशंसनीय रहा। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने बताया कि राज्य स्तरीय टैलेंट हंट प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित की गई थी जिस का संचालन कूरुक्षेत्र से किया गया था। उल्लेखनीय है कि विद्यालय की सातवीं कक्षा की छात्रा नेहा ने फोक डांस में प्रदेश भर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने छात्रा नेहा को बधाई देते हुए कहा कि छात्रा की फोक डांस की तैयारी में विद्यालय की संगीत शिक्षिका हेमलता के सतत परिश्रम और लगन को श्रेय दिया।

महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा कुमारी सेलजा और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी विवेक बंसल के दिशा निर्देश पर भाजपा सरकार द्वारा पारित किसान विरोधी तीन काले कानूनों और पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल की बढ़ती कीमतों व कमरतोड़ महंगाई के खिलाफ कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय तक समर्थकों के साथ पैदल मार्च करते हुए राष्ट्रपति के नाम जिला उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न नेताओं ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया।

जिला उपायुक्त की अनुपस्थिति मे यह ज्ञापन एसडीएम जितेन्द्र कुमार ने लिया। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र

सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय तक पैदल मार्च करते हुए राष्ट्रपति के नाम जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

स्तरीय प्रदर्शन का पूर्व विधायक आनन्द कौशिक व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक ने नेतृत्व किया प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैलगाड़ी पर मोटरसाइकिल और गैस के सिलेंडर रखकर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में विशेषकर महिलाओं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और कार्यकर्ताओं ने भाजपा विरोधी, मोदी और खट्टर विरोधी नारे लगाते हुए लघु सचिवालय पंहुचे। इस अवसर पर पूर्व विधायक आनन्द कौशिक ने कहा कि हम ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति का ध्यान केन्द्र सरकार द्वारा पारित तीन नये कृषि कानूनों की ओर आकर्षिक करना चाहते हैं। भाजपा द्वारा पारित किये गये ये तीनों कृषि बिल देश के अन्नदाता किसानों के हितों की नहीं बल्कि देश के घनाड्य उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने वाले साबित होने वाले हैं।

इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक ने कहा कि इसके अलावा हम राष्ट्रपति महोदय का ध्यान देश में दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही मंहगाई की ओर भी दिलाना चाहते हैं। पेट्रोल व डीजल के दाम दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। जिसके कारण देश मे जनता की जेब पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। इसके अलावा सब्जियों और खाद्य तेलों की कीमत भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, घरेलू गैस के दाम भी रोज बढ़ रहे हैं, घरेलू गैस पर मिलने वाली सब्सिडी भी खत्म कर दी गई है।

इस अवसर पर एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा, गौरव धींगड़ा, योगेश धींगड़ा, पूर्व पार्षद सुंदर माहौर, राकेश भड़ाना, संजय सोलंकी, अशोक रावल, वेदराम शर्मा, अनिश पाल, अधिवक्ता विनोद कौशिक, अश्वनी कौशिक, एलएन मित्तल, सुरेन्द्र अरोड़ा, सोनू सलूजा, केसी शर्मा, अर्जुन सैनी, गजना लांबा, लाड़ो देवी, अनिल कुमार नेताजी, मोतीलाल शर्मा, कंवर सिंह मलिक, दीपक मलिक, राजेन्द्र जिंदल, सुशांत गुप्ता आदि कार्यकर्ता और कांग्रेसी समर्थक विशेष रूप से मौजूद थे।

डॉक्टरों ने बचाई 14 वर्षीय अंजली की जान

फरीदाबाद। कोरोना में आए बुखार का असर इतना खतरनाक हो गया कि बच्ची की जान पर बन आई, लेकिन एशियन अस्पताल के चिकित्सकों ने 14 साल की बच्ची को इलाज की सुविधाएं देकर नया जीवनदान दिया।

अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि बड़ोली गांव की रहने वाली 14 वर्षीय अंजली कसाना को 17 दिसंबर को तेज सिरदर्द हुआ। दिमागी दौरा पड़ा और बेहोश हो गई। घबराए माता -पिता उसे तुरंत पास ही के एक डॉक्टर के पास लेकर गए लेकिन अंजली को होश नहीं आया। डॉक्टर ने तुरंत उसे किसी बड़े अस्पताल में लेकर जाने की सलाह दी। रात 10 बजे माता-पिता अंजली को एशियन अस्पताल में बेहोश अवस्था में लेकर आये उस समय अंजलि को तेज बुखार था और उसकी सांस भी अनियमित चल रही थी। एशियन अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ और पीआईसीयू इंचार्ज डॉ हरिपाल कश्यप ने अंजली की हालत को देखते हुए उसे तुरंत वेंटीलेटर पर रखने की सलाह दी। एमआरआई जांच से पता चला की अंजलि के दिमाग के दोनों हिस्सों में सूजन थी, जिसके कारण उसके हाथ-पैर काम नहीं कर रहे थे। डॉ. हरिपाल ने बताया कि अंजली का ब्लड प्रेशर लगातार ऊपर नीचे हो रहा था। उसके ब्लड प्रेशर को काबू करने के लिए कई दवा दीं, साथ ही हमने उसका कोविड

एंटीबाडी टेस्ट करवाया, जोकि पॉजिटिव आया जिससे हमें पता चला की बच्चे को पोस्ट कोविड नेक्रोटाइजिंग एंसेफलाइटिस (यानि दिमाग की नसों में गलन व सूजन हुई है) हमने अपने वरिष्ठ मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. कुणाल बेहरानी और वरिष्ठ बाल मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ विजय शर्मा से अंजली के इलाज के लिए समय-समय पर सलाह ली।

हमारी पीडियाट्रिक आईसीयू टीम की निगरानी में तकरीबन 13 दिन के बाद अंजली की हालत में सुधार हुआ और वह पूरी तरह होश में आई और 18 दिनों के बाद अंजलि को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। बच्चे को समय-समय पर जांच के लिए ओपीडी में बुलाया गया, ताकि बच्चे के इलाज में हो रहे सुधार का विश्लेषण किया जा सके। अंजली के पिता नरेश कुमार ने बताया की बेटी की हालत देखते हुए हम बहुत हताश हो गए थे, लेकिन डॉ हरिपाल और उनकी टीम ने मेरी बच्ची की जान बचायी में बहुत खुश हूं कि मेरी बेटी अब बाकी बच्चों के साथ पहले की तरह खेलती है।

मंदिर निर्माण को सौंपा एक लाख 11 हजार का चेक

फरीदाबाद। अयोध्या में बनने वाले भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए मोहयाल सभा फरीदाबाद ने भी आगे आकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

संस्था के प्रधान रमेश दत्ता, महासचिव रायजादा केएस बाली, वरिष्ठ उपप्रधान नगिन्दर दत्ता, उपप्रधान प्रमोद दत्ता, मिथलेश दत्ता, विनय बक्शी सभी मिलकर बड़खल विधायिका सीमा त्रिखा के सेक्टर-21बी स्थित निवास पर पहुंचे और 1 लाख 11 हजार 111 रुपये का चेक उन्हें भेंट किया। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि राम मंदिर का बनना पूरे देश खासकर हिन्दू समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इस क्षण को देखने के लिए लोगों की आंखे तरस गई थी। आज यह क्षण देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अथक प्रयासों से ही संभव हो पाया है। सीमा त्रिखा ने कहा कि मोहयाल सभा की पूरी बिरादरी ने अपनी नेक जमा से यह चेक दिया है जिसके लिए में पूरी संस्था को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि मोहयाल सभा की जितनी भी तारीफ की जाए वो कम है क्योकि इस संस्था ने लॉकडाऊन में भी मुझे अपने घर बुलाया था और वहां लाखों रुपये के चेक प्रधानमंत्री राहत कोष के लिए दिए थे।

कैशबैक का लालच देकर ठगने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

डॉ. अर्पित जैन डीसीपी मुख्यालय ने बताया कि साइबर सेल की टीम ने, आरबीएल बैंक का कर्मचारी बताकर लोगों के साथ आरबीएल बैंक के कार्ड पर कैशबैक का ऑफर दे धोखाधड़ी से पैसा ऐंठने वाले दिल्ली निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो कम समय में अवैध तरीके (साइबर फ्रॉड) से ज्यादा पैसा कमाना चाहते थे। गिरफ्तार आरोपियों में ध्रुव और हिमांशु शामिल है। फरीदाबाद साइबर थाना में इन लोगों के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज हैं।

14 फरवरी को साइबर तकनीक की सहायता से आरोपियों को फरीदाबाद से गिरफ्तार करके 10 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में सामने आया कि आरोपी खुद को आरबीएल बैंक का कर्मचारी बताकर लोगों को फोन करके उनके आरबीएल क्रेडिट कार्ड पर कैशबैक ऑफर का लालच देते थे। इन फर्जी बैंक कर्मियों की बातों में आकर कुछ लोग कैशबैक के लालच में फंस जाते थे। पैसों के लालच में आकर जब कार्डधारक कैशबैक ऑफर लेने की हामी भर लेते थे तो आरोपी क्रेडिट कार्ड की वेरिफिकेशन के नाम पर उनसे क्रेडिट कार्ड का नंबर, सीवीवी और ओटीपी प्राप्त कर लेते थे। इसके बाद वह उस क्रेडिट कार्ड से ईकॉमर्स वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन शौपिंग करते और महंगे सामान मंगवा लेते। जब वह सामान डिलीवरी के लिये आता तो उसे अपने पते पर न लेकर कहीं बीच रास्ते में ही ले लेते थे और बाद में उस सामान को सस्ते रेट पर राह चलते लोगों को बेच दिया जाता था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में अब तक 50 से ज्यादा लोगों सहित पूरे देश में एक हजार से ज्यादा लोगों के साथ धोखाधड़ी कर चुके हैं।

धोखाधड़ी करके इन्होने कई लोगों को लाखों का चूना लगाया है। सेक्टर 28 के रहने वाले राजबहादुर के साथ 1 लाख 27 हजार, सेक्टर 15ए के निवासी अमितराज बग्गा के साथ 92 हजार और बल्लबगढ की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी संजय कुमार के साथ 52 हजार का फ्रॉड कर चुके हैं।

जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य : सलिल

फरीदाबाद। सेक्टर 16ए कम्युनिटी सेंटर में नारायण सेवा संस्था उदयपुर के सहयोग से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास डॉ संजय कृष्ण सलिल ने कहा है कि जरूरतमंदों की सेवा सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य यही नर सेवा नारायण सेवा है। सभी ग्रंथों में दान का बड़ा महत्व दिया है। अत: सभी को यथासंभव दान करना चाहिए। भागवत कथा सुनने के लिए भक्तजन आ रहे हैं जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक होती है। आयोजक व मुख्य यजमान संत गोपाल ने कहा है कि श्रीमद भागवत कथा के साथ-साथ 26 व 27 फरवरी को दिव्यांग शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमे दिव्यांग भाई-बहनों का इलाज करके उनके दिव्यांग अंगों के लिए समान दिया जाएगा। यह भागवत कथा 28 फरवरी तक प्रतिदिन सायं 3 से 6 तक आयोजित की जाएगी। बुधवार को कथा सुनने के लिए प्रहलाद गोयल ,टीपी शर्मा, अशोक अग्रवाल, नानक सरपंच, सुषमा गुप्ता, गौरव गोयल, यश गोयल, शिल्पा, रेयांश विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जीवा सीजीएचएस पैनल का पहला आयुर्वेद हॉस्पिटल

यह आयुर्वेद के अद्वितीय उपचार के दृष्टिकोण पर आधारित है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जीवाग्राम, सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए जीवा आयुर्वेद का विशेष केंद्र, हरियाणा का पहला सीजीएचएस (सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) पैनल में शामिल होने वाला एनएबीएच मान्यता प्राप्त आयुष हॉस्पिटल बन गया है।

सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित भारत सरकार के मौजूदा और पूर्व कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाएं देने वाली एक योजना है। पैनल में शामिल होने से केंद्र सरकार के कर्मचारी, पेंशन लेने वाले और उन पर आश्रित रहने वाले नमांकित लोग इस योजना के तहत स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए जीवाग्राम से आयुर्वेदिक उपचार और सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

यहां आयुर्वेदिक पद्धतियां जैसे पंचकर्म (शोधन) उपचार, योग और ध्यान, राग चिकित्सा, रिफ्लेक्सोलॉजी, मुद्रा उपचार, प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेदिक कुकिंग, जड़ी-बूटियों और तरह-तरह के आहार और जावनशैली से जुड़ी गतिविधियां, ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल के हिस्से के रूप में प्रदान की जाती है। जीवा आयुर्वेद के निर्देशक डॉ. प्रताप चौहान ने कहा, जीवाग्राम की विशेषता यह है कि यह व्यक्तियों को उनकी प्रकृति के अनुसार व्यक्तिगत व विशेष उपचार का अनुभव प्रदान करता है। यहां उपचार, चिकित्सा गतिविधियां या भोजन सब कुछ न केवल रोग के लक्षणों के लिए बल्कि शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से बीमारी के मूल कारण को देखते हुए बहुत बारीकी से तैयार किया जाता है।

बीमारियों के मूल कारणों को दूर करने के प्रमुख आयुर्वेदिक सिद्धांतों पर आधारित, जीवाग्राम व्यक्ति के संपूर्ण स्वास्थ्य कल्याण में विश्वास करता है- जिसमें मन, शरीर और आत्मा शामिल है। इसका आयुर्वेदिक उपचार का दृष्टिकोण, भले ही प्राचीन और पारंपरिक आयुर्वेदिक पद्धतियों से लिया गया है, लेकिन यह आयुनिक जैसे वैज्ञानिक डेटा- संचालित प्रोटोकॉल पर आधारित है। यह आयुर्वेद के अद्वितीय उपचार के दृष्टिकोण पर आधारित है, जो रोगी के देखभाल की उच्चतम गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान डेटा के साथ संयोजन करके उन्हें व्यक्तिगत मूल-कारण के लिए उपचार प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करता है। प्रकृति विश्लेषण परीक्षण के आधार पर, जीवाग्राम हेल्थ केयर सुविधा प्रत्येक व्यक्ति को आहार और जीवनशैली पर मार्गदर्शन के साथ, अनुकूल आयुर्वेदिक दवाओं और उपचार का एक संयोजन प्रदान करती है। 27 साल की उपचार विरासत के अनुभव का लाभ उठाते हुए, जीवाग्राम की परिकल्पना उन रोगियों को ध्यान में रख कर की गई है जो आयुर्वेदिक उपचार की मदद से संपूर्ण संतुलन और अच्छे स्वास्थ्य को पाना चाहते हैं।

कोरोना: 10 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46462

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिले में कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बुधवार को 10 नए मामले सामने आए। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 46462 पर पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ 10 पॉजिटिव में बसेवला, एनआईटी, सेक्टर-8, सेक्टर-87 से 1-1 मरीज है और ग्रीन फिल्ड कालोनी से दो और अन्य एरियों से 4 मरीज शामिल है। वहीं दूसरी तरफ राहत की बात यह रही कि जिले में 8 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99 प्रतिशत पर पहुंच गया।

ये हैं आंकड़े

जिले में कुल जांचें -	535849
अब तक पॉजिटिव -	46462
अब तक नेगेटिव -	488632
रिपोर्ट आनी शेष -	755
ऑक्सीजन पर है -	1
वैंटिलेटर पर है -	1
अब तक मौत -	416
अब तक ठीक -	45976

कांग्रेस की समस्या

अस्थिर नेतृत्व

कांग्रेस कई राज्यों में चुनाव जीतने या अपनी पकड़ बनाए रखने में विफल रही है। देश की 'सबसे पुरानी पार्टी' को भाजपा से न केवल यह सीखने की जरूरत है कि चुनाव कैसे जीते जाते हैं, बल्कि सरकार कैसे बनाई जाती है। वह यह भी सीख सकती है कि पालाबदल करवा कर कैसे विरोधी शिविर में दरार डाल कर विरोधियों को परास्त किया जाता है। पुडुचेरी में मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी के सदन में बहुमत परीक्षण के पहले इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस दक्षिण भारत में अपनी एकमात्र सरकार खो चुकी है। वह भी ऐसे समय हुआ है जब पांच राज्यों-असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु व पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने ही वाले हैं। पार्टी की विफलता न केवल चुनाव हारने, बल्कि उन स्थानों पर अपना कब्जा बनाए रखने से स्पष्ट होती है जहां वह सरकार बना चुकी थी। इन सबसे कमजोर और हताश नेतृत्व व कार्यकर्ताओं का पता चलता है जहां नियोजन व समन्वय की कमी है तथा गुटबाजी हावी है। इसके उलट भाजपा में अनेक नेता हैं तथा उसके अपने कार्यकर्ताओं के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता चुनाव से पहले विभिन्न समुदायों में रणनीतिक रूप से व सुनियोजित ढंग से काम करते हैं। कांग्रेस में ऐसे 'मजबूत कार्यकर्ताओं' का अभाव है और उसके जमीनी कार्यकर्ताओं में चुनाव जीतने के लिए आवश्यक विश्वास का अभाव है। पार्टी अब भी चुनावी विजय के लिए गांधी-नेहरू परिवार पर निर्भरता के सदियों पुराने फार्मूले पर चल रही है। यह योजना अब निरर्थक हो गई है और कांग्रेस को अपनी स्थिति मजबूत कर मतदाताओं में अपनी छवि बदलने की जरूरत है।



हालांकि, पार्टी अनेक पराजयों से उबरने का प्रयास कर रही है और राहुल गांधी आक्रामक रूप से आगामी विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान चला रहे हैं, पर पार्टी के पास चुनाव संचालन के लिए निर्वाचित अध्यक्ष नहीं है। पिछले महीने इसने घोषणा की थी कि एक निर्वाचित अध्यक्ष जून, 2021 तक सामने आ जाएगा। इसमें एक संदेश छिपा था कि या तो पार्टी चुनावों के पहले आंतरिक चुनाव करवा कर महत्वपूर्ण समय खराब नहीं करना चाहती है अथवा वह अपने 'युवराज' का चुनावों में संभावित पराजय के दाग से बचाव करना चाहती है। इसके साथ ही अधिकांश कांग्रेस नेता अब भी गांधी परिवार के इशारे पर चलते हैं और पार्टी में लिए जाने वाले महत्वपूर्ण निर्णयों में लोकतंत्र का अभाव साफ-साफ दिखता है। हाल ही में पार्टी में सर्वोच्च निर्णय लेने वाली कांग्रेस कार्यसमिति ने सोनिया गांधी को पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव समाप्त होने के बाद आंतरिक चुनाव कराने का अधिकार दिया था। पुडुचेरी में नवीनतम धक्के के बाद पार्टी की राजनीतिक छाप और छोटी हो गई है। वह अब केवल तीन राज्यों-पंजाब, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की सत्ता में है। कांग्रेस के लिए भावी संघर्ष आसान नहीं है। यदि वह स्वयं को मुकाबले में बनाए रखना चाहती है तो उसे पार्टी के भीतर व्यवस्थागत परिवर्तन करने होंगे। इसके साथ ही उसे जनता तक पहुंचने की रणनीति बदलनी होगी। कांग्रेस को भाजपा से सीखना होगा कि चुनाव जीतने के लिए समय पर वादे पूरे करने के बजाय लंबे-चौड़े वादे करना जरूरी है, भले ही वे झूठे हों। ऐसा न होने पर उसे केवल पंजाब के नगर निकाय चुनावों से संतुष्ट रहना होगा क्योंकि फिलहाल भाजपा कांग्रेस पर बहुत भारी पड़ रही है।

भारत-चीन सीमा पर मौजूदा स्थिति

भारत ने फिंगर्स क्षेत्र में स्थिति बहाल करने के लिए अपने ट्रंप कार्ड का प्रयोग किया। इस दौर में भारत व चीन, दोनों को तनाव घटाने में सफलता मिली है।



अशोक के मेहता
लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)

वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर तनाव घटाने के बारे में कुछ सवाल पुन: पूछने की जरूरत है। सवाल है कि भारत ने कैलाश पर्वत श्रृंखला की चोटियों से सेना क्यों वापस बुला ली और इसके लिए अप्रैल, 2020 की स्थिति बहाली की शर्त नहीं लगाई। इसका सबंध सीधे डेपसांग से सैनिकों की वापसी से है और इसे केवल पैगांग सो के उत्तरी-दक्षिणी किनारों से वापसी तक सीमित नहीं किया जा सकता है। इसका जवाब उत्तरी सेना कमांडर लेफ्टीनेंट जनरल वाई.के.जोशी के पिछले सप्ताह दिए साक्षात्कार से स्पष्ट है। लगभग एक साल से भारत दावा कर रहा है कि वह सियाचिन समेत ऊंचे स्थानों पर युद्ध के कौशल और दृढ़ता से पूरी तरह लैस है, जबकि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए ने शायद 1962 के बाद पहली बार कैलाश पर्वत श्रृंखला में अपनी चौकियां बनाई थीं और उसके पास ऐसी प्रतिभा नहीं है। चीन के कारण सैनिकों की तैनाती के लिए 1,000 करोड़ रुपये खर्च करने पड़े तथा आपातकालीन आवश्यकताओं पर 20,000 करोड़ खर्च हुए। सामान्य स्थिति में ऐसा खर्च नहीं होता है।

कोविड-19 वैश्विक महामारी की छाया में चीन ने पीएलए को जिनजियांग में प्रशिक्षण देने के बजाय उसे लद्दाख के 300 किलोमीटर पूरब में स्थित डेपसांग व डेमचोक में घुसपैठ के लिए तैयार किया। भारत संभवत: घुसपैठ की ऐसी स्थितियों के लिए तैयार नहीं था ओर चीन ने 1959 की अपनी दावा रेखा पर एलएसी के पश्चिम में कब्जे का प्रयास किया। उसने गलवान बफर क्षेत्र मानने तथा डेपसांग में चर्चा से इनकार किया। गलवान में झड़प के बाद भारतीय सेनाओं ने यथास्थिति बनाए रखने के बाद सीमा पर तनाव घटाने के प्रयास शुरू किए। इसमें चीन के मोल्डो व स्पांगुर झील के निकट तैनात गैरिज़नों के सामने कैलाश पर्वत श्रृंखलाओं की चोटियों से उतरना शामिल है। कुछ विश्लेषकों की राय में इस प्रकार तनाव घटाने से चीन लाभ की स्थिति में है। बीजिंग ने एलएसी को एलओसी में बदल कर भारत पर आर्थिक बोझ डाला है। भारत ने राजनीतिक रूप से चीनी आक्रामकता का डट कर मुकाबला जरूर किया है, लेकिन पड़ोस में मजबूत सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत की क्षमता पर संदेह पैदा हो गए हैं।

सरकार को इस बात के लिए धन्यवाद दिया जाना चाहिए कि उसने पहली बार तीन डी-डिसइन्गेजमेंट, डी-एस्कैलेशन व डी-इंडक्शन, यानी दूसरे शब्दों में पुन: मुकाबले, तनाव घटाने व पुन: तैनाती के बारे में महत्वपूर्ण आपरेशनल सूचनाओं का साझा किया। अतीत में सरकार और सैनिक अधिकारियों द्वारा परस्पर विरोधी सूचनायें आती रही हैं तथा स्वतंत्र पत्रकारों द्वारा अपने सूत्रों के दावे से पेश खबरों से और भ्रम बढ़ता रहा है। पिछले वर्ष घुसपैठ के अनेक प्रयासों का मुकाबला करने वाले लेफ्टीनेंट जनरल जोशी ने पिछले सप्ताह बताया कि तनाव घटाने का समझौता अगस्त 29-30 को फिंगर 4 व कैलाश पर्वत श्रृंखला की रणनीतिक पहाड़ियों पर कब्जे की उल्लेखनीय टैक्टिकल कार्रवाई के बाद हुआ जिसने पीएलए को मजबूर कर दिया था। एलएसी के भारतीय पक्ष में की गई यह कार्रवाई अत्यन्त महत्वपूर्ण थी। ले.जन. जोशी ने विस्तार से बताया था कि कैलाश पर्वत श्रृखला के रोजंजीला व रेचिन्ला में टैंक तैनात करना गेम-चेंजर साबित हुआ। इससे न केवल वार्ता बहाल हुई, बल्कि पीएलए को फिंगर 4 से फिंगर 8 के पीछे तक हटना पड़ा। उन्होंने बताया कि पहली बार पीछे हटने की

भारत चीन को 1959 की दावा रेखा की अनुमति नहीं दे सकता। वर्तमान स्थिति में बफर क्षेत्र मुख्यत: भारतीय इलाके में है, डेपसांग में गतिरोध से अप्रैल 2020 वाली आरएसक्यूए नहीं बन सकी है जिससे सीमा पर परस्पर विश्वास, शांति और सद्भावना को खतरा पैदा हो सकता है। दोनों देशों के बीच स्थाई व गंभीर द्विपक्षीय संबंधों के लिए सीमा पर शांति और सद्भावना जरूरी है।

प्रक्रिया लिखित रूप से निर्धारित हुई तथा वार्ता जारी रहेगी। स्पष्ट रूप से कहा जाए तो दक्षिणी किनारे पर पीछे हटने का मामला उत्तरी किनारे जैसा नहीं है। लिखित समझौते में आरएसक्यूए अप्रैल 2020 का कोई उल्लेख नहीं है, हालांकि अन्य टकराव बिंदुओं को चर्चा में शामिल किया गया है। यदि यह मान लिया जाए कि जनरल जोशी की बातों का सही संदर्भ लिया गया है तो फिंगर्स क्षेत्र के लिए कैलाश पर्वत श्रृंखला के ट्रंप कार्ड का प्रयोग हो चुका है। उन्होंने कहा कि चीन को कोई जमीन नहीं खोई गई। संभवत: उनके कहने का अर्थ पैगांग झील के क्षेत्र से था और इसमें घुसपैठ के प्रयास वाले सभी स्थल शामिल नहीं थे। दोनों देशों के बीच टकराव का क्षेत्र बहुत व्यापक है जिसमें गलवान और डेपसांग में मुख्य सरोकार शामिल हैं। शायद कैलाश पर्वत श्रृंखला में मजबूत स्थिति का लेनदेन में प्रयोग इन क्षेत्रों के लिए नहीं हुआ। इस दौर में फिंगर्स क्षेत्र को खाली करना भारत और चीन, दोनों के लिए विजय वाली स्थिति है जिसमें कैलाश पर्वत श्रृंखला से टैंकों व सेनाओं की वापसी शामिल है।

हालांकि, ले. जन. जोशी ने इसे स्थाई लाभ की तरह नहीं पेश किया है, पर रणनीतिक दृष्टिकोण से पहला कदम महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा है कि पूरे प्रकरण ने चीनियों को परेशान कर दिया है और चीन की स्थिति कमजोर हुई है। इसमें भारतीय सेनाओं द्वारा कैलाश पर्वत श्रृंखलाओं पर कब्जे के साथ ही फिंगर्स क्षेत्र से चीनी सैनिकों की वापसी शामिल है।

शनिवार को दोनों पक्षों के बीच संवाद बहाली का नतीजा लिखित समझौते में नहीं हुआ, पर एक संयुक्त बयान जारी किया गया कि 'सीमा क्षेत्रों में शांति और सद्भावना बनाए रखने के लिए बाकी मुद्दों का परस्पर स्वीकार्य समाधान तेजी से किया जाएगा।' ऐसे में मुख्य सवाल यह बना हुआ है कि गलवान, गोगरा हाट स्प्रिंग, डेमचोक व डेपसांग में सेनाओं के बीच अलगाव का अंतिम स्वरूप क्या होगा। गलवान में भारतीय सैनिकों को अपने परंपरागत गश्ती बिंदु 14 से ढाई किलोमीटर पीछे रख कर एक बफर क्षेत्र बनाया गया है। चीन डेपसांग को विरासत से मिला विवाद मानता है और दोनों सेनाओं के बीच सीधा टकराव न होने से उसे राहत मिलेगी। लेकिन कराकोरम पर्वत श्रृंखला और अक्साईचिन के संबंध में यह भारतीय रक्षा का सर्वोच्च रणनीतिक रूप से संवेदनशील बिंदु है। इसी कारण यह चीन के लिए भी महत्वपूर्ण है। भारत चीन को 1959 की दावा रेखा की अनुमति नहीं दे सकता है। वर्तमान स्थिति में बफर क्षेत्र मुख्यत: भारतीय इलाके में है, डेपसांग में गतिरोध से अप्रैल 2020 वाली आरएसक्यूए नहीं बन सकी है जिससे सीमा पर परस्पर विश्वास, शांति और सद्भावना को खतरा पैदा हो सकता है। दोनों देशों के बीच स्थाई व गंभीर द्विपक्षीय संबंधों के लिए सीमा पर शांति और सद्भावना जरूरी है। लेकिन चीन सीमा विवाद को द्विपक्षीय संबंधों से अलग रखना चाहता है। ऐसे में डेपसांग रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।

राजनीति में धन-बल प्रयोग पर अंकुश जरूरी

राजनीतिक दल रैलियों, राहत निधियों, कूपन की बिक्री और अन्य विविध आवंटन के दौरान दान के माध्यम से धन प्राप्त कर सकते हैं।

कल्याणी शंकर
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)

वित्त पोषण एक राजनीतिक पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर वह जो सत्ता में नहीं है। कांग्रेस पार्टी एक गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रही है और उसने अपने मुख्यमंत्रियों और पदाधिकारियों से मदद मांगी है। केरल, असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और पुडुचेरी के आगामी विधानसभा चुनावों ने पार्टी पर दबाव बढ़ा दिया है, जो केवल पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी में सत्ता में है। ग्रैंड ओल्ड पार्टी' में नकदी की कमी, जो 56 वर्षों से सत्ता में थी, विभिन्न कारणों से है। इसे पिछले छह वर्षों से कम धनराशि प्राप्त हो रही है क्योंकि एक धारणा है कि कांग्रेस के प्रधानता की स्थिति में फिर से वापस आने की संभावना नहीं है। दूसरा, भाजपा 2014 से कांग्रेस से आगे निकल गई है। तीसरा, वह नेतृत्व संकट का सामना कर रही है और चौथे, क्षेत्रीय दल भी दान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पांचवां, निजी दानकर्ताओं से किसी भी पार्टी का धन सार्वजनिक विश्वास पर निर्भर करता है। पहले कांग्रेस के पास प्रत्येक राज्य में फंड मैनेजर थे, लेकिन केंद्रीय नियंत्रण के कारण यह प्रणाली अब ध्वस्त हो गई है।

पार्टी को राज्य इकाइयों, मुख्यालयों को चलाने, कर्मचारियों को वेतन देने, चुनाव अभियानों के लिए, नए पार्टी कार्यालय के निर्माण आदि के लिए धन की आवश्यकता होती है। 2018 में, यह निम्नतम स्तर पर पहुंच गई और अक्टूबर में धन के लिए अपील करने के लिए एक 40-दिवसीय बूथ समिति शिलान्यास कार्यक्रम शुरू किया। वास्तव में, कांग्रेस को भीड़ से वित्तपोषण का सहारा लेना पड़ा।

राजनीतिक दलों के लिए सबसे लोकप्रिय धन उगाहने वाले तरीकों में से कुछ व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट फंडिंग हैं। कॉरपोरेट दान के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करने की भाजपा की अभूतपूर्व क्षमता कांग्रेस के तेज मंदी और वित्तीय संकट से जुड़ी हुई है। कांग्रेस के सत्ता में रहते हुए भी, जब वह दो कार्यकालों से सत्ता में थी, तब भी भगवाधारी दल ने

90 प्रतिशत फंडिंग पर कब्जा कर रखा था। हाल के वर्षों में, मोदी सरकार ने राजनीतिक फंडिंग में तीन महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं और पार्टियां अब विदेशी दान प्राप्त कर सकती हैं। कोई भी कम्पनी किसी भी राशि को एक राजनीतिक पार्टी को दे सकती है और तीसरा, कोई भी व्यक्ति, लोगों का समूह या फर्म चुनावी बांड के माध्यम से किसी पार्टी को गुमनाम रूप से धन दान कर सकता है। ये बांड जनवरी 2018 से उपलब्ध हैं और भाजपा और कांग्रेस के बीच कॉर्पोरेट दान में अंतर व्यापक रूप से बढ़ रहा है। जो भी कारण हो, सत्तारूढ़ और मुख्य विपक्षी दल के बीच राजनीतिक योगदान में इतना बड़ा अंतर लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

चुनाव आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस को 2019-2020 के दौरान दान के रूप में 139 करोड़ मिले। यह अभी भी दूसरी सबसे समृद्ध पार्टी है लेकिन भाजपा से बहुत पीछे है। कांग्रेस के संविधान के अनुसार, कानून बनाने वालों और श्रमिकों को अपनी आय का एक प्रतिशत पार्टी को देना होता है, लेकिन ऐसा नहीं होता है। ऐसी स्थिति में इसे अपने सदस्यों को अधिक दान करने और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल का अनुकरण करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, जो 2020 में सर्वोच्च व्यक्तिगत दाता थे और उन्होंने पार्टी फंड में करोड़ दिए थे। एक राजनीतिक दल रैलियों, राहत निधियों, कूपन की बिक्री और अन्य विविध आवंटन के दौरान दान के माध्यम से धन प्राप्त कर सकता है। हालांकि, अगर चुनाव खर्च में कटौती की जाती है, तो बड़ी धनराशि इकट्ठा करने के लिए किसी पार्टी की आवश्यकता नहीं है।

चुनाव आयोग के पास राजनीतिक दलों के सुधार, खातों की ऑडिटिंग, काले धन की जांच करने और 20 प्रतिशत तक गुमनाम दान की कैपिंग सहित सुझावों की एक लंबी सूची है। कई पैनलों ने चुनाव सुधारों की सिफारिश की है। इसमें गोस्वामी समिति (1990), वोहरा समिति (1993) और विधि आयोग शामिल थे। सुझावों में से एक राज्य वित्त पोषण था। समय की आवश्यकता चुनावी सुधार है और चुनावी प्रणाली का परिष्करण करने के लिए इन सुधारों को आगे बढ़ाने का समय है ताकि धनबल कम हो। जरूरत है राजनीतिक इच्छाशक्ति की और सुधारों पर आम सहमति की।

आप की बात

शराब के लिए जनजागृति जरूरी

देश में शराब खोरी और इससे जुड़ी घटनाओं में बेइंतेहा वृद्धि के मद्देनजर जनमानस में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। अब राजनेता, संत और सामाजिक संगठन इसके खिलाफ मैदान में उतरते नजर आ रहे हैं।आर्थिक कमजोरी के बंधन में जकड़ी सरकार चाह कर भी इसको बंद नहीं कर पा रही है ।अब सामाजिक विरोध के माध्यम से ही इसे रोका जा सकता है। लोगों को इसके नफा नुकसान खुद ही समझना चाहिए। शराबखोरी ने व्यक्ति और समाज को पतन की राह किया है। नशेबाज लोग घर, संपत्ति आदि बेचकर कंगाल हो रहे हैं तो उनका स्वास्थ्य भी सुरक्षित नजर नहीं आ रहा है। समाज में हो रही विषम घटनाओं ने आंदोलन का रास्ता तैयार किया है। शराब खोरी के कारण पारिवारिक विघटन और हिंसा की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है यही वजह है कि लोग चिंतित हैं। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती द्वारा नशा बंदी के खिलाफ जिस तरह से माहौल बनाया गया है उससे शराब बाजी के खिलाफ विरोध स्वर मुखरित हुए हैं। इस बीच शराब खोरी को लेकर छिड़ी बहस में संत हरी गिरी महाराज ने ठेके बंद कराने के लिए पदयात्रा निकालने और पंचायत करने की घोषणा की है।

- **अमतलाल मारू**, दसई, मप्र

पेट्रोल की शतकीय पारी

पेट्रोल डीजल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी, कोई नई बात नहीं है। लेकिन, जिस सरकार ने प्रतिपक्ष में रहकर, पक्ष को ललकारा था, आज वो भी उसी जाल में फंसे नजर आ रहे हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि सत्ता बदलती है, चेहरे बदलते हैं लेकिन चरित्र नहीं। लॉक डाउन के दौरान, इन्हीं पेट्रोल की कीमत लगभग बीस डॉलर प्रति बैरल थी, जो कि अब बढ़कर लगभग तिरसठ डॉलर प्रति बैरल हो गई है। जब कच्चे तेल की कीमत प्रति बैरल कम थी, बावजूद इसके सरकार ने छूट नहीं दी, लेकिन जब प्रति बैरल तेल में वृद्धि हुई तो इसको बढ़ाया जा रहा। सरकार की मंशा है कि किस तरीके से मौके का फायदा उठाकर, आम आदमी की जेब पर प्रहार किया जाए। आम आदमी सरकार से उसके वादे पर लिए गए वोट को ध्यान में रखते हैं, ना कि वैश्विक स्तर पर हो रहे उथल पुथल। अन्यथा जनता के पास मतदान का शांतिप्रिय रास्ता है। दुनिया भर में कच्चे तेल की आपूर्ति तेल निर्यातक समूह (ओपेक) से होती है। सऊदी और ईरान जैसे देश, कच्चे तेल के वितरण और विनिमय को कम करके, दामों को मनमाने तरीके से बढ़ा रहे हैं, जिसका विपरीत असर तेल खरीदने वाले देशों पर पड़ रहा है।

- **अमन जायसवाल,** दिल्ली विश्वविद्यालय

कोरोना के बढ़ते मामले

यह पत्र, कोरोना की वापसी, मामले बढ़ने से चिंता, लेख के संदर्भ मे है। जिस प्रकार से केरल और महाराष्ट्र मे पिछले 8-10 दिनों मे अचानक से कोरोना के मामले बढ़े हैं वह निस्संदेह चिंता का विषय है और इन दोनों सरकारों को बड़े ठोस कदम उठाने की ज़रूरत है. यह समय राजनैतिक दूरियां मिटाकर साथ काम करने का भी है, केंद्र सरकार को भी ज़्यादा से ज़्यादा मात्रा मे वैक्सीन इन दोनो राज्यों मे उपलब्ध करनी चाहिए और वहां स्थानीय लोगों को अभी भी मास्क का इस्तेमाल जारी रखना है और सोशियल डिस्टेन्सिंग को बनाए रखना है। साल 2021 की शुरुआत से ही कोरोना की मामले कम होने शुरू हुए और उसके साथ ही वैक्सीन भी आ गयी और लोगों ने सोचा अब सब सामान्य हो गया है। मगर ऐसा नही है और सावधानी हटी और दुर्घटना घटी की कहावत बिल्कुल चरितार्थ हो रही है। अब हमारी सुरक्षा हमारे खुद के हाथ मे भी है और सरकारें केवल एक सीमा तक ही हमारी मदद कर सकती हैं और हमे यह समझने की जरूरत है।

- **बाल गोविंद,** सेक्टर 44, नोएडा

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

फरमाया

कोई भी समुदाय आरक्षण की मांग कर सकता है लेकिन मुझे लगता है कि केवल उसे आरक्षण मिलना चाहिए जो इसका सर्वाधिक पात्र हो।
- **कांग्रेस नेता**
सिद्धारमैया

जो लोग सामाजिक दूरी के प्रतिबंधों का पालन नहीं करेंगे वे आगामी आपातकालीन आर्थिक सहायता के पात्र नहीं रह जाएंगे।
- **चुग सील क्यून**
दक्षिण कोरिया के पीएम

हम जुलाई-अगस्त 2021 में स्कूल खोलने की स्थिति में आ जाएंगे, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती विद्यार्जन में हुए नुकसान से निबटना है।
- **अतिशी मार्लेना**
आप विधायक

सीएम ने कांग्रेस पर बोला हमला, विभाजनकारी राजनीति करने का लगाया आरोप

● यूपी ने जिन्हें कई बार सांसद बनाया वह केरल में जाकर वहां के लोगों की खिल्ली उड़ा रहेः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

विधान सभा में बुधवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और उन्होंने कांग्रेस पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी मानसिकता ने ही हमेशा राष्ट्रीय सुरक्षा के सामने गंभीर संकट खड़ा किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए सीएम ने कहा कि कुछ लोगों को भारत की प्रगति बहुत अच्छी नहीं लगती। मैं एक राष्ट्रीय पार्टी के नेता का वक्तव्य सुन रहा था। उत्तर प्रदेश ने उनको कई बार सांसद बनाया। वह केरल में जाकर उत्तर प्रदेश के लोगों की खिल्ली उड़ा रहे हैं। बांटने का कार्य कर रहे हैं और वह भी अमेरिकी छात्रों से बातचीत करते हुए।

उन्होंने कहा कि अमेठी और उत्तर प्रदेश के लोगों को कौन लोग अपमानित कर रहे हैं। कांग्रेस आखिर क्या करना चाहती है? यह विभाजनकारी राजनीति क्यों? आप कभी अमेरिकी राजदूत के सामने भारत की निंदा करते हुए कहते हैं कि हमें लश्कर-ए-तैयबा और अन्य आतंकवादी संगठनों से खतरा नहीं है बल्कि भारत के अंदर के संगठनों से खतरा हो गया। हमें आश्चर्य होता है कि यह कैसी विभाजन की राजनीति है। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी राजदूतों के सामने भारत के संगठनों को कटघरे में खड़ा करना, भारत को अपमानित करना, जब सेना सीमा पर लड़ रही हो और दुश्मन देशों को मुंहतोड़ जवाब दे रही हो तब सेना के जवानों को हतोत्साहित करना कौन सी मानसिकता है। यही मानसिकता है जिसने हमेशा राष्ट्रीय सुरक्षा के सामने गंभीर संकट खड़ा किया है। उत्तर प्रदेश की अमेठी की जनता ने तो बहुत मौका दिया। आपके पास ईटली जाने का समय था लेकिन अमेठी जाने का समय नहीं था। क्यों जनता चुनेगी आपको? इस पर कांग्रेस के सदस्यों ने विरोध जताते हुए इस आरोप को गलत बताया। विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने शोर मचा रहे सदस्यों से शांत रहने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने किसी का नाम तो नहीं लिया फिर यह कहावत चरितार्थ हो गई है कि चोर की दाढ़ी में तिनका। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की तरफ इशारा करते हुए कहा कि यह कैसा राजनीतिक संस्कार है कि आप उत्तर प्रदेश में जब आएंगे तब मंदिर भी याद आने लगता है। तब कहेंगे कि वृंदावन को बचाओ। वृंदावन को आप क्या बचाएंगे। वह तो भगवान कृष्ण की लीला भूमि है जब कंस उसका बाल बांका नहीं कर पाया है तो आप क्या कर पाएंगे। उन्होंने प्रियंका पर कोविड-19 महामारी के दौरान भी प्रवासी श्रमिकों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए 1000 बसें उपलब्ध कराने के नाम पर प्रदेश की जनता के साथ मजाक करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन वाहनों की जांच में पता लगा कि जो बस का नंबर बताया गया वह दरअसल स्कूटर का था।

यूपी के गुनहगार को पंजाब में क्यों शरण देने का प्रयास हो रहा हैः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसी को भी कानून के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। राज्य सरकार अपराधियों के खिलाफ अपना अभियान जारी रखेगी। उन्होंने सिलसिलेवार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई का आंकड़ा पेश करते हुए इसमे कमी होने की बात बताई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बताए कि आखिर एक माफिया को वह पंजाब में संरक्षण क्यो दे रही है? योगी ने कहा कि किसी भी अपराधी को संरक्षण देना उसके कृकत्यों में शामिल होने के समान है। उन्होंने कहा कि यूपी के गुनहगार को पंजाब में क्यों शरण पाया है। उनको क्यों शरण देने का क्यों प्रयास हो रहा है? उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए एक प्रदेश में अलग फोर्स का गठन किया है। साथ ही मिशन शक्ति अभियान प्रारम्भ किया गया है जिसके पास महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा का जिम्मा है।

लाल, पीली, नीली, हरी टोपी पहनकर आना कहां की परिपाटी है

लखनऊ। राज्यपाल के अभिभाषण पर उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस के नेताओं को जमकर लताड़ा। अपने करीब ढाई घंटे के भाषण में किसानों, कोरोना मैनेजमेंट, कानून व्यवस्था, निवेश, एयर कनेक्टिविटी और धार्मिक पर्यटन सहित अन्य कई बिंदुओं पर सिलसिलेवार आंकड़ों सहित अपनी बात रखी। उन्होंने सदन में सदस्यों के लाल और पीली हरी टोपी पहनने पर कहा कि ऐसा लगता है कि जैसे ड्रामा कंपनी है। उन्होंने एक कार्यक्रम में अन्नप्राशन के दौरान एक बच्चे का उदाहरण देते हुए कहा कि वह टोपी देखते ही बोला मम्मी देखो गुंडे आ गए। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष की चुटकी लेते हुए कहा कि वह आदमी अच्छे हैं पर पार्टी गलत है। इसके कारण वह अक्सर भटक जाते हैं। उन्होंने कोराना काल में सरकार की ओर से किए गए प्रयासों को विस्तार से बताया। कोरोना से जंग में मिली जीत का श्रेय टीम वर्क को दिया। साथ ही इस बारे में घोटाले की बात को भी पाप बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संवैधानिक प्रतीकों के प्रति किसी को भी प्रतिकूल टिप्पणी का हक नहीं। ऐसा करना भी नहीं चाहिए। परिपाटी भी यही है। इसके बावजूद जिस प्रकार का आचरण देखने को मिल रहा है। वह पीड़ादायक है। चिंताजनक है। एक संवैधानिक प्रमुख ऊपर से महिला। अगर आप इसे परिपाटी मान लेते कि संवैधानिक प्रमुख का सम्मान करना है तो बहुत अच्छी बात होती। अगर वह नहीं होता तो कम से कम महिला के नाते ही उनका सम्मान कर लेते।

कोरोना के खिलाफ लड़ाई में अभूतपूर्व एकजुटता के लिए जताया आभार

लखनऊ। स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंट लाइन वर्कर, समाजसेवी संस्थाओं के अलावा जनप्रतिनिधियों के प्रति सीएम ने वैश्विक महामारी कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में समाज के हर तबके से मिले सहयोग के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी के प्रति आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस विभीषिका के बीच स्वास्थ्यकर्मियों, सुरक्षाकर्मियों, स्वयंसेवी संस्थाओं सहित समाज के हर वर्ग से सहयोग मिला। जनप्रतिनिधियों ने स्वेच्छा से हर तरह की मदद दी। यह एकजुटता अभूतपूर्व थी। इस एकजुट प्रयास के कारण आज उत्तर प्रदेश की नीतियों की सराहना विश्व स्वास्थ्य संगठन भी कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कोरोनाकाल की चुनौतियों पर विस्तार से बात रखी। सीएम ने कहा कि कोविड-19 के शुरुआत के समय राज्य में कोरोना जांच की सुविधाओं का अभाव था। 23 मार्च 2020 को केजीएमयू की बीएसएल लैब में कोविड-19 की जांच प्रारम्भ होने पर एक दिन में मात्र 72 टेस्ट हो सके थे। लेकिन सतत प्रयासों से टेस्टिंग व्यवस्था को निरन्तर सुदृढ़ करते हुए प्रदेश में अब तक 3 करोड़ से अधिक सैम्पल की जांच हो चुकी है। यह संख्या देश में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि कोरोना कालखंड में सैनिटाइजर की काफी मांग बढ़ी थी, जिससे बाजार में इसके दाम काफी ज्यादा थे। प्रदेश सरकार द्वारा चीनी मिलों को सैनिटाइजर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसका परिणाम है कि सैनिटाइजर के दामों में काफी कमी आई और कोरोना कालखंड में प्रदेश सरकार द्वारा 27 राज्यों को सैनिटाइजर निर्यात किया गया। कोरोना काल के दौरान प्रदेश सरकार ने प्रदेश के श्रमिकों व कामगारों, ठेला, खोमचा, रेहड़ी लगाने वाले या दैनिक कार्य करने वाले सभी लोगों को भरण-पोषण दिया गया।

भगवान श्रीराम हम सबके आराध्य, राष्ट्रीय गौरव की प्रतीक है अयोध्या

लखनऊ। अवधपुरी सम प्रिय नहीं कोउ यह प्रसंग जाने कोउ कोउ

● तब राक्षस राम से विद्वेष रखते थे अब कुछ लोगों को राम मंदिर से समस्या

तुलसीकृत रामचरितमानस के इस दोहे के साथ मुख्यमंत्री ने धर्मनगरी अयोध्या को राष्ट्रीय गौरव की प्रतीक नगरी बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या हमारे लिए राष्ट्रीय गौरव का विषय है। यह विश्व के सबसे प्राचीनतम नगरों में से है। महाराजा मनु सृष्टि के पहले राजा थे अयोध्या उनकी राजधानी थी। यह सूर्यवंशी राजाओं की नगरी थी। उन्होने कहा राम पूरी दुनिया में पूजनीय हैं पर यहां कुछ लोगों को आज भी राम से विद्वेष है। तब भी राक्षस कुछ ऐसा ही करते थे। आखिर अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने से किसी को क्या दिक्कत हो सकती है लोग अपनी आस्था से श्रीराम मंदिर निर्माण से जुड़े हैं। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण देश की न्यायपालिका के प्रति विश्वास की जीत है। राम मंदिर निर्माण में पूरे देश से लोग सहर्ष सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या दीपोत्सव और काशी की देव दीपावली की सर्वत्र सराहना हुई। माघ मेला चल रहा है। कल्पवासी आये हैं। हमने सारे बंदोबस्त किए हैं, कहीं कोई दिक्कत नहीं हैं। सभी कोविड प्रोटोकाल का पूरी तरह से पालन कर रहे हैं। अभी वृंदावन संत समागम गया था। सभी लोग अपनी आध्यात्मिक सांस्कृतिक परंपरा का पालन कर रहे हैं। मथुरा हो या वृन्दावन ये सभी प्राचीन नगरियां अपनी प्राचीन विरासत को संजोए, आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित हो रही हैं।

लल्लू को तथाकथित अध्यक्ष कहने पर कांग्रेस ने किया हंगामा

लखनऊ। इससे पहले विधान सभा में मंत्री महेंद्र सिंह द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य अजय कुमार लल्लू को तथाकथित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कहने से कांग्रेस और बीजेपी सदस्यों के बीच तीखी नोक-झोंक हुई। कांग्रेस के सदस्य वेल में आ गए और हंगामा करने लगे जबकि विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित के बार-बार कहने पर भी कांग्रेस सदस्य के सदस्य अपने आसन पर नहीं गए। इस पर नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी ने कहा कि सरकार के मंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड में पिछली सरकारों ने कुछ नहीं किया जबकि मै याद दिला दूं कि अखिलेश सरकार ने बुंदेलखंड में झीलों और सागर को गहरा किया और उसमें जो पानी आया उसी से आज तक बुंदेलखंड में काम हो रहा है। अखिलेश सरकार ने बुंदेलखंड में सबसे बड़ा सोलर पावर का प्लांट लगाया है। वहां के लोगों को निः शुल्क चावल, दाल, आटा, घी, शक्कर का वितरण भी अखिलेश सरकार ने किया था। बाद में पीठ के आश्वासन के बाद कांग्रेस सदस्य शांत हो गए।

उन्नाव-हाथरस मामले में पाकिस्तान और बांग्लादेश से हुए थे ट्वीट:सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उन्होंने हर मामले में राजनीति पर कहा कि जो अनावश्यक निगेटिव वातावरण प्रस्तुत करने का प्रयास होता है हम उसको देखें। अभी हाल ही में उन्नाव में घटना हुई थी। पूरे मामले का पर्दाफाश हो चुका है लेकिन उसमें कुछ स्वार्थी तत्वों ने क्या रूप देने का प्रयास किया था? क्या हम ऐसे गलत मोड़ देकर किसी बेटी को न्याय दे पाएंगे? जब हम किसी घटना को गलत मोड़ देते हैं और हर मामले में राजनीति शुरू कर देते हैं तो वह सबसे सुरक्षित माहौल होता है किसी अपराधी को बचने के लिए। यह शरारतपूर्ण प्रयास है, चाहे वह हाथरस के मामले में हो या उन्नाव के मामले में। उन्होंने कहा कि हमने सोशल मीडिया के पूरे मामले को देखा है। 85 फीसदी ट्विट उत्तर प्रदेश के बाहर से थे और दुनिया के उन देशों के भी थे जो भारत के हितैषी नहीं हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश से ट्विट आए। वे लोग तय करेंगे वहां बैठकर। वहां से संचालित होगी व्यवस्था। उसके अनुरूप यहां पर नेता और राजनीतिक लोग अपना मानस तय करेंगे। सच्चाई को सही रूप में हम प्रस्तुत क्यों नहीं कर पाते हैं। क्यों हम अपनी बहन बेटियों के चित्र को बहुत निगेटिव तरीके से प्रस्तुत करने का प्रयास करते हैं। हर मामले में क्या राजनीति होती है राजनीति के बहुत सारे मुद्दे हैं, लेकिन क्या बहन बेटियों की इज्जत को दांव पर लगाकर राजनीति होगी।

जाति-जाति का शोर मचाते केवल कायर क्रूर

सीएम योगी ने महाराज सुहेलदेव के शौर्य और पराक्रम को नमन किया और कहा कि महाराज सुहेलदेव मातृभूमि के लिए लड़े थे। उनके सामने आक्रांता पूरी तरह परास्त ही नहीं हो गए थे बल्कि 150 वर्षों तक कोई विदेशी हमलावर हमला करने का प्रयास नहीं कर पाया था। उन्होंने कहा कि मुझे महान कवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता याद आती है कि मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का, वीरों का, धनुष छोड़ कर और गोत्र क्या होता रणधीरों का, पाते हैं सम्मान तपोबल से भूतल पर शूर, जाति-जाति का शोर मचाते केवल कायर क्रूर। यह सुनकर सदन तालियों से गूंज उठा।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तीव्र क्रियान्वयन पर यूपी को मिला प्रथम स्थान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तीव्र गति से क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश को प्राप्त यह राष्ट्रीय पुरस्कार केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से बुधवार को दिल्ली में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने ग्रहण किया। श्री शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री के किसान हित की नीतियों एवं योजनाओं का उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में सफल क्रियान्वयन का यह परिणाम है कि प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को प्राप्त राष्ट्रीय पुरस्कार शासन से लेकर ग्राम स्तर तक के लोगों के सुनियोजित प्रयास का परिणाम है। पीएम किसान योजना के क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार से दिशा निर्देश प्राप्त होते ही प्रदेश सरकार द्वारा जिला प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गए। जिसमे लाभार्थी किसानों से घोषणा पत्र एवं पीएम किसान सम्मान निधि पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के लिए अन्य अभिलेख प्राप्ति तथा सत्यापन की व्यवस्था की गई। इस कार्य में जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से डाटा कलेक्शन, फीडिंग एवं करेक्शन का कार्य कराया गया।

श्री शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जब इस योजना का शुभारंभ किया गया तो उस समय देश के एक करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री जी द्वारा निधि की धनराशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई, जिसमें से उत्तर प्रदेश के 40 लाख लाभार्थी थे। वर्तमान में प्रदेश के 2 करोड़ 42 लाख किसानों को योजना के अंतर्गत कम से कम एक किस्त प्राप्त हो चुकी है। देश के सबसे बड़े प्रदेश में भारत सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ग्राम स्तर से लेकर शासन स्तर तक प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी द्वारा पूर्ण मनोयोग से सहयोग किया गया। जिसके लिए उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेश की कृषकोन्मुखी सरकार कृषकों के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण रखते हुए उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं पारदर्शिता के साथ संचालित कर रही है।

सूबे में 24 घण्टे में कोरोना के 131 नए मामले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 131 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 2190 कोरोना के एक्टिव मामलों में से 581 लोग होम आइसोलेशन में हैं। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,20,131 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 3,07,89,576 सैम्पल की जांच की गयी है। उत्तर प्रदेश देश में सबसे ज्यादा कोरोना टेस्टिंग करने वाला प्रदेश है। प्रदेश में ई.संजीवनी के माध्यम से 24 घंटे में 4907 लोगों ने तथा अब तक कुल 5,49, 619 लोगों ने चिकित्सीय परामर्श लिया। प्रदेश में विगत 24 घण्टों में 203 तथा अब तक कुल 5,92,192 लोग कोविड.19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,85,535 क्षेत्रों में 5,11,736 टीम दिवस के माध्यम से 3,14,75,710 घरों के 15,28,43,764 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। प्रसाद ने बताया कि कल 25 फरवरी को छूटे हुए स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन की द्वितीय डोज दी जायेगी।

पहली मार्च से नव चयनित शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

माध्यमिक शिक्षा विभाग में उत्तरप्रदेश लोक सेवा चयन आयोग से नव चयनित प्रवक्ताओं को प्रशिक्षण देने की तैयारी शुरू हो गई है। शिक्षकों का यह प्रशिक्षण पहली मार्च से शुरू होगा। प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। विभाग की तरफ से शिक्षकों को इस बाबत दिशा निर्देश देने को कहा गया है। लोकसेवा आयोग की तरफ से नवनियुक्त 3455 शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

सपा सदस्यों का हंगामा, सात एमएलसी को चेतावनी नोटिस जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

विधान परिषद

● पूरे दिन बरकरार रहा गतिरोध, सपा सदस्य वेल में आकर धरने पर बैठे, सुचारु ढंग से नहीं चल सकी कार्यवाही

विधानपरिषद की कार्यवाही शुरू होते ही बुधवार को एक बार फिर सपा के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। मंगलवार को ध्वनिमत से कई विधेयक पारित कराए जाने के खिलाफ सपा के सदस्य वेल में आकर धरने पर बैठ गए।

इस बीच सभापति ने विधाई कार्यों को निपटा कर प्रश्नों के जवाब देने के लिए संबंधित मंत्री को खड़ा कर दिया इस दौरान हंगामा जारी था। बसपा और कांग्रेस के सदस्य भी अपनी सीटों पर खड़े होकर सपा के समर्थन में दिखे। भारी हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी गई। सपा के सदस्य वेल में धरने पर बैठे रहे। इतना ही नहीं विधानपरिषद की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही सपा नेताओं ने फिर हंगामा किया जिस पर विधानपरिषद को 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस आचरण पर सभापति ने सपा के 7 सदस्यों को चेतावनी नोटिस जारी की है।

सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह के सभापतित्व में से प्रारम्भ हुई। प्रश्न प्रहर प्रारम्भ होते ही सपा के सभी सदस्य अपने अपने स्थान पर खड़े हो कर शोरगुल करने लगे और कुछ सदस्य नारेबाजी करते हुये वेल में आ गए। विपक्ष ने आरोप लगाया कि विधान परिषद सभापति के द्वारा अड़ियल रवैया अपनाते हुए कई विधेयक बिना संशोधन किए पास किए गएए जो कि संविधान के खिलाफ है। हंगामा करते हुए सपा के सभी सदस्य वेल में पहुंचे और नारेबाजी शुरू कर दी। नारेबाजी और हंगामे के बीच ही सभापति ने विधायी कार्यों को निपटा कर प्रश्न प्रहर की कार्यवाही जारी रखी। बसपा और कांग्रेस के सदस्य भी अपनी सीटों पर खड़े होकर सपा के समर्थन में दिखे। सभापति के बार बार कहने पर भी सपा के सदस्य शांत नहीं हुए। भारी हंगामे को देखते हुए सभापति ने सदन की कार्यवाही 11:03 बजे आधे घंटे के लिए एवं पुन: 12 बजे तक के लिए तथा दो बार 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी। पुन: 12:30 बजे सदन की कार्यवाही प्रारम्भ हुई परन्तु सदन अव्यवस्थित ही रहा जिस पर सभापति ने सदन की कार्यवाही 3 बजे तक के लिए पुन: स्थगित कर दी। पुन: 3 बजे सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होने पर सदन में शोरगुल एवं अव्यवस्था बनी रही जिसपर सभापति ने सदन की कार्यवाही 5 बजे तक के लिए एवं पुन:10 मिनट के लिए और स्थगित कर दी। 5:10 बजे अधिष्ठाता जयपाल सिंह व्यस्त के सभापतित्व में पुन: प्रारम्भ हुई। कार्यसूची के मदों को निपटाया गया। यचिकाओं को यचिका समिति को संदर्भित किया गया। नेता कांग्रेस दीपक सिंह की राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी रही।

अधिष्ठाता जयपाल सिंह व्यस्त ने सदन की कार्यवाही 25 फरवरी को 11 बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी। सभापति ने सपा सदस्यों के आचरण को सदन की गरिमा के प्रतिकूल करार दिया। उन्होंने समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्य आनंद भदौरिया एराजेश यादव, सुनील सिंह साजन, संजय लाठर, उदयवीर सिंह, राजपाल कश्यप और संतोष यादव सनी के खिलाफ चेतावनी नोटिस जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध व्यक्त कर सकते हैं परन्तु पीठ के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग उचित नहीं है । कठोर चेतावनी दी गई है कि वे भविष्य में सदन के अंदर लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध तो व्यक्त कर सकते हैं परन्तु अपने मर्यादित आचरण से सदन की मर्यादा और पीठ का सम्मान बनाए रखें ।

सीएजी की रिपोर्ट राजनीतिक आरोप नहीं, सत्य की अभिव्यक्ति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुपम मिश्र ने उत्तर प्रदेश सरकार के विभागों की लापरवाही एवं अदक्षता को उजागर करने वाली हाल ही में जारी सीएजी रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया। मिश्र ने कहा कि सीएजी की रिपोर्ट किसी विपक्षी दल द्वारा लगाया गया राजनीतिक आरोप नहीं बल्कि सत्य की अभिव्यक्ति होती है। सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली पर संदेह व्यक्त करते हुए अनुपम मिश्र ने आगे बताया कि सीएजी रिपोर्ट के मुताबक प्रदेश सरकार के विभाग 23,832 करोड़ के खर्च का हिसाब नहीं दे रहे हैं। इसका अर्थ यह है कि या तो विभागों को आवंटित धन उचित ढंग से खर्च ही नहीं किया गया है अथवा उस धन का दुरुपयोग किया गया है। मिश्र ने कहा कि यदि सरकारी विभाग विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवंटित धन का सही उपयोग ही नहीं करेंगे तो फिर वे योजनाएं अंतत: सरकार द्वारा की गई घोषणाएं मात्र ही रह जाएंगी। यदि उस धन का दुरुपयोग हुआ है तो यह चिंता का विषय है और विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का परिचायक है। मिश्र ने बताया कि सीएजी की रिपोर्ट में आवंटित धन के गलत उपयोग की आशंका व्यक्त की गई है। यह रिपोर्ट सरकारी विभागों में व्याप्त सत्यनिष्ठा के अभाव को परिलक्षित करती है। चूंकि रिपोर्ट के मुताबिक 21 हजार करोड़ से अधिक के मामले मार्च 2017 तक के हैं अत: इससे जाहिर होता है कि 2017 में सत्तासीन होने वाली भाजपा सरकार ने व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए। मिश्र ने सरकार से मांग की है कि वह बताए कि आखिर जनता का धन कहां और किस मद में खर्च किया गया। यदि धन का दुरुपयोग हुआ है तो ऐसे में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। मिश्र ने इस मामले की विधिवत जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि हमारी पार्टी सरकारी विभागों द्वारा इस तरह जनता के धन का दुरुपयोग करने की कड़ी निंदा करती है।

हस्तिनापुर के विकास और सौंदर्यीकरण के सवाल पर सरकार ने मांगी पर्यटन विभाग से आख्या

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राज्य सरकार ने हस्तिनापुर के विकास और सुन्दरीकरण के तहत हो रहे कार्यों को लेकर पर्यटन विभाग से आख्या मांगी है। नियम 115 के तहत विधानपरिषद सदस्य यशवंत सिंह द्वारा दी गई सूचना और मांग के जवाब में बुधवार को राज्य सरकार ने सदन को उक्त जानकारी दी है।

ज्ञात हो कि भारत सरकार ने अपने गत बजट में देश के पांच ऐतिहासिक स्थलों को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी जिसमें मेरठ जनपद के हस्तिनापुर का भी उल्लेख था। इसके लिए बजट में 25 सौ करोड़ रुपए का प्रविधान भी किया गया था। इसे लेकर लोकतंत्र सेनानियों ने जय हस्तिनापुर अभियान के संयोजक धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव और लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति के अध्यक्ष रामसेवक यादव के नेतृत्व में आभार मोदीए आभार योगी का बैनर लेकर हस्तिनापुर में आभार मार्च किया जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में खुद विधानपरिषद सदस्य यशवंत सिंह शामिल थे। एक साल से अधिक हो गया। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप के लिए हस्तिनापुर में कोई विकास कार्य होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। इसे लेकर विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह ने नियम 115 के तहत सदन का ध्यान आकृष्ट किया कि जनपद मेरठ में स्थित हस्तिनापुर को भारत सरकार द्वारा पर्यटन स्थल घोषित किया गया था। पर्यटन स्थल के रूप में इसके सुन्दरीकरण एवं विकास के लिए करोड़ों रुपए का बजट भी दिया गया था। फिर भी हस्तिनापुर का अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकास नहीं किया जा रहा है। अपनी सूचना में विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह ने सरकार से मांग किया है कि वह भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा घोषित एवं आवंटित बजट राशि के अनुसार मेरठ के हस्तिनापुर का सुन्दरीकरण और विकास शीघ्र करे। इसके जवाब में राज्य सरकार ने आज बुधवार को सदन को जानकारी दी है कि विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह की सूचना के सम्बंध में महानिदेशक पर्यटन से आख्या मांगी गई है।

बची हुई सड़कों की भी जल्द स्वीकृति की जाएगीः केशव मौर्य

विधान परिषद में सपा के विधायक नरेंद्र वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सड़कों के निर्माण का कार्य नहीं हो रहा है। हमारे विधानसभा में सड़कों की स्वीकृति नहीं की गई। इस पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वित्तीय वर्ष के दौरान विभाग के द्वारा आगरा एक्सप्रेसवे से जुड़ने वाले बाईपास की कई सड़कों को स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही अन्य कई जिलों में भी स्वीकृति दी जा रही है। एक ही विभाग के द्वारा सड़कों का निर्माण नहीं किया जा रहा है। कई ऐसे विभाग हैं जिनके द्वारा सड़कों की स्वीकृति की जा रही है। बाकी बची हुई सड़कों की भी जल्द स्वीकृति की जाएगी।

भाजपा सरकार की विदाई का समय आ गया हैः अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने लोकतांत्रिक व्यवस्था और संस्थानों का जितना नुकसान किया है उतना किसी ने नहीं किया है। भाजपा उत्तर प्रदेश की जनता का अपमान कर रही है। इसके कामकाज से समाज का हर वर्ग निराश है। जनता को धोखा दिया गया है। भाजपा सरकार अब जाने वाली है, उसके विदाई का समय आ गया है। अखिलेश यादव यह बात बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार का सब कुछ झूठा फंसाना है, नफरत फैलाना है। राजनीतिक लोगों पर मुकदमा लगाना है। लोकतंत्र में इतना झूठ कोई नहीं बोला जितना भाजपा ने बोला है।

हरदोई की तहसील सवायजपुर में खुलेगा नया थाना

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद हरदोई की तहसील सवायजपुर के अन्तर्गत नवीन पुलिस थाना सवायजपुर की स्थापना किए जाने के निर्देश दिए हैं। यह निर्णय इस क्षेत्र में शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाए जाने, महिलाओं एवं जन सामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि प्रदेश के जनपद हरदोई की तहसील सवायजपुर में नवीन पुलिस थाना सवायजपुर की स्थापना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई प्राथमिकता से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। अवस्थी ने बताया कि इस पुलिस थाने में जनशक्ति-पदों के सृजन आदि के संबंध में निर्देश पृथक से निर्गत किए जाएंगें। इससे अधिक से अधिक आबादी की पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरूस्त व सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

असम में 100 से अधिक सीटों का शाह का लक्ष्य असल में कांग्रेस के लिए : बघेल

संवाददाता। गुवाहाटी

असम की 126 सदस्ईय विधानसभा के लिए होने जा रहे चुनाव में भाजपा के 100 से ज्यादा सीटें जीतने के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लक्ष्य पर कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने कहा है कि शाह छत्तीसगढ़ का उदाहरण दोहराना चाहते हैं, जहां उनका मिशन 65 प्लस प्रतिद्वंद्वी दल के लिए सच साबित हुआ था। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नीत महागठबंधन आगामी असम विधानसभा चुनाव में तीन-चौथाई बहुमत हासिल करेगी क्योंकि लोग परिवर्तन चाहते हैं और राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार को बदलने को इच्छुक हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले बघेल को अखिल भारतीय कांग्रेस समिति ने असम में मार्च-अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश इकाई के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। बघेल ने कहा, अमित शाह छत्तीसगढ़ गए थे और कहा 65 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया था। मैंने तब कहा था कि वह 65 प्लस हमारे लिए कह रहे हैं। चुनाव परिणाम आया और हमने 68 सीटों पर जीत दर्ज की, जो अब 70 हो गई है।

बघेल ने कहा, इसतरह, अमित शाह असम में भी हमारी ही बात कर रहे हैं, जहां हम 100 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करेंगे। भाजपा ने 2018 के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में अपने मिशन 65 प्लस के तहत 65 से अधिक सीटों पर जीत का लक्ष्य निर्धारित किया था, लेकिन दिलचस्प है कि कांग्रेस ने 90 सदस्ईय विधानसभा में 68 सीटों पर जीत दर्ज की थी। असम में चुनावी परिदृश्य के बारे में बात करते हुए बघेल ने कहा, लोग परिवर्तन चाहते हैं क्योंकि वे सरकार के कामकाज से खुश नहीं हैं। जो वादे किए गए थे, वे पूरे नहीं किए गए। भाजपा ने सपने दिखाए, जो साकार नहीं हुए। लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, असम में अगली सरकार महागठबंधन की बनने जा रही है। हम तीन-चौथाई बहुमत से सरकार बनाएंगे। गौरतलब है कि 2001 से 15 साल तक कांग्रेस राज्य में सत्ता में रही थी। कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनाव में भजपा नीत राजग का मुकाबला करने के लिए एआईयूडीएफ, भाकपा, माकपा, भाकपा (एमएल)और आंचलिक गण मोर्चा (एजीएम) के साथ एक महागठबंधन बनाया है।

अनावश्यक यात्राओं में कमी लाने के लिए कम दूरी की ट्रेनों के किराए में मामूली वृद्धि : रेलवे

नई दिल्ली। कम दूरी की यात्री ट्रेनों के किराए में बढ़ोत्तरी पर लोगों द्वारा चिंता जताए जाने के बाद भारतीय रेल ने बुधवार को कहा कि अनावश्यक यात्राओं में कमी लाने के लक्ष्य से किराए में मामूली वृद्धि की गई है। कोविड-19 लॉकडाउन में छूट के बाद से रेलवे सिर्फ स्पेशल ट्रेनें चला रही है। शुरुआत में सिर्फ लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन किया जा रहा था लेकिन अब कम दूरी की यात्री ट्रेनों का भी परिचालन हो रहा है। रेल मंत्रालय के बयान के अनुसार, कोविड-19 महामारी के मद्देनजर विशेष प्रावधान के तहत इन ट्रेनों का किराया इतनी ही दूरी की मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित टिकट जितना तय किया गया है। यात्री और लोकल ट्रेन सेवा फिर से शुरू करने के बाद रेलवे को किराए में वृद्धि को लेकर यात्रियों की आलोचना झेलनी पड़ी थी।

हुगली के शाहगंज में एक जनसभा के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

पुडुचेरी में जनादेश पलटने के लिए जनता भाजपा को देगी करारा जवाब: मोइली

नई दिल्ली। वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली ने पुडुचेरी में कांग्रेस सरकार के पतन के लिए भाजपा पर धन बल के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि जनादेश को पलटने के लिए वहां की जनता भगवा पार्टी को करार जवाब देगी। उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाना आगामी चुनाव का मुख्य मुद्दा होगा।केंद्र शासित प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस की ओर से नियुक्त वरिष्ठ पर्यवेक्षक मोइली ने कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के साथ पार्टी का गठबंधन जारी रहेगा और आने वाले चुनावों में गठबंधन को शानदार बहुमत मिलेगा।मोइली ने दावा किया कि पुडुचुरी का चुनाव भाजपा के पतन की शुरुआत होगी और कांग्रेस पार्टी की मार्फत देश में लोकतांत्रिक ताकत को बल मिलेगा। भाजपा पर हमला करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पुडुचेरी की कांग्रेस सरकार सरकार को कभी भी काम नहीं करने दिया गया और इसके लिए तत्कालीन उपराज्यपाल किरन बेदी को आगे किया गया।मोइली ने कहा, उनका उकमात्र ध्एय कांग्रेस सरकार को काम नहीं करने देना था। उन्होंने कहा कि इस बारे में तत्कालीन मुख्यमंत्री वी नारायणसामी की ओर से विभिन्न माध्यमों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अवगत कराया गया लेकिन उन्होंने एक ना सुनी। ज्ञात हो कि पिछले दिनों कुछ कांग्रेस और द्रमुक के विधायकों के इस्तीफे के बाद विधानसभा में कांग्रेस की सरकार अल्पमत में आ गई थी और उसके बाद नारायणसामी को इस्तीफा देना पड़ा था। मोइली ने आरोप लगाया कि मोदी और शाह के नेतृत्व में केंद्र सरकार नेपिछले चार-पांच सालों में पुडुचेरी में लोकतंत्र की हत्या की और कोई भी विकास का काम नहीं होने दिया। उन्होंने दावा किया कि पुडुचेरी के विधायक भी घुटन महसूस कर रहे थे क्योंकि उन्हें लग रहा था कि सरकार यदि फिर से सत्ता में लौटती है तो भी बेदी उसे भी काम करने नहीं देगी। उन्होंने कहा, उन्होंने (भाजपा) विधायकों को सत्ता और धन का प्रलोभन दिया। वे भी लालच में आ गए क्योंकि सरकार को काम ना करने देने से वे भी घुटन महसूस कर रहे थे। विधायकों के इस्तीफे के सिलसिले और कांग्रेस सरकार के पतन को उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा उपराज्यपाल के माध्यम से कराई गई लोकतंत्र की खुली हत्या करार दिया। हालांकि उन्होंने कहा कि सरकार विधायकों के इस्तीफे के चलते नहीं गिरी बल्कि मनोनित सदस्यों को मतदान करने देने से गिरी। उन्होंने कहा, तीन सदस्यों का मनोनयन और उन्हें मताधिकार की शक्ति देना बेहद अलोकतांत्रिक था। यहां तक कि न्यायपालिका ने भी इस मामले में जल्दी कदम नहीं उठाया।

गुजरात नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की हार लोकतंत्र के लिए नुकसानदेह : राउत

भाषा। मुंबई

गुजरात में नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की शिकस्त के बीच शिवसेना के सांसद संजय राउत ने बुधवार को कहा कि इस तरह कांग्रेस की हार लोकतंत्र कि हित में नहीं है और पार्टी को इस बारे में विचार करना होगा। राउत ने संवाददाताओं से बात करते हुए आरोप लगाया कि पुडुचेरी में कांग्रेस को सत्ता से हटाने के लिए भाजपा ने कई हथकंडे आजमाए और दिल्ली में बैठे लोगों द्वारा धन-बल का दुरुपयोग देश के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भी इसी तरह के हथकंडे इस्तेमाल किए जा रहे हैं लेकिन सत्तारूढ़ शिवसेना मजबूती के साथ महा विकास आघाड़ी के घटक राकांपा और कांग्रेस के साथ खड़ी है। विश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले मुख्यमंत्री नारायणसामी के इस्तीफे के कारण सोमवार को पुडुचेरी में कांग्रेस सरकार गिर गई। हाल ही में कई कांग्रेस विधायकों और बाहर से समर्थन दे रहे द्रमुक के एक विधायक के इस्तीफे के कारण केन्द्रशासित प्रदेश की सरकार अल्पमत में आ गई थी। भाजपा ने गुजरात में छह नगर निगमों के लिए हुए चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की। भाजपा ने मंगलवार को हुई मतगणना में 576 में से 483 सीटें जीतकर इन नगर निकायों में अपनी सत्ता बरकरार रखी। विपक्षी दल कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा और वह केवल 55 सीटों पर जीत दर्ज कर सकी। वहीं, राज्य में नगर निकाय चुनावों में पहली बार उतरी आम आदमी पार्टी (आप) ने 27 सीटों पर जीत हासिल की और ए सभी सीटें उसने सूरत में जीती। आप सूरत नगर निगम में मुख्य विपक्ष के रूप में उभरी। परिणाम पर राउत ने कहा, सूरत एक महत्वपूर्ण नगर निगम है और लोगों ने मुख्य विपक्षी दल के रूप में आप को चुना है। कांग्रेस को इस बारे में विचार करना होगा, हम सबको इस पर विचार करने की जरूरत है। उन्होंने सूरत में आप की जीत का स्वागत किया।उन्होंने कहा, लेकिन गुजरात में और अन्य राज्यों में कांग्रेस जैसी बड़ी पार्टी को लोगों ने क्यों खारिज किया...कांग्रेस की हार लोकतंत्र के हित में नहीं है। राज्यसभा सदस्य ने आरोप लगाया कि भाजपा ने कई हथकंडों का इस्तेमाल कर पुडुचेरी में कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में ऐसे हथकंडों का इस्तेमाल हुआ और मध्य प्रदेश में भी इन्हें आजमाया गया था।राउत ने कहा, लेकिन पुडुचेरी और महाराष्ट्र में बड़ा अंतर है। यहां मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे हैं और शिवसेना महा विकास आघाड़ी के दोनों घटकों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि पुडुचेरी के घटनाक्रम से सभी दलों को सबक लेना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर विपक्ष नहीं रहा तो देश में लोकतंत्र नहीं बचेगा...और लोकतंत्र नहीं रहा तो यह देश नहीं रहेगा और देश नहीं रहा तो ?....देशी ईस्ट इंडिया कंपनी देश को चलाएगी।

त्विक न्यूज

नक्सली घटनाओं में दो जवान शहीद, एक घायल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले मे तीन अलग-अलग घटनाओ मे भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के एक जवान समेत दो जवान शहीद हो गए तथा एक अन्य जवान घायल हो गया है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बुधवार को बताया कि जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र मे आईटीबीपी के जवान तथा डीआरजी के जवान की मृत्यु हुई है। वही, कुरुशझर थाना क्षेत्र मे छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का जवान घायल हो गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आईटीबीपी की 53वी बटालियन के जवानो को सोनपुर थाना क्षेत्र मे गश्त के लिए रवाना किया गया था। दल के जवान जब क्षेत्र मे बारूदी सुरंगो की तलाश के अभियान पर थे तभी वापसी के दौरान एक नाले के समीप पाइप बम मे विस्फोट हो गया। उन्होने बताया कि इस घटना मे जवान एल बालचंद्र की मृत्यु हो गई। सुंदरराज ने बताया कि एक अन्य घटना मे सोनपुर थाना क्षेत्र मे ही कुरुशर गांव के करीब नक्सलियो ने पुलिस दल पर गोलीबारी कर दी। घटना मे डीआरजी के जवान कवासेर उसेडी शहीद हो गए। उन्होने बताया कि क्षेत्र मे डीआरजी के जवानो को गश्त पर रवाना किया गया था। दल के जवान जब कुरुशर गांव के करीब थे तब नक्सलियो ने पुलिस दल पर गोलीबारी कर दी। इस घटना मे कन्नेर उसेडी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि जब घायल जवान को जंगल से बाहर निकाला जा रहा था तब रास्ते मे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक अन्य घटना मे जिले के कुरुशझर थाना क्षेत्र मे नक्सलियो ने बारूदी सुरंग मे विस्फोट कर दिया। इस घटना मे छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवान बांकेश्वर पैकरा घायल हो गए। उन्होने बताया कि घटना के बाद घायल जवान को नारायणपुर के अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। जहां उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है।

पालघर भीड़ हत्या मामला: न्यायालय का महाराष्ट्र पुलिस को नया आरोप पत्र पेश करने का निर्देश

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के पालघर जिले मे पिछले साल अप्रैल मे दो साधुओ समेत तीन लोगो की भीड़ द्वारा हत्या के मामले के संबंध मे बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र पुलिस को दूसरा पूरक आरोप पत्र रिकॉर्ड मे दर्ज कराने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति आर एस रेड्डी की पीठ को महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश हुए वकील ने बताया कि मामले मे दूसरा पूरक आरोप पत्र दाखिल किया गया है। पीठ ने कहा कि नए आरोप पत्र को दो सप्ताह के भीतर रिकॉर्ड मे दर्ज कराया जाए। इसके साथ ही न्यायालय ने इस मामले को इसके बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। पिछले साल सात सितंबर को महाराष्ट्र पुलिस ने उच्चतम न्यायालय को बताया था कि इस मामले मे ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने के लिए पुलिस कर्मियो को सजा दी गई थी। पीठ श्री पंच दशबन जूना अखाड़ा के साधुओ और मृतक साधुओ के परिजनो की ओर से दायर की गई याचिका समेत एक अन्य याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका मे कहा गया है कि राज्य पुलिस ने पक्षपाती रवैया अपनाते हुए जांच की। एक अन्य याचिका मे घटना की जांच एनआईए से करवाने की याचना की गई है। एक सौ से अधिक व्यक्तियो को गिरफ्तार किया था।

अल्मोड़ा के न्यायिक मजिस्ट्रेट निलंबित

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अल्मोड़ा के न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार श्रीवास्तव को धोखाधड़ी के एक मामले मे मुकदमा शुरू होने का इंतजार कर रहे एक व्यक्ति से अनुचित लाभ लेने के आरोप मे निलंबित कर दिया है।श्रीवास्तव पर आरोप थे कि वह और उनके परिवार के सदस्य घूमने तथा दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा मे अपने रिश्तेदारो से मिलने जाने के लिए चंद्रमोहन सेठी नाम के व्यक्ति के निजी वाहनो का इस्तेमाल कर रहे है। इस संबंध मे उच्च न्यायालय द्वारा आरोपो की जांच कराई गई जिनमे श्रीवास्तव दोषी पाए गए।यह भी पाया गया कि सेठी के खिलाफ धोखाधडी के एक मामले मे मुकदमे की सुनवाई श्रीवास्तव की अदालत मे शुरू होनी थी। श्रीवास्तव के निलंबन का नोटिस रजिस्ट्रार जनरल धनंजय चतुर्वेदी ने मंगलवार को जारी किया। निलंबित न्यायिक मजिस्ट्रेट निलंबन अवधि के दौरान देहरादून जिला न्यायालय से संबद्ध रहेंगे।

पश्चिम बंगाल के मंत्री पर बम हमला मामला: सीआईडी ने बांग्लादेशी नागरिक को हिरासत में लिया

कोलकाता। मुर्शिदाबाद के नीमतीता रेलवे स्टेशन पर हुए धमाके के संबंध मे पश्चिम बंगाल सीआईडी ने एक बांग्लादेशी नागरिक को हिरासत मे लिया है। इस धमाके मे राज्य सरकार के मंत्री जाकिर हुसैन और 20 से अधिक लोग घायल हो गए थे नीमतीता रेलवे स्टेशन पर यह धमाका 17 फरवरी की रात करीब 10 बजे तब हुआ जब तृणमूल कांग्रेस ने नेता और श्रम राज्यमंत्री हुसैन प्लेटफार्म संख्या दो पर कोलकाता के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। सीआईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमने एक व्यक्ति को हिरासत मे लिया है और आगे की जांच जारी है। धमाके मे घायल हुए हुसैन और अन्य लोगो का शहर के एक सरकारी अस्पताल मे इलाज चल रहा है।

नवाचार के लिए गांव के बच्चों को बनाया जाएगा सशक्त

नई दिल्ली। ग्रामीण अंचलों के बच्चों को भी नवाचार के लिए सशक्त बनाया जाएगा। इस हेतु राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी) भारत सरकार और इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज (आईएमएस) लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उप्र के सीतापुर जिले में ग्रामीण बच्चों के लिए कार्यक्रमों की पहली कड़ी में नगर के राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) में 1 मार्च 2021 को अध्यापकों की कार्यशाला आयोजित होगी, जिसमें कक्षा 8 से 12 तक के 20 ग्रामीण अंचलों के विद्यालयों/कॉलेजों के लगभग 100 शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। इसमें शिक्षकों को बताया जाएगा कि वह किस प्रकार बच्चों को नवाचार के लिए प्रेरित करें और सक्षम बनाएं। कार्यशाला संयोजक डॉ. विकास मिश्रा ने बताया कि एनसीएसटीसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुजीत बनर्जी की प्रेरणा से और उनके निर्देशन में ये कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण बच्चों को नवाचार हेतु विज्ञान एवं तकनीक में समर्थ बनाकर उद्यमशीलता की ओर प्रेरित करना है। इसके लिए शिक्षक-प्रशिक्षण, विद्यार्थी कैंप, प्रोजेक्ट, प्रदर्शनी, विशेषज्ञ व्याख्यान, जुगाड़ और जोड़-तोड़ का विज्ञान आदि प्रायोगिक कार्यक्रम होंगे। कार्यशाला का उद्घाटन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज पटैरिया करेंगे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. एपीजे कलाम विश्वविद्यालय इनोवेशन सेंटर तथा आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ के साथ सीतापुर के इनोवेटर भी इस कार्यशाला में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इस अवसर पर देश के ग्रामीण अंचलों के बच्चों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए www.innovationindia.net वेबसाइट का लोकार्पण भी किया जाएगा।

चेन्नई में पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता के जयंती समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पलानीस्वामी, उप मुख्यमंत्री पन्नीरसेल्वम तथा अन्य एआईएडीएमके नेता

भाजपा नीत गठबंधन के सत्ता में आने पर पुडुचेरी का तमिलनाडु में विलय कर दिया जाएगा: नारायणसामी

पुडुचेरी। पुडुचेरी के पूर्व मुख्यमंत्री वी नारायणसामी ने बुधवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को भाजपा, एआईएनआरसी और अन्नाद्रमुक गठबंधन को समर्थन नहीं देना चाहिए क्योंकि इन दलों को, संघ शासित प्रदेश का तमिलनाडु में विलय करने में कोई हिचक नहीं होगी। नारायणसामी ने यहां एक सभा में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा ने एआईएनआरसी और अन्नाद्रमुक के साथ मिलकर मेरी सरकार को अलोकतांत्रिक और अनैतिक तरीके से साजिश कर के गिराया। उन्होंने कहा, जून 2016 में मेरी सरकार बनने के पहले ही केंद्र सरकार ने मई में पूर्व आईपीएस अधिकारी किरण बेदी को पुडुचेरी का उप राज्यपाल बना दिया था।

केरल में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मछुआरों से की बातचीत, समुद्र में मछली पकड़ने भी गए

कोल्लम (केरल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कोल्लम जिले के थांगस्सेरी तट पर मछुआरों से बातचीत की। केरल में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। कांग्रेस नेता पिछले दो दिनों से राज्य की यात्रा पर हैं। राहुल यहां मछुआरों के साथ उनकी नाव में बैठकर समुद्र में भी गए। उन्होंने अपनी यात्रा तड़के चार बजकर 30 मिनट पर वाडी तट से शुरू की और करीब एक घंटे तक वहां रहे और फिर बातचीत स्थल पर पहुंचे। मछुआरों के साथ मिलकर समुद्र में मछली पकड़ने वाला जाल फेंका और उनके साथ मछली भी पकड़ी। ब्लू टीशर्ट और खाकी पैंट पहने कांग्रेस नेता ने तट पर वापसी के दौरान वहां खड़े लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के सी वेणुगोपाल और सांसद टी एन प्रतापन भी इस दौरान राहुल गांधी के साथ थे। प्रतापन राष्ट्रीय मछुआरा कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। बातचीत के दौरान गांधी ने कहा कि वह हमेशा मुछआरा जीवन का अनुभव लेना चाहते थे। उन्होंने कहा, आज तड़के मैं अपने भाइयों के साथ समुद्र में गया। नाव की यात्रा शुरू होने से लेकर उसकी वापसी तक उन्होंने सभी खतरे उठाए[8230]खूब मेहनत की। वे समुद्र में जाते हैं, जाल खरीदते हैं लेकिन उसका फायदा कोई और उठाता है। हमने मछली पकड़ने की कोशिश की लेकिन सिर्फ एक मछली मिली। इतनी मेहनत के बाद भी जाल खाली रह गया। यह मेरा अनुभव है। वह केंद्र सरकार में मत्स्य से संबंधित अलग मंत्रालय बनाने के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा, ताकि मछुआरा समुदाय को इन परेशानियों से मुक्ति मिले और उनके हितों की रक्षा हो। राज्य में कांग्रेस नीत यूडीएफ नेता जल्द ही मछुआरा समुदाय से विचार-विमर्श करके उनके लिए विधानसभा चुनाव में एक अलग घोषणापत्र तैयार करेंगे। वाम मोर्चा नीत एलडीएफ सरकार पर गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए कथित अनुबंध से संबंधित विवाद को लेकर प्रत्यक्ष तौर पर निशाना साधते हुए कहा कि वह देखना चाहते हैं कि ए बड़े जहाजों से क्या करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं प्रतिस्पर्धा में विश्वास रखता हूं[8230]लेकिन अनुचित प्रतिस्पर्धा में नहीं। सभी खिलाड़ियों के हिस्से में बराबर का मैदान होना चाहिए केरल में कांग्रेस नीत यूडीएफ विपक्ष ने वाम मोर्चे की सरकार पर गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए अमेरिका की एक कंपनी के साथ कथित अनुबंध को लेकर कई तरह के आरोप लगाए हैं और इस मुद्दे के बीच ही राहुल गांधी का मछुआओं के साथ बातचीत करना राजनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण है। अमेरिकी कंपनी को लेकर विवाद के बीच मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को अमेरिकी कंपनी ईएमसीसी और केरल राज्य इन्लैंड नेविगेशन कॉर्पोरेशन (केएसआईएनसी) के साथ समझौता ज्ञापन रद्द करने और किन परिस्थितियों में इस ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

सबरीमाला, सीएए विरोधी प्रदर्शनों के दौरान दर्ज मामले वापस लेगी केरल सरकार

तिरुवनंतपुरम। आगामी विधानसभा चुनावों से पहले केरल सरकार ने राज्य में सबरीमाला और सीएए विरोधी प्रदर्शनों के दौरान दर्ज मामलों को बुधवार को वापस लेने का फैसला किया है। विपक्षी कांग्रेस की तरफ से सरकार के इस कदम का स्वागत किया गया है। प्रदेश सरकार के सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में उन मामलों को वापस लेने का फैसला किया गया जो गंभीर प्रकृति के नहीं थे। राज्य में 2018-19 के दौरान सबरीमाला प्रदर्शन से संबंधित करीब 2000 मामले विभिन्न जिलों में दर्ज किए गए थे। सबरीमाला प्रदर्शन के तहत नामजप यात्रा में अग्रणी रहने वाले राज्य के एक प्रमुख जाति आधारित संगठन द नायर सर्विस सोसाइटी (एनएसएस) ने पूर्व में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिए जाने की मांग की थी। नेता विपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने इस कदम को देर आए दुरुस्त आए करार दिया।

देहरादून में प्रशिक्षण के दौरान अपने कौशल का प्रदर्शन करतीं महिला कमांडो

आत्मनिर्भर भारत अभियान के अभिन्न अंग बन रहे हैं किसान

भाषा। नई दिल्ली

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के दो साल पूरे होने पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इससे करोड़ों किसानों के जीवन में बदलाव आया है और वे आत्मनिर्भर भारत अभियान के अभिन्न अंग बन रहे हैं।

मोदी ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि पीएम किसान निधि की लॉन्चिंग को आज दो साल पूरे हो रहे हैं। अन्नदाताओं के कल्याण को समर्पित इस योजना से करोड़ों किसान भाई-बहनों के जीवन में जो बदलाव आए हैं, उससे हमें उनके लिए और अधिक काम करने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि अन्नदाताओं के जीवन को आसान बनाने और उनकी आय दोगुनी करने का जो संकल्प देश ने लिया है, उसमें पीएम किसान निधि की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज हमारे किसान आत्मनिर्भर भारत अभियान के भी अभिन्न अंग बन रहे हैं। इस योजना की शुरुआत 2019 में आज ही के दिन हुई थी। इसके तहत सरकार किसानों के बैंक खातों में हर साल 6000 रुपए जमा करती है। सरकार यह राशि तीन बराबर किस्तों में सीधे किसानों के खाते में डालती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का पेट भरने वाले मेहनतकश किसानों के जीवन में सम्मान और समृद्धि सुनिश्चित करने के मकसद से इस योजना की शुरुआत की गई थी। उन्होंने कहा कि हमारे किसानों का तप और जुनून प्रेरित करने वाला है। मोदी ने कहा कि पिछले सात सालों में केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में बदलाव के लिए कई कदम उठाए हैं जिनमें सिंचाई के लिए बेहतर प्रावधान से प्रौद्योगिक का इस्तेमाल, अधिक ऋण और बाजार उपलब्ध कराने से लेकर उचित फसल बीमा और मिट्टी की सेहत संबंधी जांच पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में ऐतिहासिक वृद्धि करने का सम्मान मिला। किसानों की आय दोगूनी करने के लिए हम हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नमो एप के माध्यम से किसानों के हित में उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी हासिल की जा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने 25 दिसंबर को पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत वित्तीय लाभ की सातवीं किस्त जारी की थी। किसानों और कृषि क्षेत्र के संबंध में प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसान दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर लगभग तीन महीने से आंदोलन कर रहे हैं। सरकार और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच अब तक 11 दौर की वार्ता हो चुकी है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकल सका है।

भाजपा के भर्ती एजेंट की तरह बात कर रहे हैं राहुल गांधी : माकपा

भाषा। तिरुवनंतपुरम

केरल में सत्तारूढ़ माकपा ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भाजपा के भर्ती एजेंट की तरह बात कर रहे हैं। माकपा की तरफ से यह बयान तब आया है जब कांग्रेस नेता ने एक दिन पहले कूटनीतिक माध्यम से सोने की तस्करी सहित कई मुद्दों पर वाम मोर्चा सरकार की निन्दा की। बयान में माकपा राज्य सचिवालय ने दावा किया कि कांग्रेस की मंगलवार की रैली में गांधी ने भाजपा की थोड़ी सी भी निन्दा नहीं की। माकपा ने कहा कि उन्होंने (राहुल गांधी) भाजपा के भर्ती एजेंट की तरह बात की। यह काफी हैरान करने वाला है। पार्टी ने आरोप लगाया कि गांधी द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्द भाजपा जैसे ही हैं। माकपा ने यह दावा भी किया कि राज्य में नेता विपक्ष रमेश चेन्निथला के नेतृत्व में हाल में संपन्न यात्रा के दौरान कांग्रेस ने भाजपा की आलोचना नहीं की। सत्तारूढ़ पार्टी ने आरोप लगाया कि यह सब कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर हुआ। गांधी को विफल नेता करार देते हुए माकपा के राज्य सचिव प्रभारी ए विजयराघवन ने कहा कि कांग्रेस नेता पुडुचेरी में कांग्रेस नीत सरकार को नहीं बचा सके।

दक्षिण कश्मीर जिले के पुलवामा में बुधवार को एक स्कूल के फिर से खुलने से पहले एक कक्षा के भीतर कीटाणुनाशक का छिड़काव करता एक कर्मचारी।

आप गुजरात में कांग्रेस के लिए चुनौती: रूपाणी

अहमदाबाद। गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के लिए चुनौती बनकर उभरी है।

उन्होंने दावा किया कि सूरत शहर में 21 फरवरी को हुए नगर निकाय चुनावों में 27 सीटें जीतने वाली आप को राज्य में आगामी नगरपालिकाओं और जिला पंचायत चुनावों में कोई सफलता नहीं मिलेगी। यहां के निकट बावला में संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, आप उम्मीदवारों को उन सीटों पर जीत मिली है जो पूर्व में कांग्रेस के पास थीं। इसलिए पार्टी कांग्रेस के लिए मुख्य चुनौती है और भाजपा के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि आप ने कांग्रेस के गढ़ में सेंध लगाई है और गुजरात में पार्टी का विकल्प बनी है। रूपाणी ने कहा कि सूरत के अलावा, आप को अन्य शहरों में एक भी सीट नहीं मिली।

और उनका एक भी उम्मीदवार आगामी स्थानीय निकाय चुनाव भी नहीं जीतेगा। शहरों की तरह ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी भाजपा का विजय प्रदर्शन जारी रहेगा। गुजरात भाजपा के अध्यक्ष सी आर पाटिल ने हालांकि मंगलवार को कहा था कि गुजरात में भाजपा का प्रवेश बेहद पीड़ादायक है और भाजपा इस नवागंतुक से पार पाने का तरीका खोजने का प्रयास करेगी।

स्पा सेंटर की आड़ में चल रही थी जिस्मफरोशी दो थाई युवतियों समेत 21 लोग गिरफ्तार

इंदौर (मध्यप्रदेश)। स्पा और मसाज सेंटर की आड़ में यहां देह व्यापार का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने 12 युवतियों समेत 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में दो युवती थाईलैंड की है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। अपराध निरोधक शाखा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) गुरुप्रसाद पाराशर ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को विजय नगर क्षेत्र के एक स्पा और मसाज सेंटर पर छापा मारा गया, तो 12 युवतियां इसमें बने आलीशान कमरों में ग्राहकों के साथ अनैतिक काम में शामिल पाई गईं एएसपी के मुताबिक इस सेंटर में बड़ी तादाद में आपत्तिजनक सामग्री भी मिली है। उन्होंने बताया कि युवतियों और ग्राहकों के साथ स्पा सेंटर के संचालक संजय वर्मा (33) को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। पाराशर ने कहा कि पुलिस की पूछताछ में वर्मा ने स्वीकारा कि वह हर ग्राहक से 5,000 रुपए से 10,000 रुपए वसूलकर उसे स्पा सेंटर के कमरे में भेजता था। एएसपी के मुताबिक देह व्यापार के गिरफ्तार आरोपियों में शामिल दो युवतियां खुद को थाईलैंड की नागरिक बता रही हैं। लेकिन उनके पास भारत का वीजा नहीं मिला है। पाराशर ने बताया कि दोनों युवतियों के बारे में विस्तृत पड़ताल की जा रही है। उन्होंने बताया कि स्पा संचालक के मालिक के रूप में प्रदेश के छतरपुर निवासी जिन्नी राजन की पहचान हुई है और उसकी तलाश जारी है।

वायरस में बदलाव, नए स्वरूप का उभार अलग-अलग चीज : वैज्ञानिक

भाषा। नई दिल्ली

कोरोना वायरस में आए 7000 से ज्यादा बदलावों का रिकॉर्ड तैयार किया गया है, लेकिन यह नए स्वरूप से संबंधित नहीं है। वैज्ञानिकों ने वायरस में होने वाले परिवर्तन और नए स्वरूप के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि कुछ राज्यों में कोविड-19 के संबंध में उचित तौर तरीका नहीं अपनाने के कारण शायद मामले बढ़ रहे हैं।

वैज्ञानिकों ने आगाह किया है कि अगर सुरक्षा संबंधी नियम नहीं अपनाए गए तो ज्यादा संक्रामक स्वरूप का प्रसार हो सकता है या यह मूल स्वरूप की जगह ले सकता है। एक हालिया सर्वेक्षण में भारत में सार्स कोव-2 के जीनोम में 7684 बदलाव का जिक्र किया गया है। हैदराबाद स्थित सीएसआईआर- कोशिकीय एवं आणविक जीव विज्ञान केंद्र (सीसीएमबी) का अध्ययन चिंता का विषय है और कुछ धड़े में घबराहट बढ़ गई है। सीएसआईआर-सीसीएमबी के निदेशक और अध्ययन के सह लेखक राकेश मिश्रा के मुताबिक 6017 जीनोम अनुक्रमण के डाटा विश्लेषण से कोरोना वायरस के 7,684 बदलावों का दस्तावेजीकरण किया गया है।

मिश्रा ने बताया कि इसका ये मतलब नहीं है कि देश में कोरोना वायरस के 7,000 स्वरूप हैं। इसका बस ए मतलब है कि अपेक्षा के अनुरूप वायरस के स्वरूप में बदलाव हुआ है और हमने इन बदलावों का दस्तावेजीकरण किया है। साथ ही उन्होंने जोड़ा कि अभी यह कह पाना कठिन है कि देश में वायरस के कितने स्वरूप हैं। विषाणु विज्ञानी उपासना रे ने बताया कि वायरस के स्वरूप में बदलाव का मतलब न्यूक्लिक एसिड बेस या अमीनो एसिड कण में बदलाव से है और इसमें परिवर्तन को स्वरूप बदलना कहते हैं। रे ने पीटीआई-भाषा को कहा, बदलाव वाले सभी वायरस हमेशा कायम नहीं रह पाते। उनमें से कुछ खत्म हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सार्स कोव-दो में परिवर्तन कोई नई बात नहीं है। आबादी के बीच वायरस जितने लंबे समय तक रहता है और जितना इसका प्रसार होता है, इसमें उतना ही बदलाव होता है और स्वरूप भी परिवर्तित होता है।

सीएसआईआर-सीसीएमबी के विश्लेषण में पाया गया कि कई देशों में खौफ पैदा करने वाले नए स्वरूप के मामले भारत में बहुत कम आए हैं और इसमें ई484 के और एन501वाई स्वरूप भी हैं। नए स्वरूप की कम मौजूदगी का एक कारण यह भी हो सकता है कि पर्याप्त सीक्वेंसिंग नहीं हुई है। वायरस के नए स्वरूप का सटीकता से पता लगाने के लिए देश में कोरोना वायरस के जीनोम अनुक्रमण का और ज्यादा काम करने की जरूरत है।

कोई मिक्सोपैथी नहीं, आयुर्वेदिक डॉक्टर अच्छी तरह प्रशिक्षित: आयुष मंत्री

पणजी। केंद्रीय आयुष मंत्री श्रीपद नाईक ने बुधवार को कहा कि मिक्सोपैथी जैसी कोई अवधारणा नहीं है और आयुर्वेदिक डॉक्टर भी सर्जरी करने के लिए प्रशिक्षित हैं। नाईक ने गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से छुट्टी मिलने से कुछ देर पहले पीटीआई-भाषा से कहा कि आयुर्वेदिक डॉक्टरों को कुछ तरह की सर्जरी और अन्य कुछ कार्य की अनुमति देने का फैसला एलोपैथिक डॉक्टरों की मदद करने पर केंद्रित है। आयुष मंत्री एक दुर्घटना के बाद इस अस्पताल में उपचार करा रहे थे। उल्लेखनीय है कि आयुर्वेदिक डॉक्टरों को कुछ तरह के ऑपरेशन करने की अनुमति देने के केंद्र के फैसले का एलोपैथिक डॉक्टरों का एक तबका विरोध कर रहा है और वह इसे मिक्सोपैथी करार दे रहा है। केंद्र के फैसले का इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा विरोध किए जाने से संबंधित एक सवाल के जवाब में आयुष मंत्री ने कहा कि मिक्सोपैथी जैसा कोई शब्द नहीं है।

सैनिकों का पीछे हटना दोनों पक्षों के लिए लाभकारी : थल सेना प्रमुख

भाषा। नई दिल्ली

थल सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने बुधवार को कहा कि पैगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारे से भारत और चीन की सेनाओं के पीछे हटने से अंतिम परिणाम बहुत अच्छा रहा और दोनों पक्षों के लिए यह लाभकारी स्थिति है। उन्होंने कहा कि पूर्वी लद्दाख में अन्य लंबित मुद्दों के समाधान के लिए भी रणनीति बनाई गई है। उन्होंने कहा कि लद्दाख गतिरोध के दौरान चीन और पाकिस्तान के बीच साठगांठ के कोई संकेत नहीं मिले लेकिन भारत ने केवल दो को ध्यान में रख कर नहीं बल्कि ढाई मोर्चे के लिए दूरगामी योजना बना रखी है। वह आधे मोर्चे का हवाला आंतरिक सुरक्षा के लिए दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गतिरोध की शुरुआत से ही भारत की तरफ से सभी पक्षों ने मिलकर काम किया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्तर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने चीनी समकक्षों से वार्ता की। नरवणे ने विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक वेबिनार में कहा, हम सब साथ हैं। हमने वह योजना तैयार की जिस पर हमने चर्चा की थी कि कैसे आगे बढ़ना चाहिए। जो भी योजना बनाई गई थी, उसके नतीजे मिले हैं। अब तक हमने जो भी हासिल किया वह बहुत अच्छा है। थल सेना प्रमुख ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की सलाह भी बहुत महत्वपूर्ण रही और रणनीतिक स्तर पर उनके दृष्टिकोण से हमें अपने कदम उठाने में निश्चित तौर पर मदद मिली। उन्होंने कहा, इस समग्र दृष्टिकोण से सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया शुरू हुई। मुझे लगता है कि अंतिम परिणाम बहुत अच्छा रहा। यह दोनों के लिए लाभदायक स्थिति है। किसी भी टिकाऊ समझौते के लिए दोनों पक्षों को लगना चाहिए कि उन्होंने कुछ हासिल किया है। मुझे लगता है कि 10 दौर की वार्ता के अच्छे परिणाम मिले हैं। पिछले सप्ताह दोनों देशों की सेनाओं ने उंचाई वाले क्षेत्र में स्थित पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारे से सैनिकों और हथियारों को पीछे ले जाने की प्रक्रिया संपन्न की। नरवणे ने कहा कि पूर्वी लद्दाख के क्षेत्र में देपसांग इलाके में, उत्तरी सीमा से लगे अन्य क्षेत्रों में कुछ मुद्दे बाकी हैं। उन्होंने कहा, लेकिन उसके लिए हमारे पास रणनीति है। क्या हमारे पास भविष्य में बातचीत करने के लिए कुछ भी है।

आयकर विभाग के पूर्व अधिकारी को तीन साल की कठोर कारावास

भाषा। मुंबई

सीबीआई की एक विशेष अदालत ने आयकर विभाग के एक सेवानिवृत्त निरीक्षक को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने को लेकर तीन साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। आयकर विभाग के निरीक्षक रह चुके लीलाधर बंगेरा (67) ने 59.89 लाख रुपए मूल्य की संपत्ति अर्जित की थी, जो उनकी आय के ज्ञात स्रोत से अधिक पाई गई।

विशेष न्यायाधीश ए एस सैयद ने मंगलवार को बंगेरा को सजा सुनाई। हालांकि, इसके बाद उन्होंने सजा का क्रियान्वयन चार हफ्तों के लिए स्थगित कर दी, ताकि बंगेरा फैसले को चुनौती देने के लिए उच्च न्यायालय का रुख कर सकें। अदालत ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी (आपराधिक साजिश रचने) और भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोषी पाया। अदालत ने आरोपी पर 16,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सात अक्टूबर 2011 को बंगेरा और उनकी पत्नी के खिलाफ यह मामला दर्ज किया था।

बंगेरा की पत्नी भारत सरकार के उपक्रम एमएमटीसी लिमिटेड में कार्यरत हैं। दंपती ने नौकरी के दौरान अपनी आय 17.2 लाख रुपए से कहीं अधिक 77.21 लाख रुपए की संपत्ति अर्जित की। अभियोजन ने आरोप लगाया कि उन्होंने आय के ज्ञात स्रोत से अधिक एवं 59.89 लाख रुपए की अवैध संपत्ति अर्जित की। मुकदमे के दौरान नवंबर 2016 में बंगेरा की पत्नी का निधन हो गया और उनके खिलाफ मामला बंद हो गया।

भारतीयों का अपमान राहुल गांधी का पसंदीदा शगल है : जावड़ेकर

नई दिल्ली। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के उत्तर और दक्षिण भारतीयों के संबंध में दिए गए बयान को लेकर जारी राजनीति के बीच केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बुधवार को उन्हें बनावटी जानकारी वाला नेता करार दिया और कहा कि भारतीयों का अपमान करना उनका पसंदीदा शगल है। जावड़ेकर ने यह भी कहा कि इस बयान के लिए राहुल गांधी की सोशल मीडिया पर धुनाई हो रही है जबकि केंद्रीय मंत्रिमंडल में उनके सहयोगी रविशंकर प्रसाद ने कहा कि उनके बयान से सवाल उठता है कि एक राष्ट्रीय पार्टी के पूर्व अध्यक्ष कितने जिम्मेदार हैं। जावड़ेकर ने ट्वीट कर कहा, भारतीयों का अपमान करना राहुल गांधी का पसंदीदा शगल है। भारतीय लोग बनावटी जानकारी रखने वाले व्यक्ति नहीं, बल्कि आप हैं। बाद में, मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री जावड़ेकर ने कहा कि भाजपा नेता इस बारे में पहले ही अपनी प्रतिक्रिया दे चुके हैं और सोशल मीडिया पर तो उनकी (राहुल गांधी) पूरी धुनाई हुई है। वहीं, प्रसाद ने कहा, कैबिनेट संबंधी संवाददाता सम्मेलन में, मैं सामान्यत: राजनीतिक सवालों से परहेज करता हूं लेकिन यह सवाल ऐसा है कि मैं उसका जवाब देना चाहता हूं...गांधी जब पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में जाते हैं तो ताजी हवा की बात करते हैं और कहते हैं कि केरल का वातावरण उत्तर से अलग है। उन्होंने कहा, आपकी पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी है और आप देश के वातावरण को लेकर भेदभाव कर रहे हैं। यह निश्चित तौर पर आपकी जिम्मेदारी के स्तर पर सवाल उठाता है। तिरुवनंतपुरम में एक सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने कहा था, पहले 15 वर्षों के लिए मैं उत्तर (भारत) से सांसद था। मुझे एक अलग प्रकार की राजनीति की आदत हो गई थी। केरल आने पर मुझे अलग तरह का अनुभव हुआ क्योंकि मैंने अचानक पाया कि लोग मुद्दों में रुचि रखते हैं और न केवल सतही तौर पर बल्कि मुद्दों में विस्तार से जाते हैं। भाजपा ने इन टिप्पणियों को उत्तर भारतीयों के खिलाफ बताया और इसके कई नेताओं ने गांधी पर निशाना साधा तथा कहा कि वह अवसरवादी हैं जबकि उन्होंने और उनके परिवार के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश में अमेठी से कई चुनाव जीते हैं।

पेज 1 का शेष

60 पार...

की प्रभावकारिता सिद्ध हो चुकी है। दोनों प्रभावी हैं। ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की कोविशील्ड का निर्माण सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा किया जा रहा है, वहीं कोवैक्सीन को भारत बायोटेक बना रही है। जावड़ेकर ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान बीते 16 जनवरी को शुरू हुआ था, जिसमें अब तक 1,07,67,000 लोगों को टीका लगाया जा चुका है और 14 लाख लोगों को दूसरी खुराक भी दी जा चुकी है। टीकाकरण का पहला चरण मुख्य रूप से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के लिए था। इसका पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। जावड़ेकर ने कहा कि भारत में टीकाकरण सफल रहा है। यह पूछे जाने पर कि क्या मंत्री और प्रधानमंत्री इस चरण में टीका लगवाएंगे, क्योंकि वे इस बार टीकाकरण कराने वालों की श्रेणी में षामिल हैं, प्रकाष जावड़ेकर ने कहा कि जो लोग टीका लगवाना चाहते हैं, वे 1 मार्च को अपने चुने हुए केंद्र पर जाकर लगवा सकते हैं। प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद केंद्रीय मंत्री रविषंकर प्रसाद ने कहा कि अधिकांष मंत्री इस बारे में सोच रहे हैं कि वे टीकाकरण के लिए भुगतान करेंगे।

अगर किसान...

हुई हिंसा के बाद दोनों पक्षों में बातचीत बंद हो गई। गौरतलब है कि किसान केन्द्र द्वारा पिछले साल बनए गए तीन कृषि कानूनों को वापस लेने और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी की मांग को लेकर नवंबर, 2020 के अंत से ही दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन कर रहे हैं। एक समारोह से इतर तोमर ने कहा कि सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वह किसानों की आय दोगुनी करने और भारतीय कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने का प्रयास कर रही है। मंत्री भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) नेता राकेश टिकैत की धमकी के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। टिकैत ने चेतावनी दी है कि अगर कानूनों को वापस नहीं लिया गया तो 40 लाख ट्रैक्टरों के साथ संसद तक मार्च निकाला जाएगा। सरकार किसानों के साथ बातचीत शुरू करने का प्रयास कर रही है या नहीं, इस पर केन्द्रीय मंत्री तोमर ने कहा, भारत सरकार किसानों से पूरी संवेदना के साथ चर्चा करती रही है। आज भी जब उनका कोई मत (विचार) आएगा, तो भारत सरकार हमेशा किसानों के साथ चर्चा करने को तैयार है। हजारों की संख्या में किसान, विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कियान पिछले करीब तीन महीने से दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन कर रहे हैं। वे केन्द्र के कृषि कानूनों को वापस लेने और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग कर रहे हैं।

राजनाथ करें...

तोता बना दिया है। टिकैत ने कहा, सरकार राजनाथ सिंह को बात करने की आजादी दे, तो हमारी गारंटी है कि फैसला हो जाएगा और भाजपा की भी साख बची रह जाएगी। उन्होंने कहा किसान राजनाथ सिंह का सम्मान करते हैं, लेकिन सरकार उन्हें मौका नहीं दे रही है। यह सरकार जिद्दी है, सरकार को किसानों की बात सुननी चाहिए और अपना रवैया बदलना चाहिए। टिकैत ने भाजपा पर हिन्दू मुसलमान के बीच फूट डालने का आरोप लगाते हुए कहा पहले हिंदू और मुस्लिम एक साथ प्रेम से रहते थे। कोई किसी का विरोध नहीं करता था, लेकिन साल 2013 से भाजपा ने मुसलमानों को लेकर काफी भ्रांतियां फैला दीं। मुसलमानों को लेकर सभी के मन में फूट डलवा दी लेकिन अब लोगों को इनकी चाल समझ में आ रही है, इसीलिए अब इनकी दाल नहीं गलने वाली। भाकियू अध्यक्ष ने कहा कि पंजाब और हरियाणा से शुरू हुए किसानों के आंदोलन को अब तीन महीने बीत चुके हैं। दिल्ली की सीमाओं पर बैठे किसान सरकार से कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक फैले आंदोलन की आंच अब अवध और पूर्वांचल में भी पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल का रास्ता बाराबंकी से खुलता है। ए पूर्वांचल की सफलता का द्वार है, इसलिए इसे खोलना बहुत जरूरी है। जब यहां का किसान अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होगा तभी वह पूर्वांचल के किसानों को तीनों काले कानूनों के खिलाफ जागरुक करने में सफल होगा। भाकियू अध्यक्ष ने कहा हम इस तरह की पंचायतें पूरे पूर्वांचल में करने जा रहे हैं। हर जिले में हमारी महापंचायत होगी। इसमें किसानों को जागरुक कर यह बताने का कार्य करेंगे कि ये तीनों कानून किस तरह से आने वाले दिनों में हमें अपना गुलाम बना लेंगे। केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान के मुद्दे पर नरेश टिकैत ने कहा कि बालियान भी परेशान हैं। उन्हें भी विरोध झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा हम लोगों ने भाजपा को वोट दिया था। भाजपा के कई लोग हमारे साथ हैं लेकिन मंत्रिमंडल में बैठे लोग हमारे साथ नहीं हैं। अगर यह सरकार कुछ दिन और रहेगी तो किसानों को अपनी खेती से हाथ धोना पड़ेगा।

निजीकरण के...

पेट्रोलियम, कोयला और अन्य खनिजअ बैंकिंग, बीमा और वित्तीय सेवाओं को छोड़कर अन्य सभी क्षेत्रों के सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण को प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इनमें सरकार की उपस्थिति को न्यूनतम स्तर पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा व्यवसाय करना सरकार का काम नहीं, सरकार का ध्यान जन कल्याण पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य आधुनिकीकरण और मौद्रिकरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विनिवेश की प्रक्रिया को तेज करने के लिए सचिवों का अधिकार प्राप्त समूह निवेशकों के मुद्दों को सुलझाने का काम करेगा। न्होंने कहा कि सरकार को विकास पर ध्यान देना है और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम जब भी कारोबार करते हैं, तो घाटा होता है। उन्होंने कहा कि कई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम घाटे में हैं, कइयों को करदाताओं के पैसे से मदद दी जा रही है।

ममता बनर्जी...

में वे दंगाबाज हैं, जो चुनाव जीतने के लिए दंगे भड़काते हैं। बनर्जी उसी डनलप मैदान से गरजीं जहां से सोमवार को पीएम मोदी ने अपनी रैली को संबोधित करते हुए टीएमसी पर टोलाबाज कहकर तंज कसा था।

टीएमसी में...

की जरूरत है। बाद में उन्होंने कहा कि भाजपा अलगाव की नीति पर चल रही है तथा ममता बनर्जी लोगों को जोड़ने की कोशिश कर रही हैं। मैं जब क्रिकेट खेलता था तो देश के लिए खेलता था, धर्म के आधार पर नहीं।

दिल्ली के...

के पास डिजिटल उपकरण (मोबाइल/लैपटॉप) और इंटरनेट नहीं है तो कोविड-19 दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए ऐसे बच्चों के माता-पिता को स्कूल बुलाकर उन्हें प्रोजेक्ट और असाइनमेंट की हार्ड कॉपी दी जाएगी।'

मोटेरा अब...

शक्ति और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। भारत को क्रिकेट का गढ़ कहा जाता है और इसलिए दुनिया का सबसे बडा स्टेडियम हमारे देश में होना ही चाहिए। इससे भारत को नई पहचान मिलेगी। राष्ट्रपति ने गृहमंत्री अमित शाह और खेलमंत्री किरेन रीजीजू समेत कई विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में स्टेडियम का उद्घाटन किया। शाह ने उद्घाटन के बाद कहा, हमने इसका नामकरण देश के प्रधानमंत्री के नाम पर करने का फैसला किया है। यह मोदीजी का ड्रीम प्रोजेक्ट था। राष्ट्रपति ने मौके पर स्टेडियम में खेल परिसर के निर्माण कार्य की शुरुआत के समारोह में भी भाग लिया। इसका नाम सरदार पटेल खेल परिसर होगा और इसमें फुटबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, कबड्डी, मुक्केबाजी जैसे खेलों की सुविधाएं होंगी। करीब 215 एकड़ की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत 20 स्टेडियम बनाए जाएंगे जिसमें खिलाड़ियों और कोचों के लिए रिहायशी सुविधा भी होगी। शाह ने कहाकि ये तीन परिसर 233 एकड़ में फैले होंगे जो राष्ट्रमंडल खेल, एशियाई खेल और ओलंपिक तक की मेजबानी के लिए काफी है। ये छह महीने में तैयार हो जाएंगे। करीब 63 एकड़ से अधिक परिसर में फैले नरेंद्र मोदी स्टेडियम की दर्शक क्षमता एक लाख 32 हजार है और इस पर 800 करोड़ रूपए खर्च किए गए हैं। इससे पहले मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड सबसे बड़ा स्टेडियम था जिसकी दर्शक क्षमता 90000 है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि इससे खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन में मदद मिलेगी। हमारे कई खिलाड़ी कठिनाइयों का सामना करके छोटे शहरों से आते हैं। जीसीए ने जिन खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया है, उनमें आज के लोकप्रिय नाम जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल शामिल हैं। प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा जारी सूचना में कहा गया, यह ओलंपिक आकार के 32 फुटबॉल स्टेडियमों के बराबर का है।

परिसरपटेल के...

ने आरोप लगाया और इसे सरदार पटेल का अपमान बताया। इन आरोपों के बारे में पूछे जाने पर सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सिर्फ मोटेरा स्टेडियम का नाम बदला गया है जबकि पूरा खेल परिसर सरदार वल्लभ भाई पटेल के ही नाम पर रहेगा।

स्पिन जाल में फंसा इंग्लैंड

अक्षर ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके 38 रन देकर छह विकेट लिए

भाषा। अहमदाबाद

अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन की बलखाती गेंदों के सहारे इंग्लैंड को 112 रन पर समेटने के बाद भारत ने रोहित शर्मा के नाबाद अर्धशतक की मदद से बुधवार को यहां तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच की पहली पारी में मजबूत बढ़त हासिल करने की तरफ कदम बढ़ाए। पटेल ने इस दिन रात्रि टेस्ट मैच के पहले दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 38 रन देकर छह विकेट लिए जबकि अश्विन ने 26 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। एक विकेट इशांत शर्मा को मिला जो अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं। इंग्लैंड के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे।

भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 99 रन बनाए हैं और अब वह इंग्लैंड से केवल 13 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय रोहित 57 और उप कप्तान अजिंक्य रहाणे एक रन पर खेल रहे थे। कप्तान विराट कोहली (27) खेल समाप्त होने से पहले आखिरी ओवर में आउट हुए। रोहित और कोहली ने तीसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़े। शुभंकर गिल (11) ने जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के सामने कड़ी परीक्षा दी लेकिन उन्होंने जोफ्रा आर्चर (24 रन देकर एक) की शार्ट पिच गेंद को पुल करने के प्रयास में हवा में गेंद लहरा दी। स्पिनर जैक लीच (27 रन देकर दो) ने इसके तुरंत बाद चेतेश्वर पुजारा (शून्य) को पगबाधा आउट करके इंग्लैंड के खेमे में खुशियां भर दी। पुजारा ने 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ इसी मैदान पर अपना सर्वोच्च स्कोर (नाबाद 206) बनाया था। रोहित ने शुरू में संभलकर खेलने के बाद कुछ आकर्षक शॉट लगाए। इंग्लैंड ने उनके खिलाफ पगबाधा की अपील पर एक रिव्यू भी गंवाया। रोहित ने इसके बाद टेस्ट मैचों में अपना 12वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। कोहली जब 24 रन पर थे तब ओली पोप ने उनका आसान कैच छोड़ा लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और लीच की गेंद अपने विकेटों पर खेल गए।

मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच पहले दिन से ही काफी टर्न ले रही थी और इस पर अश्विन और पटेल की फिरकी का इंग्लैंड के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। कलाई की चोट के कारण पहले दो मैचों में नहीं खेल पाने वाले सलामी बल्लेबाज जॉक क्रॉउली (84 गेंदों पर 53) ने प्रवाह मय बल्लेबाजी की और दस चौके लगाए लेकिन स्पिनरों के सामने वह भी बगले झांकने लगे। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरे इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने अपने विकेट बचाए रखने को जरूरत से ज्यादा प्राथमिकता देकर भारतीय स्पिनरों को हावी होने का मौका दिया।

इशांत (26 रन देकर एक) ने शानदार शुरुआत की और अच्छी लाइन व लेंथ से की गई गेंद पर डोम सिब्ली (शून्य) को दूसरी स्लिप में रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। इसके बाद अक्षर और अश्विन की तूती बोली।

कोहली ने सातवें ओवर में ही अक्षर को गेंद सौंपी और उन्होंने अपनी पहली गेंद पर ही जॉनी बेयरस्टॉ (शून्य) को पगबाधा आउट कर दिया। क्रॉउली ने इस बीच गुलाबी गेंद से बल्लेबाजी के लिए सर्वश्रेष्ठ माने जाने वाले सत्र में आक्रामक रवैया अपनाया तथा कुछ खूबसूरत ड्राइव और फ्लिक से रन बटोरे।

लेकिन अश्विन के गेंद थामते ही क्रॉउली और जो रूट (17) दोनों को परेशानी होने लगी। क्रॉउली को विवादास्पद अंपायर कॉल के कारण जीवनदान मिला लेकिन रूट के मामले में स्थिति स्पष्ट थी। उन्होंने अश्विन की पगबाधा की सफल अपील पर डीआरएस भी गंवाया।

क्रॉउली ने रिवर्स स्वीप का भी सहारा लिया लेकिन अश्विन और अक्षर के सामने उनके प्रयास बेकार गए। अक्षर ने उन्हें सीधी गेंद पर पगबाधा आउट करके पहला सत्र भारत के नाम किया।

दूसरे सत्र में भी कहानी में कोई बदलाव नहीं हुआ। अश्विन ने चाय के विश्राम के बाद पहले ओवर में ही ओली पोप (एक) के ऑफ स्टंप की गिल्ली को गिराया तो अक्षर ने अगले ओवर में बेन स्टोक्स (छह) को पगबाधा किया जो दोहरी मानसिकता में गेंद बल्ले से रोकने में नाकाम रहे थे। इसके बाद जोफ्रा आर्चर (11) की बारी थी जो अक्षर की टर्न लेती गेंद पर गच्चा खा गए।

पुजारा ने लीच (तीन) का दूसरी स्लिप में अपनी दाईं तरफ काफी नीचा कैच लेकर अश्विन को टेस्ट मैचों में 397वां विकेट दिलाया जबकि पटेल ने ब्रॉड (तीन) के रूप में पारी का अपना पांचवां विकेट लिया। बुमराह ने डीप स्क्वायर लेग पर कैच लेकर इसमें अपना योगदान दिया। पटेल ने बेन फॉक्स (12) को आउट करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया।

चार मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। इंग्लैंड ने चेन्नई में पहला टेस्ट मैच 227 रन से जीता था तो भारत ने उसी स्थान पर दूसरा मैच 317 रन से जीतकर श्रृंखला बराबर की थी।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड पहली पारी: जॉक क्रॉउली पगबाधा बो पटेल 53, डोम सिब्ली का रोहित बो इशांत 00, जॉनी बेयरस्टॉ पगबाधा बो पटेल 00, जो रूट पगबाधा बो अश्विन 17, बेन स्टोक्स पगबाधा बो पटेल 06, ओली पोप बो अश्विन 01, बेन फॉक्स बो पटेल 12, जोफ्रा आर्चर बो पटेल 11, जैक लीच का पुजारा बो अश्विन 03, स्टुअर्ट ब्रॉड का बुमराह बो पटेल 03, जेम्स एंडरसन नाबाद 00
अतिरिक्त (बाई 01, लेग बाई 02, नोबॉल 03) 06
कुल (48.4 ओवर में, सभी आउट) 112
विकेट पतन :1-2, 2-27, 3-74, 4-80, 5-81, 6-81, 7-93, 8-98, 9-105
गेंदबाजी: इशांत 5-1-26-1, बुमराह 6-3-19-0, पटेल 21.4-6-38-6, अश्विन 16-6-26-3
भारत पहली पारी : रोहित शर्मा खेल रहे हैं 57 , शुभमन गिल का क्रॉउली बो आर्चर 11, चेतेश्वर पुजारा पगबाधा बो लीच 00, विराट कोहली बो लीच 27, अजिंक्य रहाणे खेल रहे हैं 01
अतिरिक्त (बाई 02, वाइड 01)
कुल (33 ओवर में, तीन विकेट पर) 99
विकेट पतन :1-33, 2-34, 3-98
गेंदबाजी: एंडरसन 9-6-11-0, ब्रॉड 6-1-16-0, आर्चर 5-2-24-1, लीच 10-1-27-2, स्टोक्स 3-0-19-0

सिंधु की राह आसान और साइना को मिला कठिन ड्रा

आल इंग्लैंड बैडमिंटन का ड्रा निकला

भाषा। नई दिल्ली

मौजूदा विश्व चैम्पियन पीवी सिंधु को प्रतिष्ठित आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में आसान ड्रा मिला है जबकि साइना नेहवाल को कठिन प्रतिद्वंद्वियों से भिड़ना पड़ेगा। टूर्नामेंट 17 से 21 मार्च के बीच बर्मिंघम में खेला जाएगा। स्विस ओपन के बाद आल इंग्लैंड ओपन 2021 इस साल का दूसरा टूर्नामेंट होगा जिसमें टोक्यो ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए रैंकिंग अंग मिलेंगे। बैडमिंटन विश्व महासंघ द्वारा मंगलवार को जारी ड्रा के अनुसार ओलंपिक रजत पदक विजेता सिंधु पहले दौर में मलेशिया की सोनिया चिया से खेलेगी। शुरूआती दौर के मुकाबले जीतने पर क्वार्टर फाइनल में उसका सामना जापान की अकाने यामागुची और सेमीफाइनल में स्पेन की कैरोलिना मारिन से हो सकता है।

मारिन को टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता मिली है जबकि सिंधु को पांचवीं वरीयता दी गई है। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना को पहले दौर में डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट से खेलना है। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पारूपल्ली कश्यप को पहले ही मैच में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जापान के केंतो मोमोता का सामना करना है। किदाम्बी श्रीकांत पहले दौर में इंडोनेशिया के टॉमी सुगिआर्तो से खेलेंगे जबकि विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता बी साइ प्रणीत फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव का सामना करेंगे। भारतीय खिलाड़ी तीन मार्च से शुरू हो रहे स्विस ओपन में भी भाग लेंगे।

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, **Harbax Singh Behl** S/o **Kartar Singh Behl** residing at **E-14,Gasta Complex, B-3,Paschim Vihar,ND-63** declare that name of mine/my father has been wrongly written as **H.S.Behl/H.S.Bahl/ H.S.Behal & K.S.Behl** in my service book/aadhaar card/voter card and in the other documents. The actual name of mine/my father are Harbax Singh Behl & Kartar Singh Behl respectively which may be amended accordingly.

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that Vimal Kumar Jain is the absolute owner of Flat no.GG-1/175-A, Ground Floor, Vikas Puri New Delhi-18 having acquired by Relinquishment Deed dated 06.01.2021 (registration No. 260) executed by Mrs. Kamla Devi Jain, Mrs. Manjaula Jain, Mrs. Bhansali Ranjanben Ravindrabhai, Mrs. Anita Bomb and Mr. Sanjeev Jain legal heirs of Late Lakshmi Lal Dak
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage(equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91
011-43052822, 09810063351

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large that **Mr. Bhanu Pratap Singh** S/o Sh. Jay Kishore who is purchasing the **Residential House of Land area measuring 25 Sq. Yds., i.e. 20.90 Sq. Mtrs., out of Khasra No. 344, situated at Vandana Vihar Khoda Colony, Pargana Loni Tehsil & District Ghaziabad, U.P.** from **Sh. Jay Kishore** S/o Sh. Natottam Singh owner vide of Notarized General Power of Attorney dated **06.09.1993** executed by **Sh. Ram Lal** S/o Sh. Kishan, along with ATS, Will and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/ interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
Lucem Legal LLP
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth ,Opp. Uday Park, South Ext.II, New Delhi-49, Contact #011-40046316

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large that **Mr. Lalit Kumar** who is purchasing the **PLOT OF LAND AREA MEASURING 30 SQ. YDS., OUT OF KHASRA NO. 266., SITUATED AT SHIV PARK KHORA COLONY, PARGANA LONI TEHSIL & DISST., GHAZIABAD, U.P.** from **Mrs. Kamlesh W/o Mr. Rakesh Kumar** owner vide of **Registered GPA dated 03.07.2017** executed by **Mr. Mahesh Kumar S/o Mr. Siya Ram**, along with ATS, Will and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/ interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
Lucem Legal LLP
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth ,Opp. Uday Park, South Ext.II, New Delhi-49, Contact #011-40046316

ओजस्वी ट्रेड्स इन्वेस्टमेंट ऐंड फायनेंस लिमिटेड
केएच. सं. 300, गोपी राम बिल्डिंग, सुल्तानपुर ग्राम, नई दिल्ली–110030
फोन नं. 09810836602, फैक्स नं. 0124–4699333
सीआईएनः एल67120डीएल1990पीएलसी042059
वेबसाइट : www.ojswi.in ई–मेल आईडीः corporate.ojswi@gmail.com

बोर्ड मीटिंग की सूचना

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 ("सूचीयन विनियमावली") के विनियम 29 के अनुसरण में, एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक मंगलवार, 02 मार्च, 2021 को आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य के साथ, 30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अ–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित और अभिलेखबद्ध किए जाएंगे।
उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट **www.ojswi.in** पर भी उपलब्ध है तथा स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट **www.msei.com** पर भी उपलब्ध हो सकती है।
बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते ओजस्वी ट्रेड्स इन्वेस्टमेंट ऐंड फायनेंस लिमिटेड
हस्ता./–
स्थान : नई दिल्ली — संदीप गर्ग
तिथि : 24 फरवरी, 2021 — निदेशक

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **बादशाह, पुत्रः हाशीम, निवासीः** डी–1/766, जेजे कॉलोनी, भलस्वा डेयरी, दिल्ली है, जो कि दिनांक 27.01.2021 से लापता है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्रः** 27 वर्ष, **कदः** 5'2'', **रंगः** सांवला, **शरीरः** पतला, **चेहराः** लम्बा, जिसने नीले रंग की कमीज, नीले रंग की जीन्स पैंट और चप्पल पैरों में चप्पल पहनी है। इस संदर्भ में **डीडी नं. 55ए, दिनांक 31.01.2021 को थाना भलस्वा डेयरी, दिल्ली में दर्ज है।**
हर संभव कोशिश के बाद भी इस व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641
थानाध्यक्ष
थाना भलस्वा डेयरी, दिल्ली
DP/784/ON/2021 — **फोनः 011-27811933, 27811934**

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नामः नामालूम, पुत्रः नामालूम, पताः नामालूम, उम्रः 28/30 वर्ष लगभग, कदः लगभग 5'6" फीट, रंगः गेहुँआ, चेहराः अंडाकार पहनावाः सफेद रंग की शर्ट ग्रे बनियान और काले रंग की पैन्ट व नीले रंग की चप्पल पहने हुए। जो दिनांक 20.02.2021 को के0एम0 पोल 2/6 नार्थ लाईन रेलवे ट्रैक पास से जख्मी हालत में जी0टी0बी0 अस्पताल में बाबत MLC No. D/2515/02/21 भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत लाया घोषित कर दिया। जिसके संदर्भ में **DD No. 29A** दिनांक 20.02.2021 से थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है। मृतक के शरीर को 72 घंटों के लिए जी0टी0बी0 अस्पताल, दिल्ली के मॉर्चरी में संरक्षित रखा गया है।
स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बावजूद भी अब तक इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो वह तुरन्त अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।
थानाध्यक्ष
थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
DP/66/RLY/2021 — **फोनः 011-23961522, 9250677138**

वित्तीय स्थिरता पर क्रिप्टोकरेंसी के प्रभाव को लेकर चिंता

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक क्रिप्टोकरेंसी के अर्थव्यवस्था की वित्तीय स्थिरता पर संभावित प्रभावों को लेकर चिंतित है और उसने सरकार को इससे अवगत करा दिया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बुधवार को यह जानकारी दी। दास ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी को लेकर हमारी कुछ प्रमुख चिंताएं हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

LOST & FOUND

I Virender Adarsh, S/O Brij Lal Adarsh, R/O, H No. A-67, Maidan Garhi Road, Chhattarpur Enclave, New Delhi-110074, have lost my LIC Policy Bond. Policy No. 126248345. If find may contact at # 9958952652.
PD(8930)C

सेंसेक्स की 1,030 अंक की छलांग, निफ्टी 14,950 के पार

भाषा। मुंबई

वित्तीय कंपनियों के शेयरों में जोरदार लिवाली से बुधवार को सेंसेक्स 1,030 अंक की छलांग के साथ एक बार फिर 50,000 अंक के स्तर के पार निकल गया। वहीं निफ्टी में भी 270 अंक का अच्छा लाभ दर्ज हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में तकनीकी गड़बड़ी की वजह से आज दोनों एक्सचेंजों ने कारोबार का समय पांच बजे तक बढ़ा दिया था।

एनएसई में 3:45 बजे दोबारा कारोबार शुरू हुआ। अंत में निफ्टी 274.20 अंक या 1.86 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,982 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स।,030.28 अंक या 2.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50,781.69 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक करीब पांच प्रतिशत चढ़ गया। एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और एसबीआई के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर पावरग्रिड, डॉ रेड्डीज, टीसीएस और एशिया पेंट्स के शेयरों में गिरावट आई। शेयर एक्सचेंजों ने 3:30 पर अपने कारोबार के बंद होने के समय से कुछ मिनट पहले ही घोषणा की कि उनके इक्विटी और डेरिवेटिव्स बाजार आज पांच बजे तक खुले रहेंगे। इससे पहले दिन में कनेक्टिविटी के मुद्दे की वजह से एनएसई के विभिन्न खंडों में 11:40 बजे कारोबार बंद हो गया था। हालांकि, व्यापक भारतीय बाजार इससे प्रभावित नहीं हुए थे क्योंकि बीएसई का परिचालन जारी था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, तकनीकी गड़बड़ी से बाजार की धारणा प्रभावित नहीं हुई। हालांकि, बाजार में उतार-चढ़ाव था, लेकिन इसका रुख सकारात्मक था। अतिरिक्त सत्र में बाजार में और मजबूती आई और इसने अन्य बाजारों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया।

बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में 1.08 प्रतिशत तक का लाभ रहा। अन्य एशियाई बाजारों में चीन के शंघाई कम्पोजिट, हांगकांग के हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और जापान के निक्की में गिरावट आई। हालांकि, यूरोपीय बाजार लाभ में कारोबार कर रहे थे। इस बीच, वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल 0.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 65.10 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 11 पैसे की बढ़त के साथ 72.35 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

नई दिल्ली। त्रिपुर के एक प्रमुख निर्यातक समूह के संस्थापक डा. ए शक्तिवेल को सर्वसम्मति से फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशंस (फियो) का नया अध्यक्ष चुन लिया गया। फियो की बुधवार को यहां जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है।

PUBLIC NOTICE

To, be known to all that my client, SMT. PUSHPA BANERJEE D/O SH. D.N. BANERJEE R/O HOUSE NO. Z-29, GROUND FLOOR, HAUZ KHAS, NEW DELHI-110016, is the owner of DDA MIG FLAT NO.102-A, GROUND FLOOR, POCKET NO. A-11, SITUATED AT KALKAJI EXTENSION, NEW DELHI110019, VIDE DDA FILE NO.F.MISC.1(89)/91/G, and my client have applied for Substitution and Conversion of leasehold to freehold in respect of said flat. The original document i.e. ALLOTMENT CUM DEMAND LETTER, POSSESSION LETTER, NOC FOR WATER & ELECTRICITY CONNECTION, SITE POSSESSION SLIP AND ALL BANK CHALLANS ETC. of the above said property have been lost or misplaced by my client and is not traceable inspite of her best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi (LR No.171952/2021 dated 24.02.2021. Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9319105705 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director LAB (Housing) or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.
Naveen Aggarwal (Advocate)
Ch. No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, **Nirmal Behl** W/o **Harbax Singh Behl** residing at **E-14,Gasta Complex,B-3, Paschim Vihar,NDelhi-63** declare that name of mine/my husband has been wrongly written as Nirmal Behal/Nirmal Bahl & Harbax Singh Behal in my conveyance deed/service book/voter card and in the other documents.The actual name of mine/my husband are Nirmal Behl & Harbax Singh Behl respectively which may be amended accordingly.

बिक्री सूचना

निम्नलिखित आस्तियां अधोवर्णित मामलों में न्यायालय के आदेशों के अनुसार बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है आधार" तथा "जैसा है जो है आधार" पर नीलामी के माध्यम से बेची जाएगी।

वाद विवरण	आस्ति विवरण	सुरक्षित मूल्य	ईएमडी राशि (सुरक्षित मूल्य की 10:)
आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम अंकित भडाना वाद सं.–सीएम (एम) 231/2020	वाहन नंबर – एचआर38वी7561, मेक तथा माडल – ह्युंडई एक्सेन्ट, विनिर्माण वर्ष – 2015	1,00,000/-	10,000/-
आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम ललित कुमार वाद सं.–सीएम (एम) 536/2020 एवं सीएम अपील 27473/2020	वाहन नंबर – यूपी14सीडी4738, मेक तथा माडल – मारूति ऑल्टो 800 एलएक्सआई सीएनजी, विनिर्माण वर्ष – 2014	50,000/-	5,000/-
आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम अर्चना राज वाद सं.–सीएम (एम) 573/2020 एवं सीएम अपील 29273/2020	वाहन नंबर – यूपी14ईटी7203, मेक तथा माडल – शेवोले एन्जॉय एलटी, विनिर्माण वर्ष – 2015	60,000/-	6,000/-
आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम मोहम्मद आदिल वाद सं.–सीएम (एम) 599/2020 एवं सीएम अपील 30342/2020	वाहन नंबर – यूपी14सीएस9040, मेक तथा माडल – मारूति स्विफ्ट डिजायर, विनिर्माण वर्ष – 2015	1,80,000/-	18,000/-
आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम मेहकार सिंह वाद सं.–सीएम (एम) 549/2020 एवं सीएम अपील 27986/2020	वाहन नंबर – यूपी16डीटी4118, मेक तथा माडल – शेवोले एन्जॉय, विनिर्माण वर्ष – 2015	1,60,000/-	16,000/-
आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम सुबोध कुमार वाद सं.–सीएम (एम) 602/2020 एवं सीएम अपील 30659/2020	वाहन नंबर – यूपी14एफटी6208, मेक तथा माडल – रीनॉल्ट लॉजी आरएक्सई, विनिर्माण वर्ष – 2016	1,80,000/-	18,000/-

नीलामी की तिथि एवं समय : 06–मार्च–2021, सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
स्थान : गोदरा यार्ड, खेवट नंबर 166/1, निकट अतुल कटारिया चौक, ज्ञान देवी स्कूल के पीछे, सेक्टर–17, सुखराली, गुरूग्राम–122022
सम्पर्क व्यक्ति :– राजीव रंजन (8584874809)/जितेन्द्र कुमार (7304914763)
ईएमडी : ईएमडी राशि का डीडी/पीओ आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के पक्ष में दिल्ली में देय बनाया जाना है।
बिक्री की शर्तें
उक्त आस्ति का यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार वर्णित किया गया है, जो तथापि, उक्त विवरण में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। अतएव इच्छुक प्रतिभागी/प्रतिभागियों से उनके अपने हित में अनुरोध है कि वे बोली देने से पहले उक्त आस्ति और उससे संबंधित अन्य विवरण के बारे में अपनी संतुष्टि कर लें। सभी बोलीदाताओं को नीलामी में भाग लेने के लिए ईएमडी राशि के मूल डीडी/पीओ के साथ मूल केवाईसी प्रमाणों के साथ साइट पर आना होगा।
सफल अनुमोदित बोलीदाता को बिक्री राशि (ईएमडी राशि छोड़कर) पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट/ आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से नीलामी की तिथि से 5 दिन के भीतर जमा करनी होगी। यदि आप शेष बिक्री राशि 5 दिन के भीतर जमा करने में असफल रहते हैं तो आपकी ईएमडी राशि जब्त कर ली जाएगी।
इच्छुक बोलीदाता उक्त दृष्टिबंधित वाहन के विस्तृत विवरण तथा निरीक्षण के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, एसडी टावर, कम्युनिटी सेंटर, प्लॉट नंबर–7, रोहिणी, सेक्टर–8, नई दिल्ली–110085 पधार सकते हैं।

पाकिस्तान व श्रीलंका ने द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की

भाषा। कोलंबो

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों और व्यापार एवं पर्यटन जैसे आपसी हित के साझा क्षेत्रों पर चर्चा की।

खान यहां दो दिनों के दौरे पर आए हैं। उन्होंने कोलंबो में राष्ट्रपति सचिवालय में राजपक्षे से मुलाकात की और उनके साथ बैठक की।

राष्ट्रपति राजपक्षे ने बैठक के बाद ट्वीट किया, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ आज सुबह सार्थक बातचीत हुई। बातचीत में मुख्य रूप से साझा हितों पर जोर दिया गया, जैसे कि व्यापार, पर्यटन और कृषि में प्रौद्योगिकी अपनाने आदि, जिसका फायदा दोनों देशों को मिल सकता है। कोलंबो पेज की खबर के मुताबिक राष्ट्रपति और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर लंबी बातचीत हुई। पाकिस्तानी नेता ने कहा कि वार्ता बहुत ही सार्थक रही। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच कृषि में सहायक प्रौद्योगिकी ज्ञान के आदान-प्रदान पर भी चर्चा की।

दोनों नेताओं ने कहा कि उनका लक्ष्य कृषि अर्थव्यवस्था को इस तरह से आगे बढ़ाना है कि यह किसानों को उच्च आय मुहैया कराए और उपभोक्ताओं को सब्सिडी वाली कीमतों पर उपज मिले। खान ने कहा कि पाकिस्तान की कृषि अर्थव्यवस्था काफी हद तक श्रीलंका जैसी ही है।

अखबार की खबर में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने व्यापार संवर्द्धन की संभावना और निवेश के अवसर बढ़ाने पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री बनने के बाद खान की यह पहली श्रीलंका यात्रा है।

खान ने कहा कि वह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) के जरिए श्रीलंका के साथ व्यापारिक संबंध बढ़ाने की उम्मीद करते हैं। सीपीईसी, बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह को चीन के शिंजियांग प्रांत से जोड़ता है। खान के साथ आए पाकिस्तानी विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने श्रीलंका को रक्षा सहयोग के लिए 1.5 करोड़ डॉलर की कर्ज सहायता की पेशकश की है। पाकिस्तानी मीडिया में आई खबरों में यह कहा गया है। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान में बौद्ध धर्म से जुड़े ऐसे कई स्थान हैं जो श्रीलंकाई नागरिकों के लिए आकर्षक पर्यटन केंद्र हो सकते हैं।

काठमांडू में नेपाल कम्यूनिस्ट पार्टी के समर्थक सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद रैली निकालकर जश्न मनाते हुए

अफगानिस्तान पर तालिबान के शासन का समर्थन नहीं करेंगे बाइडन: व्हाइट हाउस

भाषा। वाशिंगटन

व्हाइट हाउस ने कहा है कि यदि अफगानिस्तान पर तालिबान का शासन होता है तो अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन इसका समर्थन नहीं करेंगे।

इसके साथ ही व्हाइट हाउस की ओर से कहा गया कि युद्ध प्रभावित अफगानिस्तान में शांति स्थापित करने के लिए अगला कदम उठाने की प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है।

अमेरिका और तालिबान के बीच फरवरी 2020 में समझौता हुआ था जिसके तहत स्थाई रूप से संघर्ष विराम, तालिबान और अफगानिस्तान की सरकार के बीच शांति स्थापना को लेकर बातचीत और एक मई तक सभी विदेशी सेनाओं की वापसी पर सहमति बनी थी। अफगानिस्तान में अभी लगभग 2,500 अमेरिकी सैनिक हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या अफगानिस्तान पर तालिबान का शासन होने पर बाइडन इसे समर्थन देंगे, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, मुझे नहीं लगता कि वह इसका समर्थन करेंगे। साकी ने कहा, अफगानिस्तान में अगला कदम उठाने की प्रक्रिया जारी है। इस पर चर्चा हो रही है और आगे क्या होगा मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहता।

श्रीलंका के विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के प्रस्ताव को खारिज करने की अपील की

कोलंबो। श्रीलंका के विदेश मंत्री ने यूएनएचआरसी के सदस्य देशों से श्रीलंका में मानवाधिकार को लेकर जवाबदेही और सुलह-सफाई पर आगामी प्रस्ताव को खारिज करने की अपील करते हुए इसे देश के खिलाफ राजनीति से प्रेरित कदम बताया।संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के सत्र को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए विदेश मंत्री दिनेश गुणवर्द्धना ने परिषद से प्रस्ताव को खारिज करने की अपील की। मंत्री ने आगामी दिनों में लाए जाने वाले प्रस्ताव को आधारहीन और श्रीलंका के खिलाफ राजनीति से प्रेरित कदम बताया।गुणवर्द्धना की टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब देश ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयुक्त मिशेल बाचेलेट की एक रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। इस रिपोर्ट में 2009 में लिट्टे के साथ सशस्त्र संघर्ष के अंतिम चरण के दौरान मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ पाबंदी लगाने और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत प्रक्रिया शुरू करने समेत कई कदम उठाने का आह्वान किया गया था।

भारतवंशी वकील किरण आहूजा अमेरिका के कार्मिक प्रबंधन कार्यालय की प्रमुख के तौर पर नामित

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीय मूल की वकील और कार्यकर्ता किरण आहूजा को कार्मिक प्रबंधन कार्यालय की प्रमुख के तौर पर नामित किया है।कार्मिक प्रबंधन कार्यालय, अमेरिका के बीस लाख से अधिक सिविल सेवा अधिकारियों के प्रबंधन का कामकाज देखता है।यदि आहूजा (49) के नामांकन को सीनेट से मंजूरी मिल जाती है तो वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति होंगी।आहूजा ने 2015 से 2017 तक कार्मिक प्रबंधन कार्यालय के निदेशक के चीफ ऑफ स्टाफ के तौर पर काम किया था। उन्हें, लोक सेवा और गैर लाभकारी क्षेत्र में काम करने का दो दशक से ज्यादा का अनुभव है। वर्तमान में वह फिलेनथ्रोपी नार्थवेस्ट की मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं जो कि परोपकारी संस्थाओं का एक क्षेत्रीय नेटवर्क है।

आहूजा ने अमेरिका के न्याय मंत्रालय में नागरिक अधिकारों की वकील के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की थी। ओबामा-बाइडन प्रशासन के दौरान उन्होंने वाइट हाउस के एक कार्यक्रम की कार्यकारी निदेशक के तौर पर छह साल तक सेवा दी थी।

आहूजा की परवरिश जॉर्जिया के सवाना में हुई थी और उन्होंने स्पेलमेन कॉलेज से राजनीति विज्ञान में स्नातक तथा जॉर्जिया विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की है। वाशिंगटन पोस्ट ने कहा कि आहूजा, सिविल सेवाओं पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों को पलट सकती हैं।

क्विक न्यूज

बाइडन प्रशासन ने नागरिकता संबंधी नीति में किया बदलाव

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने स्वाभाविक तौर पर अमेरिकी नागरिकता पाने के योग्य लोगो के लिए पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की नीति को पलटते हुए 2008 की नीति को अपनाने की घोषणा की है। इस फैसले से सभी योग्य लोगो के लिए नागरिकता पाने का मार्ग और आसान होगा।अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईसी) ने सोमवार को कहा कि यह नई नीति एक मार्च से लागू होगी। यूएससीआईसी ने पिछले साल एक दिसम्बर को नागरिकता परीक्षा मे बदलाव किया था, जिसे 2020 नागरिकता परीक्षा कहा जाता है।पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने स्वाभाविक तौर पर अमेरिकी नागरिकता पाने के योग्य लोगो के लिए नागरिकता परीक्षा मे बदलाव करने का फैसला किया था। इसके तहत प्रश्न की संख्या 100 से बढ़ाकर 128 कर दी गई थी और बहुवैकल्पिक सवालो मे राजनीतिक और वैचारिक रुझानो की परख करने का फैसला किया गया।नीति को बदलने की घोषणा करते हुए यूएससीआईएस ने कहा कि एजेंसी का मानना है कि एक दिसंबर, 2020 को या उससे पहले आवेदन करने वालो के लिए संशोधित नागरिकता परीक्षा अनजाने मे संभावित अवरोधक हो सकती है।बयान मे कहा गया, यह फैसला हमारे कानूनी आव्रजन तंत्र मे फिर से भरोसा बहाल करने के लिए शासकीय आदेश के ढांचे के अनुरूप है। इसके तहत सभी योग्य लोगो के लिए प्रक्रिया को आसान बनाने का प्रावधान है। इसके साथ ही स्वाभाविक तौर पर नागरिकता पाने के योग्य लोगो के लिए अवरोधक भी खत्म करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। स्वाभाविक तौर पर अमेरिकी नागरिकता पाने के योग्य लोगो को इसके लिए परीक्षा देनी पड़ती है। परीक्षा मे पास करने के लिए अमेरिका के इतिहास, सिद्धांतो और सरकार के गठन संबंधी जानकारी होनी जरूरी है।

बजट विभाग का नेतृत्व करने के लिए केवल नीरा टंडन हैं उम्मीदवार : व्हाइट हाउस

वाशिंगटन। अमेरिका मे प्रबंधन एवं बजट विभाग मे निदेशक के तौर पर नीरा टंडन को नामित किए जाने का व्हाइट हाउस और भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने जबरदस्त समर्थन करते हुए उन्हे इस पद के लिए सबसे अधिक उचित उम्मीदवार बताया है।व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने मंगलवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन मे कहा, बजट विभाग का नेतृत्व करने के लिए सिर्फ एक उम्मीदवार है और उनका नाम है नीरा टंडन। कई रिपब्लिकन सांसद पूर्व मे सोशल मीडिया पर टंडन के बर्ताव को लेकर उनके नाम पर आपत्ति जता रहे है।अगर सीनेट मे टंडन (50) के नाम की पुष्टि हो जाती है तो वह ऐसी पहली भारतवंशी महिला होगी जो अमेरिकी सरकार के वार्षिक बजट का निर्माण करने वाली संघीय एजेंसी का नेतृत्व करेगी। ओहायो से रिपब्लिकन सांसद रॉब पोर्टमैन ने सोमवार को कहा कि वह नाम की पुष्टि के दौरान टंडन के विरोध मे मतदान करेगे। इसके अलावा रिपब्लिकन सांसद सुसन कोलिंस और मिट रोमनी भी टंडन के नाम पर विरोध जता चुके है।अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी टंडन के नाम का समर्थन किया है।सीनेट की बजट समिति मे टंडन के नाम पर बुधवार को मतदान होना है जबकि सीनेट के गृह सुरक्षा एवं सरकारी मामलो की समिति मे एक दिन बाद बृहस्पतिवार को मतदान होगा।

अमेरिका के नए कृषि मंत्री होंगे टॉम विल्सैक

वाशिंगटन। अमेरिकी सीनेट ने कृषि मंत्री के पद के लिए टॉम विल्सैक के नाम की पुष्टि की है। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के पूर्ण कार्यकाल मे विल्सैक आठ साल तक कृषि मंत्री थे। सीनेट मे उनके पक्ष मे 92 और विरोध मे सात लोगो ने वोट किया।मतदान के बाद विल्सैक ने कहा, हम एक ऐसे अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) का प्रतिनिधित्व करेगे जो अमेरिका के सभी लोगो के लिए काम करे। उन्होने कहा, मै भविष्य को लेकर आशान्वित हू और मुझे विश्वास है कि अच्छे दिन आने वाले है। सीनेट मे कृषि मंत्री के पद के लिए अपने नाम की पुष्टि की कार्यवाही के दौरान विल्सैक ने कहा, कृषि हमारे प्रारंभिक और सबसे बेहतरीन तरीको मे से एक है, जो जलवायु परिवर्तन के मामले मे बड़ी उपलब्धि दिला सकती है।

इक्वाडोर में कई जेलों में झड़प, 62 की मौत

क्विटो (इक्वाडोर)। इक्वाडोर के तीन शहरो की जेलो मे प्रतिद्वंद्वी समूह के बीच झगड़े और जेल से भागने की कोशिश मे 62 कैदियो की मौत हो गई। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। कारागार निदेशक एडमुंडो मोनकायो ने एक संवाददाता सम्मेलन मे मंगलवार को कहा कि यहां की स्थिति पर नियंत्रण बहाल करने के लिए 800 पुलिस अधिकारियो की मदद ली जा रही है।

पाकिस्तान में रही है अफगान तालिबान की पनाहगाह

वाशिंगटन। अमेरिकी सेना के एक पूर्व शीर्ष अधिकारी ने अमेरिकी सांसदों को बताया कि पाकिस्तान में अफगान तालिबान की सुरक्षित पनाहगाह रही है और आतंकी संगठन की उस देश के मदरसों से शुरुआत हुई थी। एक संसदीय सुनवाई के दौरान मंगलवार को ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के पूर्व अध्यक्ष सेवानिवृत्त जनरल जोसफ एफ डनफोर्ड ने सांसदों को यह भी बताया कि हड़बड़ी में अफगानिस्तान से अमेरिकी सुरक्षा बलों की वापसी के बाद वहां गृह युद्ध की आशंका काफी ज्यादा है।

उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि पाकिस्तान में तालिबान की पनाहगाह है। हम जानते हैं कि वे मास्को की यात्रा, बीजिंग की यात्रा और अन्य देशों की यात्रा के जरिए सक्रिय रूप से कूटनीतिक प्रयास कर रहे हैं। हम जानते हैं की उन्होंने खाड़ी की यात्रा की। हम जानते हैं कि ईरान उनकी साजोसामान के साथ कुछ सहायता कर रहा है। डनफोर्ड ने कहा कि तालिबान को मादक द्रव्यों के कारोबार से वित्तीय मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि तालिबान एक सुन्नी आतंकवादी संगठन है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, इसमें कोई शक नहीं कि तालिबान पाकिस्तान के मदरसों से पनपता है।डनफोर्ड ने सांसदों को बताया कि आतंकवादी खतरा कम हुआ है क्योंकि अमेरिका ने अफगान बलों को प्रशिक्षित किया है और अमेरिकी सेना की मौजूदगी लगातार बनी हुई है।

उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि यह खतरा 18 से 36 महीने की अवधि के दौरान फिर से पनप सकता है। मातृभूमि और हमारे सहयोगियों के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि अफगान सुरक्षा बल अमेरिकी वित्तीय मदद और संचालनात्मक सहायता पर काफी हद तक निर्भर हैं। वे कुछ समय तक ऐसे ही बने रहेंगे।

ईराक में आईएसआईएस आतंकवादियों से संघर्ष के बाद क्षतिग्रस्त गली को सही करते लोग

म्यांमा की सेना को सत्ता छोड़ देनी चाहिए: अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, जुंटा (सैन्य प्रशासन) को दिए गए हमारे संदेश में कोई बदलाव नही आया है

अमेरिका ने मंगलवार को कहा कि म्यांमा की सेना को सत्ता छोड़ देनी चाहिए और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार बहाल करनी चाहिए। अमेरिका ने कहा है कि वह म्यांमा के लोगों के साथ है और देश में असैन्य नेतृत्व वाली सरकार की लोगों की इच्छा का समर्थन करता है। इस महीने म्यांमा की सेना ने सरकार का तख्तापलट कर दिया था और आंग सान सू ची तथा राष्ट्रपति यू विन मिंट समेत कई नेताओं को बंदी बना लिया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, जुंटा (सैन्य प्रशासन) को दिए गए हमारे संदेश में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्हें सत्ता छोड़ देनी चाहिए, लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को बहाल करना चाहिए और बर्मा (म्यांमा) के लोगों के प्रति हमारे संदेश में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। प्राइस के बयान से एक दिन पहले अमेरिका ने म्यांमा के सैन्य अफसरों के विरुद्ध अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। अमेरिका और कई पश्चिमी देश म्यांमा को उसके पूर्ववर्ती नाम बर्मा से संबोधित करते रहे हैं। प्राइस ने कहा, हम बर्मा के लोगों के साथ हैं। हम विश्व में समान विचारधारा वाले अपने सहयोगियों और साझेदारों के साथ मिलकर, बर्मा में असैन्य सरकार की बहाली का समर्थन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बर्मा के सैन्य अफसरों को समझना चाहिए लोकतांत्रिक तरीके से चुनी सरकार को हटाने के उनके प्रयास के नतीजे भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि तख्तापलट के लिए जवाबदेही तय करने का अकेला अमेरिका ही पक्षधर नहीं है। प्राइस ने कहा, दरअसल, हमने ब्रिटेन और कनाडा द्वारा हाल में लगाए गए प्रतिबंधों का समर्थन किया है और यूरोपीय संघ जो भी कदम उठाएगा हम उसका भी स्वागत करेंगे।

ओली का इस्तीफा देने का नहीं हैं कोई इरादा: अधिकारी

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली का तत्काल इस्तीफा देने का कोई इरादा नहीं है और वह संसद का सामना करने के बारे में उच्चतम न्यायालय के आदेश पर अमल करेंगे।प्रधानमंत्री के एक आधिकारिक प्रतिनिधि ने बुधवार को यह जानकारी दी। नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को तय समय से पहले चुनाव की तैयारियों में जुटे प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को झटका देते हुए संसद की भंग की गई प्रतिनिधि सभा को बहाल करने का आदेश दिया था।प्रधान न्यायधीश चोलेंद्र शमशेर जेबीआर की अध्यक्षता वाली पांच सदस्ईय संविधान पीठ ने 275 सदस्यों वाले संसद के निचले सदन को भंग करने के सरकार के फैसले पर रोक लगाते हुए सरकार को अगले 13 दिनों के अंदर सदन का सत्र बुलाने का आदेश दिया।सत्ताधारी दल में खींचतान के बीच नेपाल उस समय सियासी संकट में घिर गया था जब प्रधानमंत्री ओली की अनुशंसा पर राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने 20 दिसम्बर को संसद की प्रतिनिधि सभा को भंग कर दिया था और 30 अप्रैल से 10 मई के बीच नए सिरे से चुनाव कराने की घोषणा की थी।ओली के प्रतिनिधि सभा को भंग करने के फैसले का पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाले नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के विरोधी धड़े ने विरोध किया था। प्रचंड सत्ताधारी दल के सह-अध्यक्ष भी हैं।ओली के प्रेस सलाहकार सूर्या थापा ने कहा कि प्रधानमंत्री इस्तीफा नहीं देंगे, बल्कि उच्चतम न्यायाल के फैसले पर अमल करेंगे और उसके तहत दो सप्ताह में बुलाई जाने वाले संसद सत्र में हिस्सा लेंगे।थापा ने कहा, उच्चतम न्यायालय का फैसला विवादास्पद है लेकिन फिर भी उसे स्वीकार कर लागू किया जाना चाहिए। इसका असर भविष्य में देखने को मिलेगा क्योंकि इस फैसले से राजनीति समस्याओं का कोई समाधान नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत के फैसले से अस्थिरता आएगी और सत्ता की लड़ाई का मार्ग प्रशस्त करेगा। हिमालयन टाइम्स ने थापा के हवाले से कहा, प्रधानमंत्री फैसले पर तामिल करने के लिए प्रतिनिधि सभा का सामना करेंगे लेकिन इस्तीफा नहीं देंगे। अदालत के फैसले के बाद प्रधानमंत्री पर बढ़ते दबाव के बीच थापा की यह प्रतिक्रिया आई है। वहीं, ओली के मुख्य सलाहकार बिष्णु रिमल ने कहा कि हम सभी को फैसला स्वीकार करना होगा। हालांकि यह मौजूदा राजनीतिक समस्या का कोई समाधान प्रदान नहीं करता। नेपाल के अधिकतर मीडिया घरानों ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इसने लोकतांत्रिक मूल्यों को बरकरार रखा है और संविधान की रक्षा की है।

अमेरिका ने सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज समेत 12 को भ्रष्टाचार रोधी पुरस्कार देने की घोषणा की

भाषा। वाशिंगटन

भारद्वाज ने एक ट्वीट में कहा कि यह सम्मान देश में सत्ता को जिम्मेदार बनाने के लिए काम करने वाले लोगो और समूहों के सामूहिक प्रयास को मान्यता प्रदान करता है।

अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडन के नेतृत्व वाले प्रशासन द्वारा हाल में शुरू अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार रोधी चैम्पियंस अवॉर्ड के लिए घोषित 12 साहसी लोगों में भारत की सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज का नाम भी शामिल है।

विदेश विभाग के अनुसार 48 वर्षीय भारद्वाज ने दो दशक से ज्यादा समय से भारत में सूचना के अधिकार आंदोलन में एक सक्रिय सदस्य के रूप में भूमिका निभाई है।

विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन ने मंगलवार को कहा, बाइडन प्रशासन यह रेखांकित करता है कि हम इन मुद्दों से मुकाबला करने में तब सफलता हासिल कर पाएंगे जब हम इसके लिए प्रतिबद्ध सहयोगियों समेत निडर लोगों के साथ काम करेंगे, जिन्होंने भ्रष्टाचार को खत्म करने के प्रयास किए और वैसे देश जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार रोधी मानकों की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए काम किया। उन्होंने कहा, इसको लेकर मैं अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार रोधी चैम्पियंस अवॉर्ड की घोषणा करता हूं। इसके जरिए उन लोगों की पहचान की जाएगी जो विपरीत परिस्थितियों में लगातार संघर्ष करते हुए भ्रष्टाचार से लड़ने और अपने देशों में पारदर्शिता, जवाबदेही को सुनिश्चित करने की लड़ाई लड़ते हैं।

भारद्वाज सतर्क नागरिक संगठन (एसएनएस) की संस्थापक हैं। यह नागरिकों का एक ऐसा समूह है, जो सरकार में पारदर्शिता और जवाबदेही तथा नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देता है।वह सूचना के जन अधिकार का राष्ट्रीय अभियान की संयोजक हैं। इस संगठन ने भ्रष्टाचार रोधी लोकपाल और व्हिसल ब्लोअर्स संरक्षण अधिनियम की हिमायत की और इसके तहत उन लोगों को संरक्षण मिलना शुरू हुआ जो भ्रष्टाचार और शक्ति के दुरुपयोग का खुलासा करते हैं। भारद्वाज ने एक ट्वीट में कहा कि यह सम्मान देश में सत्ता को जिम्मेदार बनाने के लिए काम करने वाले लोगों और समूहों के सामूहिक प्रयास को मान्यता प्रदान करता है।भारद्वाज के अतिरिक्त इसमें अल्बानिया के अर्दियन डोरवानी, इक्वाडोर की डियाना सालजार समेत अन्य कई देशों के कार्यकर्ता शामिल हैं।

देश की प्रथम म्यूज़िक लीग है 'इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग'

ज़ी टीवी पर आने वाली भारत प्रथम म्यूज़िक लीग 'इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग, के स्वागत करने के लिए तैयार हो रहा है जो इसी माह प्रारंभ हो रहा है और जिसमें छः टीमें एक दूसरे के प्रति एक स्पोर्ट्स लीग के प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करती दिखाई देंगी। इससे जुड़े सभी स्टार्स इसके प्रीमियर की शूटिंग के लिए हाल ही में एकत्र हुए। जिन्हें न पता हो उन्हें बताते चलें कि इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग में छः टीमें होंगी जिन्हें बॉलिवुड के श्रद्धा कपूर, गोविंदा, राजकुमार राव, रितेश देशमुख एवं जेनेलिया, बॉबी देओल और क्रिकेटर सुरेष रैना जैसी सिलेब्रिटीज़ का समर्थन रहेगा।

इसमें छः टीमें देश के छः क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं जिनमें असीस कौर, मीका, आकृति काकर, शान, नेहा भसीन, साजिद वाज़िद, शिल्पा राव, कैलाश खेर, भूमि त्रिवेदी, जावेद अली, पायल देव तथा अंकित तिवारी जैसे गायक टीम के कप्तान के रूप में सम्मिलित हैं।

एक राइज़िंग रियलिटी स्टार और एक नया स्वर टीम के चार गायकों को पूरा कर देंगे जो दूसरों से प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस स्टार्स से सजी टीमों अर्थात आईपीएमएल के ब्रांड एंबेस्डर के रूप में देष के लोकप्रिय कलाकार सलमान खान आईपीएमएल भी इसमें प्रतिभाग करेंगे।

इस प्रीमियर एपिसोड की शूटिंग के समय हर सिलेब्रिटीज़ ने स्टेज पर शानदार प्रस्तुति दी। लेकिन सलमान खान की प्रस्तुति कुछ अलग रही। सभी टीमों के कप्तानों द्वारा स्वागत किये जाने के बाद किसने इसमें आते ही अपने लोकप्रिय गाने गाए? जी हां सलमान खान का साथ देने के लिए बंगाल टाइगर टीम के ब्रांड एंबेस्डर गोविंदा ने उनके साथ एक अद्भुत प्रस्तुति दी। फिल्म पार्टनर में साथ काम कर चुके सलमान और गोविंदा ने एक दूसरे का साथ तो बखूबी निभाया ही, उन्होंने स्टेज पर शानदार प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्टेज पर उन्होंने फिल्म पार्टनर के गाने 'डु यू वांट अ पार्टनर, की विषिष्ट शैली में नृत्य कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इसके साथ ही उन्होंने इस फिल्म के कुछ संवादों को भी प्रस्तुत किया। ये कहना ही होगा कि उनकी प्रस्तुति से ये साबित हो गया कि क्यों उन्हें सर्वश्रेष्ठ जोड़ा कहा जाता है।

इन दोनों के साथ आ जाने से सभी बहुत उत्साहित थे। सलमान ने स्टेज पर आते ही भूमि त्रिवेदी के साथ 'ढोली तारो ढोल बाजे, गाने पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी आष्चर्य चकित कर दिया। इतना ही नहीं एक के बाद एक बॉलिवुड के स्टार्स एक एक करके स्टेज पर अपने जलवे बिखेर कर आपको मोहित कर देंगे। कहा जा सकता है कि इस आयोजन को नहीं देखा तो आप काफी कुछ मिस करेंगे।

नया चैनल 'इशारा' लाएगा रोचक कहानियां

इनटेन मीडिया नेटवर्क को उनकी श्रेष्ठ कहानियों के लिए जाना जाता है। इस बार वो हिंदी जनरल इंटरटेन्मेंट चैनल 'इषारा-जिंदगी का नजारा, लेकर आ रहे हैं।' फरवरी के दूसरे सप्ताह में चैनल ने अपने दो शो जननी तथा हमकदम, की घोषणा की। ये हमारी संस्कृति में रचे-बसे हैं लेकिन आधुनिकता के साथ प्रस्तुत किये जा रहे हैं। जननी में आप सुप्रिया पिलगांवकर जैसी वरिष्ठ कलाकार को लीड रोल में देख सकते हैं जबकि हमकदम में गुरदीप कोहली और भूमिका गुरंग केन्द्रीय भूमिका निभाते दिखेंगी।

इन10 मीडिया नेटवर्क के चैनल इषारा में आप कई प्रकार की कहानियों को देखेंगे जिनमें पारिवारिक ड्रामा से लेकर पौराणिक कथाओं तथा प्रेम कहानियां भी शामिल की जाएंगी। जैसा कि उनके नाम इषारा-ज़िंदगी का नजारा, में ही लिखा है, चैनल पर विविधतापूर्ण कहानियां और सामाजिक मूल्यों पर आधारित कहानियां प्रस्तत की जाएंगी। इसके अलावा इसमें रोचक कहानियों के माध्यम से जीवन की सच्चाई को भी प्रस्तुत किया जाएगा।

चैनल लॉन्च के अवसर पर इसके कंटेंट उपाध्यक्ष राजेष सेठी ने बताया, 'टीवी के दर्शकों में बदलाव आया है और वे हर दिन परिवर्तनषील होते जा रहे हैं। वे अब ऐसी कहानियां देखना चाहते हैं जिनसे वे जुड़ाव अनुभव कर सकें। वे ऐसी कहानियां देखना चाहते हैं जिन्हें वे अनुभव कर सकें। हम इस चैनल पर वही करने जा रहे हैं। हम देष के प्रतिभाशाली कलाकारों के सहयोग से इस दिशा में कार्यरत हैं जिन्होंने अपनी अभिनय प्रतिभा को साबित किया है। इन्हीं के सहयोग से हम अपने दर्शकों को उनकी पसंद के गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत कर पाएंगे। इशारा में हमने हिंदी के हर वय के दर्शकों का ध्यान रखा है क्योंकि ये भारतीयों को जोड़ने वाले उस एक धागे को मान्यता प्रदान करता है जिसका नाम है भावना। हमारा पूरा भरोसा है कि आने वाले दिनों में ये चैनल अच्छी कहानियों के लिए आपका एक मित्र साबित हो।'

सुप्रिया पिलगांवकर अभिनीत जननी में हम एकल मां की मार्मिक कहानी को प्रस्तुत करेंगे जो एक निर्भर मां के जीवन के बाद आत्मनिर्भर और सफल महिला के रूप में सामने आती है। इस कहानी में हम महिलाओं के सशक्तीकरण, साहस तथा परिवर्तनषील होने का चित्रित करने जा रहे हैं। जननी में प्रसिद्ध टीवी कलाकार सुप्रिया पिलगांवकर तथा महेष ठाकुर लीड भूमिकाएं निभाते दिखाई देंगे।

जननी नामक शो में लीड भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सुप्रिया पिलगांवकर ने बताया, 'मेरे लिए इसे सही ढंग से प्रस्तुत करने के लिए कहानी से जुड़ना आवष्यक था। सविता के चरित्र में कई परतें हैं और जैसे जैसे कहानी आगे बढ़ती है उसके व्यक्तित्व के बारे में पूर्ण जानकारी होती जाती है। जब इस कहानी के लिए मुझसे संपर्क किया गया था तो मैंने तो शो का नाम सुनकर ही अपनी सहमति प्रदान कर दी थी। मेरे लिए ये यात्रा काफी रोचक रही है और इससे अधिक प्रसन्नता का विषय मेरे लिए दूसरा कोई और नहीं हो सकता था। मैं इससे अधिक प्रसन्न हो ही नहीं सकती थी।

जीवन में दूसरे चांस की कहानी 'मेहंदी है रचने वाली'

बड़े परदे पर आने से पहले ही टॉलिवुड अभिनेताओं की जोड़ी षिवांगी खेडकर तथा साई केतन राव ने कंप्यूटर साइंस विषय में इंजीनियरिंग करते समय ही अभिनय को अपना अंतिम लक्ष्य बना लिया था। इसके बाद से इस जोड़ी ने काफी मेहनत से काम किया है और अब वे स्टार प्लस चैनल के आने वाले शो 'मेंहदी है रचने वाली, के माध्यम से हिंदी टेलिविज़न उद्योग में पदार्पण करने के लिए तत्पर हैं। अपने नए शो में पल्लवी देषमुख तथा राघव राव के रूप में दुबारा से साथ जीने का प्रयास करते दिखाई देंगे।

शो में अपनी अब तक की यात्रा के बारे में बताते हुए अभिनेत्री शिवांगी खेडकर ने बताया, 'मेरे परिवार का मानना है कि षिक्षा हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और यही कारण था कि मैंने कंप्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग की। जब हम इंजीनियरिंग कर रहे थे मुझे लगा कि मैं कॅरियर में अभिनेत्री बनना चाहती हूं और यही कारण था कि मैंने अभिनय क्षेत्र में जाने का निर्णय किया। मेरे परिवार ने इसमें मेरा पूरा साथ दिया और भगवान की कृपा से तेलुगु फिल्म उद्योग में मुझे पहला अवसर भी मिल गया। हिंदी टेलीविजन इंडस्ट्री में शो 'मेंहदी है रचने वाली' के माध्यम से अब अपनी यात्रा का प्रारंभ कर मैं गर्व का अनुभव कर रही हूं।'

बहुमुखी प्रतिभा के धनी अभिनेता साई केतन राव ने इंजीनियरिंग से अभिनय के क्षेत्र में आकर जीवन को बदल देने वाले अपने अनुभव के बारे में बताते हुए कहा, 'मैं जितना अध्ययन करता था उतना ही मुझे ये भी पता था कि मुझमें कहीं न कहीं अभिनय प्रतिभा भी थी। जब मैं इंजीनियरिंग कर रहा था, अभिनय के प्रति मेरा रुझान भी बढ़ता गया और इसके बाद मुझे पता चल गया था कि जीवन में एक बार अभिनय की दिषा में एक प्रयास अवष्य करना है। हमारा ये प्रयास सफल रहा। मैंने टीवी और फिल्मों की दिषा में टॉलिवुड में तेलुगु भाषा में प्रयास प्रारंभ किया और फिर धीरे धीरे दूसरे क्षेत्र जुड़ते चले गए। मैं प्रयोग करने में विष्वास करता था क्योंकि भाषा मेरे लिए किसी प्रकार की समस्या नहीं थी। मुझे आषा और विष्वास है कि लोग मुझे मेरे इस शो में राघव राव के रूप में पसंद करेंगे।'

लोकप्रिय टीवी निर्माता संदीप सिकंद द्वारा निर्मित ये शो मध्य फरवरी से प्रारंभ हो चुका है। इस शो में लोकप्रिय अभिनेता'-अभिनेत्रियों में मिलिंद पाठक, अस्मिता खटखटे, रुतुजा सावंत, प्रियंका धवले, सैली सालुंके, हिमांषु बमज़ई, करन मनोचा, रागिनी शाह, तिलकराज जोषी, कृष्णा कौरव, सारिका राघवा प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

सोनी वाईएवाई ने अपने नये शो किकु बा के साथ बच्चों के लिये तैयार की एक और मजेदार एडवेंचर राइड

बच्चों का चर्चित एंटरटेनमेन्ट चौनल सोनी वाईएवाई बच्चों की मुलाकात एक दहाड़ती हुई पर्सनैलिटी वाले बेस्ट फ्रेंड किकु बा से करवाने वाला है। यह शो का प्रसारण प्रत्येक सोमवार-शुक्रवार रात 8.30 बजे किया जायेगा। बच्चे किकु बा द लॉयन के हैरतअंगेज कारनामों और मजेदार घटनाओं में उसके साथ शामिल हो सकेंगे। यह खुशमिजाज लायन दूराजा किकु बा अपने साथ बच्चों को राजसी जंगल की सैर पर लेकर जायेगा। जहां हर दिन उन्हें भागमभाग की दिलचस्प घटनाएं और मजेदार चुनौतियों को देखने का मौका मिलेगा। यह कहानी जंगल से शुरू होती है, हर हजार साल पर जंगल के सारे जानवरों को जंगल का अगला राजा चुनने के लिये राजा के खिलाफ खड़े होने का मौका मिलता है। लेकिन इस बार राजा को हराने की सारी जि मेदारी राजा किकु बा, द लायन के कंधों पर है। उसे सोना और आराम करना कुछ ज्यादा ही पसंद है। लेकिन क्या राज्य के शातिर जानवर, अपनी शैतानियों को छुपाने में कामयाब हो पायेंगे? किकु बा के पास अपने क्षेत्र की तरफसे पेश करने के लिये कौन-सा नया स्टीट है? इस ह ते सोनी वाई एं वाई पर किकु बाा के मजेदार करतब देखें। हो सकता है जाने-अनजाने में जंगल के शरारती जानवरों से निपटने का कोई रास्ता भी मिल जाये। चौनल ने इस साल की शुरुआत में भी बच्चों के लिये दो नये शोज की पेशकश की थी जोकि मजेदार एडवेंचर से भरपूर हैं। 'बैक्कॉम' और 'ऑस्किर अब बस कर' नाम के ये दो शो, बच्चों के लिये वाई एं वाई की कॉमेडी की दुनिया को और बढ़ाने का काम कर रहे हैं। वाई एं वाई की दुनिया में नये सदस्य किकु बा को शामिल होते हुए देखें। जिसका प्रसारण सोमवार से शुक्रवार रात 8.30 बजे पर सोनी वाई एं वाई पर किया जायेगा। मस्ती, जोश और हैरतअंगेज कारनामों से भरी दुनिया के बारे में और जानने के लिये बने रहिये, वाई एं वाई के बेहतरीन टून्स, के साथ। इसके साथ ही नये शो और आपके फेवरेट किरदारों की टेलीमूवीज़ भी आपका मनोरंजन करेंगी।

भारत में डिजिटल क्रांति आने से रोजगार परकता में लैंगिक अंतर सुधराः इंडिया स्किल रिपोर्ट 2021

व्हीबॉक्स द्वारा टैग्डए सीआईआईए एआईसीटीइए एआईयू और यूएनडीपी के साथ साझेदारी करते हुए पेश की गई इंडिया स्किल रिपोर्ट 2021 भारत में कोरोना काल आने के बाद कौशल की मांग और आपूर्ति पर आधारित रिपोर्ट है। इसके अनुसारए दिल्ली,एनसीआर, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में देश में सबसे ज्यादा रोजगार परक कौशल है। व्हीबॉक्स के संस्थापक और मु य कार्यकारी अधिकारी निर्मल सिंह ने कहा, श्श्आखिरकार भारत में डिजिटल क्रांति के साथ ही रोजगार परकता में लैंगिक अंतर में सुधार हो रहा है। हमने जो सबसे बड़ा संरचनात्मक बदलाव देखा है वह ये है कि महिलाओं की सहभागिता पिछले पांच सालों से ज्यादा है। कुल कर्मियों में महिलाओं का हिस्सा 36 प्रतिशत व पुरुषों का हिस्सा 64 प्रतिशत है। महिलाओं की सबसे ज्यादा हिस्सेदारी बैंकिंग और वित्तीय सेवा उद्योग में है। इस क्षेत्र में रोजगार परक प्रतिभाओं में महिलाएं 46 प्रतिशत तक हैं। यह ट्रेंड भविष्य के लिएए खासकर वर्क फ्रॉम होम की संभावनाओं को देखते हुए सबसे सकारात्मक ट्रेंड में से एक है।

एण्डटीवी के शोज़ में होने वाला है घमासान युद्ध और ढेर सारी मस्ती

एण्डटीवी पर प्रसारित हो रहे शोज़ के आगामी एपिसोड्स में दर्शकों को ढेर सारा ड्रामा देखने के लिये मिलेगा। भाबीजी घर पर हैं के मनमोहन तिवारी रोहिताश्व गौड़ अपनी प्यारी भाबी अनिता भाबी नेहा पेंडसे को लेकर बड़ी ही दुविधा में फंस गये हैं। अनिता भाबी उनके खिलाफ कोर्ट में केस लड़ रही है। ऐसे में मनमोहन तिवारी की किस्मत में हारना ही लिखा है! वहीं, राजेश, अपने पति हप्पू सिंह योगेश त्रिपाठी और बेनी विश्वनाथ चटर्जी के बीच दरार डालने की कोशिश कर रही है। इससे हप्पू की उलटन पलटन में मामला काफी पेचीदा हो गया है। गुड़िया हमारी सभी पे भारी में पप्पू मनमोहन तिवारी के गेस्ट हाऊस में ठहरने आया नया मेहमान एक जबरदस्त खबर के साथ आया है। यह मेहमान बताता है कि हवेली में सोने के सिक्कों से भरा एक घड़ा दबा हुआ है। इसके बाद शुरू होती है खजाने की खोज। संतोषी मां सुनाएं व्रत कथाएं में धीरे-धीरे चीजें सामान्य हो रही हैं, एक तरफ इंद्रेश आशीष कादियान वापस लौट आया है और स्वाति तन्वी डोगरा को न्याय मिलने वाला है। लेकिन क्या असुर रानी पॉलोमी सारा खान बिना लड़े हार मान लेगी। इस ट्रैक के बारे में नेहा पेंडसे यानी हमारी अनिता भाबी कहती हैं, यदि कोई महिला जोकि अनिता की तरह ही विभूति नारायण मिश्रा आसिफ शेख से अपनी बात मनवा सकती है तो वो है अंगूरी भाबी शुभांगी अत्रे। जब तिवारी जी, पंडित जी के कहने पर टिल्लू सैय्यद सलीम जैदी को परेशान करते हैं तो अनिता गुस्से में आकर उनके खिलाफ केस कर देती है। तब अंगूरी, विभूति से कहती हैं कि वह खुद अनिता के सामने तिवारीजी का केस लड़े। सारा माहौल बिगड़ जाता है। कामना पाठक उर्फ राजेश सिंह कहती हैं, बेनी और हप्पू की दोस्ती पक्की है! लेकिन राजेश उन दोनों को उकसाती है और दोनों के बीच बहुत ही बुरी तरह से झगड़ा शुरू हो जाता है। यह जोड़ी एक-दूसरे को जलाने की कोशिश करने लगती है और आखिरकार दोनों बात करने से मना कर देते हैं। इस डर के बीच, क्या राजेश और कमलेश संजय चौधरी दोनों जिगरी दोस्तों के बीच सुलह करा पायेंगी। समता सागर यानी सरला कहती हैं, गुप्ता परिवार को गुड़िया की हैरान कर देने वाली हरकतों की आदत पड़ चुकी है। इस बार वह इस घर के पुराने मालिक को अपने साथ लेकर आती है जोकि काफी समय पहले यह जगह छोड़ चुके हैं। वह बताते हैं कि उन्होंने इस घर में सोने के सिक्कों वाला एक बड़ासा घड़ा छुपा रखा है। खजाने के बारे में जानकार, सरला उसे ढूंढने का फैसला करती है। सारा खान उर्फअसुर रानी पॉलोमी कहती हैं, स्वाति ने हमेशा ही संतोषी मां ग्रेसी सिंह की मदद से अपनी लड़ाई लड़ी है। लेकिन क्या इस बार इंद्रेश उसकी मदद करेगा, जबकि उसके पिता सिंहासन सिंह सुशील सिन्हा ने उसे इमोशनली ब्लैकमेल किया है। असुर रानी पॉलोमी, संतोषी मां को जीतने नहीं देगी और यह कैसे होगा इसका पता आगे चल पायेगा, तो दर्शकों आप हमारे साथ बने रहिये!